# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 29 जून 2025


पीएम मोदी ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से बात की

# शुभांशु बोले- अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है, रोज 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं



## दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकंड बातचीत हुई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की।

पीएम ऑफिस ने शनिवार शाम 5.49 बजे इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकंड बातचीत हुई। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। शुभांशु ने कहा कि हां, साथियों के साथ बैठकर खाया।



## प्रधानमंत्री से पूरी बातचीत

- प्रधानमंत्री- आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। क्या वहां सब ठीक है? क्या आप ठीक हैं?
- शुभांशु- पीएम मोदी आपकी और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं यहां ठीक और सुरक्षित हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में आज का भारत अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई मौके देता है। मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।
- प्रधानमंत्री- आपको पृथ्वी माता की परिक्रमा का मौका मिला है, आप अभी कहां हैं?
- शुभांशु- हम 16 बार परिक्रमा करते हैं, 16 सनराइज और 16 सनसेट देखते हैं। 28 हजार किमी/घंटे की रफ्तार से चलते हैं। यह गति दिखाती है कि हमारा देश कितनी गति से आगे चल रहा है।
- प्रधानमंत्री- अंतरिक्ष की विशालता देखकर सबसे पहला ख्याल क्या आया?
- शुभांशु- पहला व्यू पृथ्वी का था। इसे देखकर पहला ख्याल ये आया कि पृथ्वी एक जैसी है। बाहर से सीमा रेखा, कोई बॉर्डर नहीं दिखता। भारत को देखा तो वो बहुत भव्य और बड़ा दिखता है। अनेकता में एकता दिखती है पृथ्वी की। पृथ्वी हमारा घर है और हम सब एक हैं।
- प्रधानमंत्री- आप वास्तविक स्थिति में हैं, वहां की परिस्थितियां कितनी अलग हैं?
- शुभांशु- जब पहली बार हम लोग ऑर्बिट में पहुंचे तो पहला व्यू पृथ्वी का था। जब अंतरिक्ष से भारत को देखा तो पता लगा कि जो हम मैप में जो अपने देश को देखते हैं, वो उतना नहीं है, लेकिन भारत सच में बहुत भव्य और बड़ा दिखता है। आपसे बात करते वक्त मैंने अपने पैर बांध रखे हैं क्योंकि यहां जीरो ग्रेविटी है, ऐसा नहीं करूंगा तो उड़ने लगूंगा। यहां सोना बहुत बड़ी चुनौती है।
- प्रधानमंत्री- क्या मेडिटेशन का लाभ मिलता है?
- शुभांशु- यहां माइंडफुलनेस का भी बहुत असर पड़ता है, क्योंकि लॉन्च के दौरान की स्थिति बहुत अलग होती है, लेकिन जब दिमाग को शांत रखते हैं तो बेहतर निर्णय ले सकते हैं। ऐसे चैलेंजिंग समय में ये सब बहुत फायदेमंद होता है। ये यात्रा अद्भुत रही, यहां पहुंचने के बाद मुझे लगता है कि ये मेरे देश के लिए बड़ा अचीवमेंट है मैं देश के बच्चों से कहूंगा कि आप अपना भविष्य बेहतर बनाइए। क्योंकि इससे न सिर्फ बच्चों का बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हमेशा एक बात मन में रखें कि स्काई इज नेवर द लिमिट। मेरे पीछे जो आप तिरंगा देख रहे हैं ये पहले नहीं था, मैंने कल ही इसे यहां लगाया है, ये मुझे बहुत भावुक करता है।

---

पुलिस ने करीब आठ लोगों से पूछताछ की

◆ 'कांटा लगा' गाने से बनी थी म्यूजिक इंडस्ट्री की सनसनी, ब्लड प्रेशर लो हुआ और पड़ गया दिल का दौरा

# स्लिम होने के लिए लेती थीं दवाएं 42 साल में शेफाली की हार्ट अटैक से मौत



◆ एक्ट्रेस जवान दिखने के लिए 6 साल से कोई खास ट्रीटमेंट करवा रही थीं। साथ ही पतला होने की दवा लेती थीं। जिसके चलते उन्हें स्पेशल डाइट और कई दवाइयों का सेवन करना पड़ता था

### शेफाली का मिर्गी का इलाज भी चल रहा था

उन्हें पास के बेल व्यू अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

पुलिस और फॉरेंसिक की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है



1 पहला विवाह



2 फिर तलाक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी से लेकर म्यूजिक एल्बम और फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की मौत ने हर किसी को शॉक्ड कर दिया है। 27 जून को शेफाली ने 42 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। शेफाली लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से भी जूझ रही थीं।

अब शेफाली की मौत के बाद उनके डॉक्टर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। डॉक्टर ने बताया है कि एक्ट्रेस जवान दिखने के लिए 6 साल कोई खास ट्रीटमेंट करवा रही थीं। साथ ही पतला होने की दवा लेती थीं। जिसके चलते उन्हें स्पेशल डाइट और कई दवाइयों का सेवन करना पड़ता था। इसी बीच पुलिस ने शेफाली जरीवाला के पति पराग त्यागी का बयान रिकॉर्ड किर लिया है। पराग त्यागी ने पुलिस को बताया है कि उनकी पत्नी का पहले से ही मिर्गी का इलाज चल रहा था इसके ⏩ शेष पेज 4 पर

## ग्वालियर की बहू थी शेफाली, बाद में तलाक लिया

ग्वालियर। शेफाली का ग्वालियर से ससुराल व बहू का नाता था। आज से 17 साल पहले ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वे ग्वालियर की बहू बनकर पंजाब मेल से अपने पति हरमीत सिंह व ससुराल वालों के साथ आईं थीं। वे ग्वालियर के प्रसिद्ध शराब कारोबारी गुलजार सिंह के मीत ब्रदर्स की जोड़ी के नाम से मशहूर हुए बेटों में से छोटे ब्रदर हरमीत की दुल्हन बनकर ग्वालियर आईं थीं। संगीतकार व सिंगर मीत ब्रदर्स उस समय आज की तरह मशहूर नहीं हुए थे और शेफाली स्टार बन चुकी थीं, और शायद वही बाद में उनकी बीच अलगाव का कारण रहा। गांधीनगर स्थित घर पर बाकायदा नई दुल्हन के स्वागत की रस्में हुईं। उसके बाद चाहे दीवाली पर घर में रंगोली सजाते या आतिशबाजी करते, मॉल में शापिंग करते या फिर होटल सेंट्रल पार्क में कांटा लगा सांग पर शहरवासियों के सामने मंच पर अपनी शोख अदाओं से जलवे बिखेरते हुए कई बार शेफाली को क्लिक किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सपरिवार एक म्यूजिक एलबम रिलीज़ करने के लिए उनके वसंत विहार स्थित कोठी पर पहुंचे थे। उसके बाद वो अचानक ग्वालियर छोड़ गईं। वापस आईं तो न्यायालय में अपने पिता के साथ फाइनल तलाक़ लेकर हीं निकलीं।



## घर पर पूजा खत्म होने के बाद से ही शेफाली की तबीयत बिगड़ने लगी थी

पराग त्यागी ने पुलिस को बताया है कि कपल ने गत 27 जून 2025 को अपने घर में सत्यनारायण की पूजा थी। दिनभर पूजा के चलते शेफाली काफी थक गई थीं। ऐसे में पूजा समाप्त होते ही वह अपने कमरे में जाकर सो गई थीं। इसके बाद वह शाम 6 बजे सोकर उठीं तो उनका बीपी काफी लो हो गया था। सोकर उठने के बाद से ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। ऐसे में शेफाली ने खुद ही सलाइन लिया लेकिन उनकी हालत और खराब होने लगी थी। उनका लो बीपी अचानक ही हाई होने लगा था। बीपी हाई होने के बाद शेफाली बेहोश हो गई थीं जिसके बाद मैं उन्हें पास के बेल व्यू अस्पताल ले गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सोसाइटी के वॉचमैन ने दिया बयान

### रात 1 बजे लगी थी मौत की जानकारी

शेफाली जरीवाला की सोसाइटी के वॉचमैन ने बीती रात की घटनाओं को लेकर बड़ा खुलासा किया है। वॉचमैन के मुताबिक रात करीब 10 बजे शेफाली की गाड़ी सोसाइटी से बाहर गई थी और उसी दौरान उसने गेट खोला था। इसके बाद वो उन्हें नहीं देख पाया। वॉचमैन का कहना है कि रात लगभग 1 बजे किसी व्यक्ति ने आकर उन्हें जानकारी दी कि शेफाली अब इस दुनिया में नहीं रहीं।

---

स्थान : कलचुरी रेसीडेंसी, समय : दोपहर 2 बजे से

## हरिभूमि-आईएनएच न्यूज चैनल की हेल्थ कॉन्क्लेव आयुष्मान भवः आज जबलपुर में

» डिप्टी सीएम शुक्ल व लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित कई हस्तियां लेंगी भाग

हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मोहन सरकार में स्वास्थ्य सुविधाओं के मजबूत विस्तार और उनकी और डेवलपमेंट की संभावनाओं पर रविवार को जबलपुर में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज चैनल 'हेल्थ कॉन्क्लेव 2025' आयोजित कर रहा है। यह आयोजन कलचुरी रेसीडेंसी होटल में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। इसमें जबलपुर की स्वास्थ्य क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी। वे जबलपुर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या और संभावनाएं हैं, इस पर भी विस्तार से चर्चा करेंगी। इस कॉन्क्लेव में डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल व लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह भी सरकार के रोडमैप पर चर्चा करेंगे। कॉन्क्लेव में जबलपुर ⏩ शेष पेज 4 पर

---

पथराव के आरोपी को गिरफ्तार किया

## राजधानी एक्स. पर शराब के नशे में फेंका था पत्थर

◆ मंडी बामौरा स्टेशन के पास सी-4 पर पथराव करने वाले अभी गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केएसआर बेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में पथराव करने वाले आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ रेल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, अभी भोपाल से दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस में मंडी बामौरा स्टेशन के पास सी-4 पर पथराव करने वाले अभी गिरफ्त से बाहर है। जिनकी धरपकड़ के लिए आरपीएफ टीम लगातार प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार केएसआर बेंगलुरु-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (22691) रानी कमलापति स्टेशन और भोपाल स्टेशन सेक्शन से गुजरने के दौरान बी-4 कोच पर पथराव कर दिया था। जिससे खिड़की का कांच टूटा और एक पत्थर खाने की प्लेट पर आकर गिर गया। भोपाल रेल मंडल के कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि पथराव की घटनाओं ⏩ शेष पेज 4 पर













लाइसेंस रिन्युवल को लेकर रिश्वत ली थी

## रिटायरमेंट से एक दिन पहले 50 हजार की रिश्वत लेते दबोचा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर


- कृषि विस्तार अधिकारी को लोकायुक्त ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया

लोकायुक्त पुलिस सागर ने कृषि उपज मंडी सागर में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कृषि विस्तार अधिकारी ने एक कृषि दवा व्यापारी के लाइसेंस रिन्युवल को लेकर रिश्वत ली थी। लोकायुक्त पुलिस के डीएसपी संजय जैन ने बताया कि फरियादी की गल्ला मंडी में कृषि दवाओं की दुकान है। व्यापारी सुनील कुमार जैन ने लोकायुक्त पुलिस सागर में शिकायत की थी कि कृषि विस्तार अधिकारी संतोष कुमार जैन पिता शिखरचंद जैन निवासी बाहुबली कॉलोनी सागर ने उसकी दुकान के लायसेंस के नवीनीकरण और मक्का की जांच रिपोर्ट उसके पक्ष में करने के एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। फरियादी ⏩ शेष पेज 4 पर



# ट्रेनों पर पथराव, ट्रैक पर ब्लैकस्पॉट चिन्हित करेगा रेलवे, रेलवे ट्रैक के आस-पास रहने वाले लोगों को जागरूक कर बनाया जाएगा ट्रैक मित्र

घटना रोकने आरपीएफ ने शुरू किया जागरूकता अभियान, सादा कपड़ों में जवान तैनात



**कपिलदेव श्रीवास्तव ⏭ भोपाल**

अलग खबर

शताब्दी एक्सप्रेस में पिछले कुछ दिनों से पथराव की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एक सप्ताह के भीतर पांच बार शताब्दी एक्सप्रेस पर असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया। हालांकि भोपाल रेल मंडल में सिर्फ एक ही घटना सामने आई है। इसके बाद आरपीएफ ने शताब्दी पर पथराव की घटना को काफी गंभीरता से लिया है। आरपीएफ की ओर से पथराव वाली घटनाओं (ट्रैक) वाले ब्लैक स्पॉट चिह्नित कर हादसे व पथराव की घटनाएं रोकी जाएंगी। इसके लिए आरपीएफ ने काम भी शुरू कर दिया है। अधिक से अधिक संख्या में पटरियों के आस-पास रहने वाले लोगों को ट्रैक मित्र बनाकर पटरियों की सुरक्षा को पुख्ता किया गया है। घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सादा कपड़ों में पेट्रोलिंग के लिए जवानों को तैनात किया गया है। साथ ही पटरी के आसपास की बस्तियों के रहवासियों के साथ ही बच्चों को टॉफी बांटकर समझाइश दी जा रही है। इस दौरान इसकी गंभीरता को समझाया जा रहा है।

## ट्रैक पेट्रोलिंग के साथ चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



भोपाल रेल मंडल के कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि पथराव की घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। ट्रैक पेट्रोलिंग सभी प्रभावित सेक्शन पर की जा रही है। इसमें जहां रानी कमलापति से भोपाल सेक्शन, निशातपुरा डी केबिन, सांची-विदिशा, मंडी बामोरा आउटर पर ट्रैक पेट्रोलिंग कराई जा रही है। इसके अलावा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। आरपीएफ टीम बस्तियों में जाकर लोगों को समझाइश दे रहे हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें। युवाओं को भी हिदायत दी जा रही है कि ट्रेन पर पत्थर फेंकने पर जेल हो सकती है, इसलिए यदि आप किसी को भी ऐसा कृत्य करते देखें तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे सकते हैं। तो वहीं स्कूलों के शुरू हुए है। टीम स्कूलों में जाकर भी बच्चों को जागरुक कर रही है। जिससे बच्चे ट्रेन में पत्थर न फेंके साथ ही पथराव करने वाले शरारती तत्वों के बारे में सूचना माता-पिता व शिक्षकों के माध्यम से आरपीएफ तक दे सकें।

## पुणे से लाए 100 किलो गेंदा, मोगरा, गुलाब, आर्किड के फूलों से सजाया गया रथ

# भोपाल में 27 फीट ऊंचे रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ, रूस के श्रद्धालुओं ने भी किए दर्शन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**



इस्कॉन भोपाल (पटेल नगर) द्वारा शनिवार को श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष की रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिसने समूचे नगर को भक्ति और प्रेम के रंग में रंग दिया। भगवान श्रीजगन्नाथ, बलदेव और माता सुभद्रा को भव्य रथ में विराजमान कर सांय 4 बजे भोपाल टॉकीज चौराहा से यात्रा प्रारंभ हुई। महापौर मालती राय ने दीप प्रज्जवलन एवं आरती कर रथयात्रा का शुभारंभ किया। पुणे से मंगाए गए 100 किलोग्राम फूलों (गेंदा, मोगरा, गुलाब, आर्किड आदि) फूलों से रथ का सजाया गया। रथ यात्रा की खास बात यह है कि इस बार यात्रा में शामिल होने के लिए रूस से भी श्रद्धालु आए हैं। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो हरे कृष्णा के जयकारों पर झूमते नजर आ रहे हैं। यात्रा हमीदिया रोड, भारत टॉकीज, रोशनपुरा, रंगमहल और न्यू मार्केट होते हुए माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा पर पहुंच रही है। समापन स्थल पर मंत्री कृष्णा गौर आरती में शामिल होंगी। इस दौरान जगह जगह पर भंडारों का आयोजन भी किया गया।

### पहली बार नंदिघोष शैली में दिखा भव्य रथ

इस बार रथ पुरी उड़ीसा के नंदी घोष रथ की तर्ज पर बनाया है। 27 फीट ऊंचा, 24 फीट लंबा और 17 फीट चौड़ा यह रथ लोहे के मजबूत फाउंडेशन पर खड़ा है, जबकि ढांचा सागौन की लकड़ी से निर्मित है। 2 टन लोहे और 50 घन फीट लकड़ी से बने इस रथ में छह फीट ऊंचे लकड़ी के विशाल पहिए लगाए गए हैं। इसकी ऊंचाई को हाइड्रोलिक लीवर से समायोजित किया जा सकता है। रथ की छत को सुंदर वास्तुशिल्पीय नक्काशी और रंगीन वस्त्रों से सजाया गया है। यह रथ पूरी तरह से हाइड्रोलिक है, जिसे आवश्यकता अनुसार ऊपर या नीचे किया जा सके।



### प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था

रथयात्रा के दौरान 500 किलो खाजा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। समापन स्थल पर देसी घी का हलवा प्रसाद 5000-7000 श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इसके अलावा संध्या आरती के बाद इस्कॉन मंदिर द्वारा तैयार महाप्रसाद में लगभग 5000 लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### पुष्टिमार्गीय सभी हवेलियों में रथयात्रा मनाई गई

प्रभु श्रीनाथजी को चंदन आंवला इत्र तेल से स्नान कराया गया। इसके बाद श्वेत वस्त्र पहनाए गए फिर प्रभु को मोती माणिक पन्ने से बने आभूषण से श्रृंगार किया गया। 125 वर्ष पुराने रथ का आदिवासन(पूजन) किया गया फिर प्रभु को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ में विराजमान किया गया । 16 खंबे व 8 पहिए के रथ पर सवार होकर भगवान जी ने रथ यात्रा के दौरान भक्तों को दर्शन दिए। इसके बाद प्रभु श्री नाथ जी की आरती एवं परिक्रमा की गई । इसके बाद कीर्तन गाया गया।



## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में संकायों के परीक्षा परिणाम घोषित



▸ मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करने, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए संस्थान को दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करने, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान को शुभकामनाएं दी हैं। राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में शनिवार को संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ महिपाल सिंह यादव, परीक्षा शाखा के सभी अधिकारियों एवं सभी विभाग अध्यक्षों की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### ऐसा रहा परीक्षा परिणाम

संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 87.72 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 94.79 प्रतिशत, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर का 90.83 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 97.61 प्रतिशत, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का 85.75 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 93.60 प्रतिशत, बीपीईएस द्वितीय सेमेस्टर का 100 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 66.66 प्रतिशत, बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का 90.69 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 100 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर का 94.42 प्रतिशत रहा है।
बीए द्वितीय सेमेस्टर में 383 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 146 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।
बीए चतुर्थ सेमेस्टर में 346 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 201 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।
बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में 382 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 114 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक रहा है। बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में 335 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 128 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।
बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में 400 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 165 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर में 250 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 155 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।

### पीजी में 34 छात्रों के 75फीसदी अंक

स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर में कुल 97 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 34 परीक्षार्थियों का प्राप्तांक 75 प्रतिशत या उससे अधिक है। ध्यान रहे कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के 8वें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम 18 जून को ही घोषित किए जा चुके हैं। संस्थान ने यह परीक्षा परिणाम पूर्व निर्धारित तिथियों से पहले ही जारी किए हैं।

## ब्रह्मोस के प्रतिरूप को लेकर आज रवाना होंगे अमरनाथ यात्रियों के दो जत्थे



**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के दो जत्थे रविवार को रवाना होंगे। पहले जत्थे में 21 भक्त, तो दूसरे 211 शिव भक्तों के साथ रवाना होगा। मंडल सदस्यों द्वारा भोपाल स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म के बाहर , हनुमान मंदिर के पास अमरनाथ जाने वाले यात्रियों की ढोल धमाके के साथ तिलक लगाकर विदाई दी जाएगी। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के दो जत्थे बाबा बफार्नी के लिए दर्शन के लिए रवाना होगा पहला 21 यात्रियों का जत्था अवध नारायण एवं शक्ति बघेल के नेतृत्व में सुबह 8:30 बजे हिमसागर एक्सप्रेस से रवाना होगा । तो वहीं दूसरा जत्था 211 शिव भक्तों का ब्रह्मोस के प्रतिरूप को लेकर मालवा एक्सप्रेस से रवाना होगा। बालटाल मार्ग के जत्थे का नेतृत्व मनीष पावसे द्वारा किया जाएगा एवं पहलगाम के जत्थे का नेतृत्व मुकेश रायकवार एवं अरुण तिवारी द्वारा किया जाएगा ।

## 876 बंधपत्रधारी स्नातकोत्तर चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी

***मंत्री शुक्ल बोले- कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें***

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में नियमित चिकित्सक भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता वृद्धि तथा स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में 876 बंधपत्रधारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिससे चिकित्सकीय संसाधनों को मजबूती मिलेगी।

### शुक्ल ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से की अपेक्षा

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनसाधारण को श्रेष्ठ और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके 876 बंधपत्रधारी चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। यह पदस्थापनाएं चिकित्सकों द्वारा स्नातकोत्तर प्रवेश के समय प्रस्तुत अनिवार्य सेवा बंधपत्र के अनुक्रम में की गई हैं।

## परियोजना समन्वयक के लिए अब देनी होगी परीक्षा, 31 जुलाई तक होंगे आवेदन

▸ 12 जिलों में रिक्त पड़े डीपीसी के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

प्रदेश के 12 जिलों में रिक्त पड़े जिला परियोजना समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके लिए आयु सीमा 1 जनवरी 2025 को 56 वर्ष तक निर्धारित की गई है। डीपीसी के लिए लिखित परीक्षा 20 अगस्त को आयोजित की जाएगी। वर्तमान में भोपाल डीपीसी का पद खाली है। उक्त पद पर डीईओ एनके अहिरवार को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह भोपाल समेत 12 जिलों में डीपीसी के पद खाली है। अब इन पदों को भरने तथा भविष्य में खाली होने वाले पदों को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है। जिला परियोजना समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर आने के इच्छुक स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्य हाईस्कूल, व्याख्याता एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा संवर्ग के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। इन अभ्यर्थियों का बीएड होना अनिवार्य है। आयु सीमा 1 जनवरी 2025 को 56 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। जिला परियोजना समन्वयक के पद पर पदस्थापना मप्र के किसी भी जिले में की जा सकती है। उपरोक्त अधिकारियों को अपना आवेदन पत्र राज्य शिक्षा केंद्र में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई रहेगी। इसी तिथि को आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। स्क्रूटनी उपरांत 20 अगस्त को लिखित परीक्षा होगी। सफल अभ्यार्थियों का साक्षात्कार 10 सितंबर से 12 सितंबर के बीच होगा।

## लैब टेक्नीशियन पदों की काउंसलिंग एक जुलाई से

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

राजधानी स्थित मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 (समूह-5) के तहत पद कोड-1 रेडियोग्राफर और पद कोड-2 लैब टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया के लिए काउंसलिंग 1 जुलाई से शुरू की जा रही है। परीक्षा में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को काउंसलिंग संबंधी सूचना मोबाइल नंबर एवं ई-मेल पते पर भेजी जाएगी। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

## नवीनीकरण आवेदनों पर दी गई स्वीकृति सीएमएचओ की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति बैठक आयोजित

***केन्द्रों की मॉनीटरिंग करने के दिए निर्देश***

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति बैठक शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एक्ट के प्रावधानों के कड़ाई से पालन करने, नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण आवेदनों पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई।

बैठक में समिति सदस्य डॉ. रणधीर सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय, फोग्सी एसोसिएशन सचिव डॉ. मुदिता जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति खरे, पैथोलॉजिस्ट डॉ. रश्मि सिंघई, अर्चना सहाय, आशीष त्यागी उपस्थित रहे।

इस दौरान 29 अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों के आवेदनों के नवीन पंजीयन, नवीनीकरण, एप्लिकेशन एडिट पर चर्चा कर समिति के अनुमोदन अनुसार कार्यवाही की गई। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्रावधानों के पालन के लिए सोनोग्राफी केंद्रों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

## रेलवे का खाना खाओ बीमारी घर ले जाओ, भोपाल रेलवे स्टेशन पर वेंडरों की लापरवाही

# स्वच्छता के नाम पर मजाक, कूड़ेदान के ऊपर काटी जा रही खाद्य सामग्री

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल**

एक तरफ जहां विगत दिनों कोरोना के मामले में देशभर में तेजी देखने को मिल रही थी। लोगों से जागरुक रहने व सावधानी रखने की सलाह दी जा रही थी। तो वहीं भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को संक्रमण दिया रहा है।

दरअसल शनिवार को भोपाल स्टेशन यात्रियों की सेहत से जुड़ी लापरवाही सामने आई है। प्लेटफार्म क्रमांक एक पर वेंडर न सिर्फ खुले में बल्कि कूड़ेदान जैसे गंदे स्थानों के पास खाद्य सामग्री तैयार कर रहे हैं। स्टेशन पर स्थित एचआर चोपड़ा एंड संस स्टाल का कर्मचारी प्याज काटने के लिए साफ जगह न मिलने पर कूड़ेदान के ऊपर ही सब्जियां काट रहा था। यही नहीं, कई वेंडर बिना किसी सुरक्षात्मक उपाय या ढंकने के खाने-पीने की चीजें बेच रहे हैं। इससे यात्रियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।



### स्वच्छता नियमों की उड़ रही धज्जियां

रेलवे प्रशासन द्वारा स्टालों को साफ-सुथरे और हाइजेनिक वातावरण में खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। यात्रियों के अनुसार, कई बार देखा गया है कि प्लेटफार्म के किनारे रखे कूड़ेदानों के ऊपर या बगल में खाद्य सामग्री रखकर उसे बेचा जाता है।

**स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़**

इस तरह की अनदेखी केवल स्वच्छता नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। रेलवे प्रशासन यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाता, तो किसी बड़ी स्वास्थ्य समस्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### क्या कहता है नियम

रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी खाद्य वस्तु को खुले में, गंदे स्थान पर या बिना स्वच्छता के नहीं बेचा जा सकता। स्टॉल संचालकों को सफाई और खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

### जरूरत सख्त कार्रवाई की

यात्रियों और जागरुक नागरिकों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों की नियमित जांच हो और जो स्टॉल संचालक स्वच्छता और सुरक्षा नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। ताकि सफर के दौरान उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सकें।



उद्योगपति गौतम अडाणी ने परिवार सहित प्रसादी तैयार की

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन था

# भगवान जगन्नाथ का रथ पहुंचा गुंडिचा मंदिर, वे नौ दिन तक रहेंगे मौसी के घर

*गुंडिचा मंदिर मुख्य मंदिर से 3 किमी की दूरी पर*

एजेंसी ▶▶| पुरी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन था।

आज फिर से भगवान जगन्नाथ को मौसी के घर ले जाने के लिए रथ खींचे गए। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक पहुंची। गुंडिचा मंदिर मुख्य मंदिर से 3 किमी की दूरी पर है।



गुंडिचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बालभद्र, देवी सुभद्रा नौ दिवसीय वार्षिक प्रवास की शुरुआत करेंगे। राज्य के कानून मंत्री समेत कई गणमान्य लोगों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचा। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं।

श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद के पधी ने बताया कि सभी अनुष्ठान, प्रथाएं सही समय पर पूरी हुईं। 28 जून को रथ यात्रा सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुई।

### 'जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ'

## दुनिया के सबसे बड़े रसोईघर में बनता है महाप्रभु का 'महाप्रसाद'



**"प्रसाद 500 रसोइए और करीब 300 सहयोगियों के द्वारा तैयार किया जाता है"**

यूं तो इस उत्सव की कई खासियत है, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान यहां महाप्रसाद खींचता है जिसे छप्पन भोग भी कहा जाता है। जिस जगह भगवान जगन्नाथ का महाप्रसाद तैयार किया जाता है, उसे दुनिया का सबसे बड़ा रसोईघर कहा जाता है, यह पुरी में स्थित है। इस उत्सव से महीनों पहले ही रसोईघर की साफ- सफाई का कार्य शुरू हो जाता है, ताकि प्रसाद की तैयारी साफ- सफाई के साथ की जाए। प्रसाद 500 रसोइए और करीब 300 सहयोगियों के द्वारा तैयार किया जाता है। यहां मुख्य

प्रसाद के रूप में भात का भोग लगाया जाता है, यह एक तरह की चावल की खिचड़ी होती है, जिसे ग्रहण कर भक्त कहते हैं- जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ। यानी कि भगवान जगन्नाथ को चढ़ाया हुआ भात भक्तों के लिए खास है। मान्यता है कि महाप्रसाद खाने से सभी पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे में प्रसाद को लेने के लिए भक्त लंबी कतारों में खड़े होकर कई घंटे इंतजार भी करते हैं। महाप्रसाद को खास मिट्टी के बर्तनों में तैयार किया जाता है। प्रसाद तैयार करने के लिए किसी भी तरह के धातु के बर्तन इस्तेमाल नहीं किए जाते हैं। सालों से यहां प्रसाद मिट्टी के बर्तनों में बनाने का चलन है। महाप्रसाद गैस पर नहीं, बल्कि लकड़ियों को जलाकर पकाया जाता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### खनन की निगरानी में ड्रोन का उपयोग महाराष्ट्र में



मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि खनन गतिविधियों की निगरानी और राजस्व बढ़ाने के लिए जल्द ही उन्नत ड्रोन तकनीक का उपयोग करेगी, जिसकी शुरुआत पुणे जिले में एक पायलट परियोजना से होगी। राज्य के राजस्व मंत्री ने कहा कि बजरी, रेत और पत्थर से राजस्व कम मिल रहा है।

#### सीबीडीटी के अध्यक्ष का कार्यकाल केंद्र ने बढ़ाया



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाकर जून 2026 तक कर दिया है। अग्रवाल 1988 बैच के आईआरएस के अधिकारी हैं और वह 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले थे।

### पृथ्वीपुर में लोक माता देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन में सीएम ने कहा

# बुंदेलखंड के हर खेत को पानी और हर हाथ को मिलेगा काम

**मुख्यमंत्री ने अछरु माता लोक के निर्माण के लिए 5 करोड़ की राशि देने की कि घोषणा**

*सीएम ने कहा कि दीपावली से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए दिए जाएंगे, और 2028 तक 3000 रुपए लाड़ली बहनों को दिए जाएंगे*



- *सिमरा से पृथ्वीपुर मार्ग का किया जाएगा दोहरीकरण, मुख्यमंत्री ने की घोषणा*
- *मातृशक्ति ने भारत का मान बढ़ाया, भारत अपने दुश्मनों को उनके घर ने घुसकर मारता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा भारत में बहन-बेटियों का सम्मान होता है। दुनिया में कहीं भी रक्षाबंधन नहीं मनाया जाता। 7 जन्मों तक भाई-बहन का प्रेम रहता है। इस प्रेम की किसी से तुलना नहीं हो सकती। इसलिए सरकार ने तय किया है कि लाड़ली बहनों के लिए रक्षाबंधन पर 250 रुपए बढ़ाए जाएंगे। दीपावली से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए दिए जाएंगे, और 2028 तक 3000 रुपए लाडली बहनों को दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में आयोजित लोक माता देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की मातृशक्ति भारत का मान बढ़ाया है।

देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन में शामिल होकर मैं अभीभूत हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में जन्माष्टमी का पर्व आने वाला है। हम जन्माष्टमी के पर्व पर माता यशोदा मैया को स्मरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा की आने वाला समय अब बुंदेलखंड का है। यहां के किसानों के खेतों तक समुचित पानी पहुंचेगा हर हाथ को कम मिलेगा इसके प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फसलों का उत्पादन ठीक प्रकार से हो। उनकी कीमत भी किसानों ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### 7 किमी से ज्यादा दूरी है तो ऐसे सभी बच्चों को साइकिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार 350 से ज्यादा संदीपनी विद्यालय प्रदेश में बना रही है। इसी जुलाई के महीने से जिन बच्चों के घर की स्कूल से 7 किमी से ज्यादा दूरी है, ऐसे सभी बच्चों को साइकिल देने का काम सरकार करने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को मप्र सरकार लैपटॉप उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आईटी सेक्टर को भी प्रोत्साहित कर रही है, ताकि मप्र प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार मिल सके।

#### कोई ताकत हमारी लाड़ली बहनों को धन देने से नहीं रोक सकती

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया की कोई ताकत हमारी लाड़ली बहनों को धन देने से नहीं रोक सकती। मप्र सरकार बहनों के विकास के मामले में कोई कसर बाकी रखने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट में काम करने आने वाली बहनों को प्रदेश सरकार 5000 रुपए महीना देगी यह सरकार का निर्णय है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश हमारे नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार नहीं कर सकता। भारत दुश्मनों से लड़ने के लिए अपनी सीमा का इंतजार नहीं करता। उनके घर में घुसकर मारने का काम करता है यह बदलते दौर का भारत है।

#### फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के प्रयास किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवाड़ी जिले में हल्दी,अदरक, लहसुन की खेती करते हैं। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट का अभाव है, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के प्रयास किए जाएंगे। निवाड़ी जिले में मछली उत्पादन करने वाले मछुवारों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा था- संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर और समाजवाद शब्द हटाए जाएं

# उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- जो शब्द जोड़े गए वे नासूर, सनातन की आत्मा का यह अपमान

- *भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ*
- *इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया। इसमें 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' जैसे शब्द जोड़ दिए गए*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द हटाए जाने को लेकर जो बहस शुरू की अब देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उसको और आगे बढ़ा दिया है, उपराष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर हैं। सनातन की आत्मा के साथ किया गया अपमान है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है, और क्यों? प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है। प्रस्तावना आधार है जिस पर पूरा संविधान टिका है। लेकिन, भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्द जोड़ दिए गए।

#### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर

धनखड़ ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय दौर था जब लोग जेलों में थे, मौलिक अधिकार निलंबित थे। उन लोगों के नाम पर 'हम भारत के लोग' जो खुद उस समय दासता में थे, क्या सिर्फ शब्दों का प्रदर्शन किया गया? इसे शब्दों से परे जाकर निंदा की जानी चाहिए। केसवानंद भारती बनाम केरल राज्य, 1973 के ऐतिहासिक फैसले में, 13 न्यायाधीशों की पीठ ने प्रस्तावना पर गहराई से चिंतन किया। न्यायमूर्ति ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खिवनी अभयारण्य में अतिक्रमण हटाने का विरोध

## आंदोलन से एक दिन पहले गिरते पानी में पहुंचे कलेक्टर व एसपी, 50 परिवारों को मिली मदद

- *सीएम डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं बनाएं कि कल्याणकारी योजनाएं पूर्ण हों*
- *मंत्री विजय शाह को मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया गया*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवास/खातेगांव

खिवनी अभयारण्य में वन विभाग द्वारा 23 जून को किए गए अतिक्रमण हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वन विभाग ने बताया कि 82 हैक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। ग्रामीणों को एक माह पहले नोटिस जारी किया था। इसके बाद अभयारण्य की जमीन पर बनी कच्ची झोपड़ियों और मकानों को तोड़ा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खिवनी अभयारण्य, सीहोर-देवास में वन विभाग द्वारा जनजातीय अंचल में की गई कार्रवाई का मामला संज्ञान में आया है। प्रशासन को ऐसी व्यवस्था बनाने के निर्देश दे दिए हैं, जिससे कल्याणकारी योजनाएं पूर्ण हों और संवेदनशीलता भी बनी रहे। मंत्री विजय ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### 6 माह का राशन और एक माह तक भोजन दिया जाएगा



इसे देखते हुए देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद और खातेगांव विधायक आशीष शर्मा बारिश के बावजूद मौके पर पहुंचे। प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कई घोषणाएं की गईं। करीब 50 परिवारों को 20-20 हजार रुपए और 6 माह का राशन और एक माह तक भोजन दिया जाएगा। आवास योजना से वंचित लोगों को योजना का लाभ मिलेगा। गांव में एक सड़क के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को पट्टा दिया जाएगा। साल 2005 से पहले के रिकॉर्ड के अनुसार पट्टे दिए जाएंगे। प्रत्येक पीड़ित परिवार को तत्काल 10-10 हजार रुपए के चेक दिए गए। कलेक्टर ने सभी मुद्दों की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। विधायक आशीष शर्मा ने बताया कि वे एक कार्यशाला के लिए बाहर थे। कार्रवाई की जानकारी मिली तो मन दुखी हुआ। क्षेत्र में आते ही अपनों के बीच उनका हाल जानने आ गए।


#### शिवराज बोले- सरकार की छवि बिगाड़ रहे अधिकारी

सीहोर में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान वन विभाग के अफसरों पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि ये अफसर सब गड़बड़, सड़बड़ करते हैं। वन विभाग के अधिकारी सरकार की छवि बिगड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मैं फॉरेस्ट डिपार्टमेंट वालों से कहता हूं कि गलती न करें, ये किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### रतलाम डीजल प्रकरण में पंप संचालक पर एफआईआर

## मप्र के सभी पेट्रोल पंपों की जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



राज्य शासन ने मप्र के सभी पेट्रोल पंप की गहन जांच कराने के निर्देश दिए हैं। रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराने को कहा है।

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में यह आवश्यक रूप से देखा जाएगा कि पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवता का डीजल और पेट्रोल प्रदाय करने की समस्त कार्रवाई करें। रतलाम में मुख्यमंत्री के कारकेट के कई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में निभाई थी अहम भूमिका

## आईपीएस अधिकारी पराग जैन होंगे नए रॉ प्रमुख, वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे

*सिन्हा का कार्यकाल 30 जून को खत्म*



■ पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा, 1 जुलाई को संभालेंगे पदभार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे। रवि सिन्हा का मौजूदा ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### कई ऑपरेशन संभाले हैं पराग ने

पंजाब में जब आतंकवादियों ने दहशत मचा रखी थी, पराग जैन ने तब बठिंडा, मानसा, होशियारपुर में ऑपरेशनल भूमिका निभाई। इससे पहले वे चंडीगढ़ के एसएसपी और लुधियाना के डीआईजी रह चुके हैं। उन्होंने रॉ में पाकिस्तान डेस्क संभाली है। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाए जाने और ऑपरेशन बालाकोट के दौरान जम्मू-कश्मीर में भी काम किया है। पराग जैन काफी विनम्र अधिकारी कहे जाते हैं। उन्होंने कनाडा और श्रीलंका में भारतीय प्रतिनिधि के तौर पर काम किया है। कनाडा में पोस्टिंग के दौरान उन्होंने वहां खालिस्तान समर्थकों को चुनौती दी थी और नई दिल्ली को बार-बार चेतावनी दी थी कि यह खतरनाक होता जा रहा है।

### प्रदेश में कई जगह तेज बारिश से बिगड़े हालात

**चित्रकूट की गोदावरी गुफा बंद, सतना में घरों में बारिश का पानी घुसा**

## आज बनेगा नया सिस्टम, दो दिन बाद भोपाल सहित कई जिलों में तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

रविवार को बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया बन रहा है। इससे भोपाल सहित सभी जिलों में मध्यम से तेज बारिश होगी। राजधानी में एक से 2 जुलाई के बीच एक दिन में 50 से 60 मिमी तक बारिश की उम्मीद है। रविवार को भिंड, मुरैना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

अगले दो दिन प्रदेश में बारिश की रफ्तार लगभग ऐसी ही रहेगी। इसके बाद धीरे धीरे बढ़ेगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर



लिली टॉकिज चौराहा, समय 4:30 बजे

#### पारा सामान्य से 11 डिग्री तक कम

शनिवार को अधिकांश जिलों में बारिश से दिन के तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री की कमी आई। इंदौर, दमोह, खजुराहो और सतना में पारा 5 से 6 डिग्री तक गिरकर सामान्य से औसतन 8 डिग्री तक कम रहा। नौगांव में 3 डिग्री की गिरावट के साथ 11 डिग्री तक कम दर्ज हुआ। दतिया, सतना, रीवा, खजुराहो, गुना में पारा सामान्य से 8 से 9 डिग्री तक कम रहा। भोपाल में 1.2 डिग्री गिरकर 28.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 5.3 डिग्री कम है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 28 डिग्री रहा।

#### आज यहां भारी बारिश का अलर्ट

रविवार को सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, उमरिया, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, मैहर में कहीं कहीं भारी से मध्यम बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच में गरज चमक के साथ बौछारें अथवा मध्यम बारिश, बौछारें पड़ेंगी। बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, श्योपुरकलां, शहडोल, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा में भी हल्की बारिश होगी।

**एक या दो तारीख से चुनाव प्रक्रिया संभावित**

# जुलाई के पहले सप्ताह में मिल सकता है भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष

## जल्दी ही चुनाव अधिकारी मप्र पहुंचकर अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी अब और तेज हो गई है। जल्दी ही चुनाव अधिकारी मप्र पहुंचकर अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराएंगे। संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने के पहले सप्ताह में मप्र को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए एक जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल होंगे। जबकि दो को कार्यसमिति की बैठक होगी। इसके बाद अध्यक्ष को चुन लिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पिछले छह महीने से बना असमंजस अब दूर होने जा रहा है। एक या दो जुलाई को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के संभावित चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान भोपाल आएंगे। प्रधान के भोपाल आने की तारीख अभी तय नहीं हैं। वह एक या दो जुलाई को भोपाल आएंगे।




**चुनाव का कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल घोषित होगा**

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का कार्यक्रम आधिकारिक तौर पर भाजपा के केन्द्रीय चुनाव अधिकारी करते हैं। चुनाव की तारीख एक दो दिनों में जारी हो जाएगा। चुनाव कार्यक्रम में उम्मीदवार के नामांकन दाखिल करने, स्कूटनी और नाम वापसी के साथ ही निर्वाचन की घोषणा का पूरा शेड्यूल घोषित होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव काफी देर से होने जा रहा है, किंतु अंदरखाने में प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कई नेताओं की दावेदारी सामने आ रही है। दावेदारों की भी लंबी फेहरिस्त चल रही है, किंतु जिस तरह से भाजपा में परपंरा रही है, ऐसे में कोई भी नेता खुलकर सामने नहीं आ रहा है। चुनाव अधिकारी की घोषणा के साथ ही चुनाव में यह साफ हो सकेगा कि किस नेता को हाईकमान मौका देती है। सूत्रों ने बताया कि दावेदारों की संख्या ज्यादा होने की स्थिति में इस बार भी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के प्रयास होंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए दलित या आदिवासी पर हो सकता है विचार

देश व प्रदेश में जिस ढंग से माहौल चल रहा है, ऐसे में भाजपा दलित या आदिवासी अध्यक्ष पर भी दांव आजमा सकती है। हालांकि यह भी देखने की कोशिश की जाएगी कि 2028 का आम चुनाव कराने में कौन सक्षम होगा। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा प्रदेश में जातिगत समीकरण किस तरफ जा रहे है। जहां तक दावेदारों की बात है तो आदिवासी नेताओं में खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, मंडला सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक कुंवर सिंह टेकाम और राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी अध्यक्ष के दावेदारों में शुमार हैं। दलित चेहरे के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, देवास सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नाम पर भी विचार मंथन चल रहा है।

### किसी नए नाम पर बन सकती है सहमति

*सूत्रों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों की रेस में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे ऊपर है। हेमंत के पिता दिवंगत सांसद व प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय खंडेलवाल का नाम पुराने नेताओं में शुमार था, किंतु उन्हें कोई अहम पद नहीं मिला था बताते हैं कि हेमंत खंडेलवाल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संघ की ओर से भी ग्रीन सिग्नल है। ऐसे में खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे हैं। दूसरी तरफ वीडी शर्मा की जगह भाजपा ब्राह्मण पर फिर से दांव लगाती है, तो पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रबल दावेदार हैं। नरोत्तम के अलावा वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव, अर्चना चिटनीस, विधायक और पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, सांसद आलोक शर्मा भी इस रेस में शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का नाम भी प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं।*

### इन समाज के नेताओं को भी नजरअंदाज करना मुश्किल

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इनके बाद किसी भी राजपूत नेता को कमान नहीं मिली। ऐसे में चुनावों में भाजपा को अपेक्षित परिणाम मिले। ऐसे में ठाकुर नेताओं की दावेदारी भी मजबूत है। पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह इस रेस में शामिल हैं।*

---

**खबर संक्षेप**

### जयस पार्टी के प्रदेश सचिव सहित जनप्रतिनिधियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के समक्ष शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ विधानसभा के जयस पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सरठिया, जनपद सदस्य नेमा सिंह मार्को, पूर्व जनपद सदस्य धनीराम सिंह मरावी, ग्रामसभा अध्यक्ष जगदीश सिंह धुर्वे, सरपंच महेन्द्र सिंह परस्ते, पूर्व पंच, सरपंच सहित 31 से अधिक जयस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

### पटवारी पर एफआईआर के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। वहीं सरकार के खिलाफ नारे लगाए। एनएसयूआई कार्यकर्ता कागज की तलवार लेकर प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़े तो पुलिस ने दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि जब-जब जीतू पटवारी शोषितों, दलितों, वंचितों के साथ खड़े होकर उनकी आवाज उठाते हैं, जब उनके साथ खड़े होते हैं, तब तब सरकार उनके विरोध में कार्रवाई करते हैं। इसी कारण कायरता पूर्ण रवैया दिखाते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है।

---

**दंदरौआ धाम में 44.50 करोड़ की लागत वाले विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन**

# भिंड के किसानों के लिए 2800 करोड़ रुपए से बनाई जाएगी रतनगढ़ माता बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबके कल्याण के लिए हमारी सरकार लगतार काम कर रही है। हमारी सरकार मिशन मोड पर इनके कल्याण के लिए प्रयासरत है। किसानों के खेत-खलिहान और घर द्वार में समृद्धि आए इसके लिए सरकार सभी प्रयास कर रहे है। खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल, पीएम किसान सम्मान निधि, मौसम की मार और कीट प्रकोप से सुरक्षा कवच देते हुए फसल योजना जैसी सुविधाओं के साथ अब हमारी सरकार किसानों को सोलर पम्प देने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ, यादव शनिवार को भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के दंदरौआ सरकार धाम परिसर में आयोजित किसान एवं रोजगार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इसी पावन धरती से प्रदेश के सभी किसानों के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के तहत रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तरीय सोलर पॉवर पंप पोर्टल लांच किया। इन सोलर पम्पों के लिए किसान अपनी जरूरत के अनुसार सौर ऊर्जा से बिजली पैदा कर अपने खेतों में सिंचाई कर सकेंगे। सोलर पंप के जरिए हम किसानों को बिजली आपूर्ति और बिजली बिल की चिंता से मुक्ति दिला देंगे।

### नगर परिषद बनाने की घोषणा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धारौली एवं अमायन ग्राम पंचायत को नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग से परीक्षण कराकर नगर परिषद बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहगांव में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और छोटे बच्चों के लिए अमृत-2 योजना से एक सुंदर चिल्ड्रन पार्क बनाया जाएगा। दंदरौआ सरकार धाम में दूर दराज से आने वाले श्रद्धाजुओं एवं भक्तों के लिए इस धाम तक सुगम आवागमन के लिए मौ से गोहद तक वर्तमान एकल मार्ग का चौड़ीकरण कराकर इसे टू लेन रोड बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दंदरौआ सरकार धाम से ही भिंड जिले के लिए 44.50 करोड़ से अधिक की लागत वाले करीब 50 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

### परीक्षण कराकर धारौली एवं अमायन को बनाएंगे नगर परिषद

**खास बातें**

- दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खुलेगा
- मेहगांव में युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और छोटे बच्चों के लिए अमृत 2 योजना से बनाया जाएगा चिल्ड्रन पार्क




### पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि राज्य सरकार ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने के लिए पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना की सौगात दी है। प्रदेश का सिंचाई रकबा अभी 55 लाख हेक्टेयर है, इसे आगामी वर्षों में 100 लाख हेक्टेयर तक बढाएंगे। प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए सोलर पंप योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 90 प्रतिशत अनुदान 5 हार्स पॉवर से लेकर 10 हार्स पॉवर तक के सोलर पंप दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को 5 हार्सपॉवर का सोलर पावर पंप मात्र 30 हजार रुपए में, 7.5 हार्स पॉवर का पंप 41 हजार रुपए में और 10 हार्स पॉवर को सोलर पावर पंप 58 हजार रुपए में मुहैया कराएगी।

**परियोजना की लागत करीब 2800 करोड़ रुपए होगी**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में भिंड जिले को कई सौगातें दीं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि भिंड जिले की पावन धरती दंदरौआ धाम में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक नर्सिंग कॉलेज और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोला जाएगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर भिंड जिले के किसानों के हित में रतनगढ़ माता बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना प्रारंभ करने को मंजूरी दी। परियोजना की लागत करीब 2800 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना से मेहगांव और गोहद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिलेगा।

---

**मुख्यमंत्री निवेशकों से करेंगे संवाद**

# सूरत में आज होगा 'मप्र में निवेश के अवसर' पर इंटरएक्टिव सेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 29 जून को गुजरात प्रांत के सूरत स्थित होटल मैरियट में आयोजित मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन में शामिल होंगे। यह आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद होगा। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाना, रोजगार के अवसर सृजित करना और निवेश को सुगम बनाना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य के औद्योगिक विकास का दीर्घकालिक दृष्टिकोण, अधोसंरचना विस्तार और निवेशकों के लिए बनाए गए भरोसेमंद वातावरण को रेखांकित करेंगे।

साथ ही उद्योगपतियों से वन-टू-वन मुलाकात करेंगे, जिसमें निवेश-विशेष साझेदारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इंटरएक्टिव सेशन का मुख्य फोकस उन सेक्टरों पर रहेगा, जिनमें मप्र की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त स्पष्ट रूप से सामने आती है। इसमें वस्त्र एवं परिधान, पेट्रोकेमिकल्स और रसायन, बल्क ड्रग्स, फार्मास्यूटिकल्स, जेम्स एंड ज्वेलरी, इंजीनियरिंग एवं संबद्ध निर्माण इकाइयां शामिल है। कार्यक्रम में मप्र की निवेश-उन्मुख परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की 18 नवीन सेक्टोरल नीतियों और औद्योगिक सहयोग के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी निवेशकों को दी जाएगी।

*"टैक्स्टाइल, पेट्रोकेमिकल्स, फार्मा और इंजीनियरिंग सेक्टर्स पर होगा फोकस*

### मप्र की रणनीतिक साझेदारी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण कदम

*औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम दक्षिण गुजरात के सशक्त औद्योगिक तंत्र से मप्र की रणनीतिक साझेदारी को सशक्त बनाने और राज्य को निवेश के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें प्रमुख उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ कॉर्पोरेट नेताओं और उद्योग संगठनों की भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम में साउथ गुजरात जोनल काउंसिल के चेयरमैन एवं प्रवीन लैबोरेट्रीज प्रालि के निदेशक हेतुल मेहता स्वागत भाषण देंगे। मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, अधोसंरचना और नीतिगत नवाचारों पर केंद्रित फिल्म 'इनफिनिट पॉसिबिलिटीज इन एमपी' का प्रदर्शन किया जाएगा।*

### उद्योगपतियों के अनुभव भी साझा किए जाएंगे

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह राज्य में उपलब्ध भूमि, हालिया औद्योगिक नीतियों और निवेश की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदमों पर एक विशेष प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर उन उद्योगपतियों के अनुभव भी साझा किए जाएंगे, जो पहले से ही मप्र में सफलतापूर्वक परिचालन कर रहे हैं। देश और विदेश के विभिन्न शहरों में सतत संवाद और केंद्रित प्रयासों के माध्यम से मप्र भारत में औद्योगिक निवेश के लिए एक अग्रणी गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति लगातार सुदृढ़ कर रहा है।

---

**डॉ. आंबेडकर धाम के द्वितीय चरण का कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ**

## बाबा साहेब के समाज हित में किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकताः मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज हित में जो कार्य किए हैं। उनका हम स्मरण करते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर में बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है।

इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को ग्वालियर के जौरासी में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का अवलोकन करते हुए यह बात कही।

### केंद्र एवं राज्य सरकार ने डॉ. अम्बेडकर को सदैव याद किया

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने डॉ. आंबेडकर ने समाज में किए गए कार्यों को सदैव याद किया है। ग्वालियर के जौरासी में भी डॉ. अम्बेडकर धाम का भव्य निर्माण किया जा रहा है। जौरासी में निर्मित आंबेडकर धाम में डिजिटल लाइब्रेरी, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि का निर्माण किया जा रहा है।*

### सीएम, केंद्रीय मंत्री, विस अध्यक्ष करेंगे भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निर्मित किए जा रहे बाबा साहेब आंबेडकर धाम के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। मेरे साथ केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह भूमिपूजन करेंगे।

**मुख्यमंत्री ने जौरासी में निर्मित आंबेडकर धाम का किया अवलोकन**

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

## झूठ फैलाकर समाज में विद्वेष फैलाना चाहते थे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जीतू पटवारी ने अपने बयान से चोर की दाढ़ी में तिनका को चरितार्थ कर दिया है।



पटवारी को यह याद रखना चाहिए कि प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की संवेदनशील सरकार है, जो हर मामले में तत्परतापूर्वक कार्रवाई करती है। फिर चाहे वो किसी निर्दोष के उत्पीड़न का मामला हो या झूठ फैलाकर मध्यप्रदेश का सामाजिक सौहार्द्र खराब करने का प्रयास हो। भाजपा की सरकार में अपराध किसी दबाव में दर्ज नहीं होता। कांग्रेस की आदत रही है दबाव में इस प्रकार प्रकरण दर्ज कराने की, इसलिए वे अनर्गल बयानबाजी करते हैं। भाजपा सरकार में कानून अपना कार्य करता है। जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे तथ्यों के आधार पर जिस तरह से समाज के वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास किया है, निश्चित रूप से इसके लिए उन्हें झूठ बोलने का गोल्ड मेडल दिया जाना चाहिए।

### पटवारी पर एफआईआर विपक्ष की आवाज को दबाने का राजनीतिक हथकंडाः कांग्रेस

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेस की। उन्होंने कहा कि यह एफआईआर विपक्ष की आवाज को दबाने का एक राजनीतिक हथकंडा है। पटवारी ने सिर्फ एक पीड़ित को न्याय दिलाने की कोशिश की थी, लेकिन सत्ता पक्ष ने उनके खिलाफ झूठा केस दर्ज करा दिया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने शुरूआत में अपनी आपबीती बयान की थी। जैसे उसे मल खिलाया गया, बंदूक तानी गई, मोटरसाइकिल छीनी गई। वही अब वही दबाव में बयान बदल रहा है।

---

**उज्जैन जोन की कानून व्यवस्था और अपराधों की समीक्षा की**

## उज्जैन में बोले डीजीपी : विभाग में जल्द होगी 8500 पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाना शनिवार को उज्जैन पहुंचे और कंट्रोल रूम में उन्होंने पुलिस अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अपराधिक मामलों की समीक्षा भी की। साथ ही नक्सली घटनाओं में हुई मध्यप्रदेश पुलिस की कार्रवाई को सबसे बेहतर बताया।

डीजीपी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विभाग में जल्द ही 8500 पदों पर भर्ती किए जाएगी, जिससे अमले की कमी दूर हो सकेगी। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में उन्होंने पुलिस द्वारा प्रभावी अंकुश लगाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पुलिस ने नक्सली मोर्चे पर बेहतर काम किया। अब तक 10 बड़े नक्सलियों को मार गिराया। नक्सलवाद खत्म करने की दिशा में पुलिस लगातार काम कर रही। उन्होंने उज्जैन में सिंहस्थ को लेकर तैयारियों का जायजा भी लिया।



### रेप के मामलों में इंटरनेट, मोबाइल को बताया जिम्मेदार

*प्रदेश में रेप के बढ़ते ग्राफ को लेकर मीडिया द्वारा किए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें कुछ हद तक इंटरनेट और मोबाइल जिम्मेदार है, क्योंकि इसमें लगातार अश्लीलता परोसी जा रही है। साथ ही समाज की नैतिकता में भी गिरावट आई है। बैठक के बाद डीजीपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में पौधरोपण भी किया। इस दौरान एडीजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा भी मौजूद रहे।*

---

**प्रदेश के किसानों को एक्सपोर्ट के लिए किया जा रहा है तैयार**

**मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से मिलेगी नई उड़ान**

# पेरिस और लंदन में महकेगा गुना का गुलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुलाबों की नगरी के रूप में नई पहचान बनाते जा रहे गुना के किसानों की मेहनत को मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से नई उड़ान मिलने जा रही है।

गुना के 20-25 किसान उद्यानिकी विभाग और एनबीसी के सहयोग से गुलाब की खेती कर गुलाबी नगरी जयपुर और देश की राजधानी दिल्ली में अपनी पहचान बना रहे हैं। गुना के गुलाब को लंदन और पेरिस तक पहुंचाने के प्रयास प्रारंभ हो गए हैं। जल्दी ही इसकी महक लंदन और पेरिस के बाजार में बिखरेगी।

### किसानों की आय को दोगुना करने का रखा लक्ष्य

राज्य शासन उद्यानिकी (फ्लोरी-कल्चर) के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में गुना के गुलाब को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए मप्र औद्योगिक विकास निगम एमपीआईडीसी भी आगे आ गया है। आगामी 16 जुलाई एमपीआईडीसी एक्सपर्टस की टीम गुना का भ्रमण करेगी। टीम में शामिल विशेषज्ञ किसानों को एक्सपोर्ट की संभावनाओं के साथ एक्सपोर्ट करने में आने वाली फॉर्मेलिटी के लिए तैयार करेंगे। एमपीआईडीसी किसानों का एक्सपोर्टर के साथ समन्वय स्थापित करने में भी सहयोग करेगा। इससे गुना का गुलाब पुणे और बेंगलुरु की तर्ज पर पेरिस, लंदन में अपनी खुशबू फैला सकेगा।



### 20 से 25 किसान कर रहे 25 एकड़ मे खेती

वर्तमान में गुना जिले में 20 से 25 किसान लगभग 25 एकड़ में गुलाब की खेती कर रहे हैं। एक आकलन के अनुसार एक एकड़ में, एक किसान, एक वर्ष में गुलाब की खेती से 10 से 12 लाख रुपया शुद्ध मुनाफा कमा लेता है। गुना जिले में किसानों में गुलाब उत्पादन के बढ़ते हुए उत्साह को देखते हुए उद्यानिकी विभाग द्वारा इस वर्ष 2025-26 में गुना जिले में 50 एकड़ में पॉलीहाउस तैयार कर 150 किसानों को गुलाब की खेती के लिए तैयार किया जाएगा। इसे 5 वर्षों में 500 एकड़ करने का रोडमेप तैयार किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा पॉलीहाउस में गुलाब की खेती की बारीकियां समझने के लिए गुलाब उत्पादकों के दल को महाराष्ट्र से पुणे और तलेगांव ले जाने का कार्यक्रम बनाया गया है।

## सुसाइड नोट में लिखा था...संदीप के कारण ही मैं दे रही हूं जान

प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने कर ली थी खुदकुशी, शादी का वादा कर किया था रेप

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले के आरोपी संदीप मालवीय को विशेष सत्र न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा- 376 (2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा- 5एल /6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पास से मिले सुसाइड नोट में शादी का वादा कर दुष्कर्म करने और प्रताड़ित करने का खुलासा हुआ था। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई थी।



### दोनों में फोन पर होती थी बातचीत

अभियोजन के अनुसार 22 मई 2019 को पुलिस थाना तलैया में हमीदिया अस्पताल से नाबालिग किशोरी की मौत की सूचना मिली थी। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता लगा कि किशोरी ने फांसी लगाकर सुसाइड किया है। मृतका की मां ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि उनके घर के ऊपर वाली फ्लोर पर संदीप मालवीय रहता है। किशोरी और संदीप के बीच दोस्ती थी और दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। संदीप उसे प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए उकसाता था। मृतका के कमरे से पुलिस ने तलाशी के दौरान सुसाइड नोट बरामद किया था। जिसमें लिखा था कि आरोपी संदीप ने मुझ से शादी का झूठा वादा कर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। अब शादी के लिए बोला तो कहने लगा कि मां और भाभी शादी करने के लिए तैयार नहीं हैं। संदीप के कारण ही मैं जान दे रही हूं। पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध भादंसं की धारा- 376 (2) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा- 5एल /6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद विवेचना अधिकारी ने विशेष न्यायालय में आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

## बुधनी में नौकरी दिलाने के बहाने नाबालिग से गैंगरेप: चार आरोपियों ने जबरन शराब पिलाई, नर्मदापुरम में छोड़कर भागे

*सीहोर। जिले के बुधनी में नौकरी दिलाने के बहाने एक नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपी युवक और उसके तीन दोस्तों ने उसे जबरन शराब पिलाई और फिर बारी-बारी से रेप किया। वारदात के बाद नर्मदापुरम में छोड़कर भाग गए। घटना गुरुवार की है। शुक्रवार को पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी करण कीर, धर्मेंद्र कीर, प्रदीप और प्रियांशु को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पीड़िता ने कहा-कम सैलरी पर*



*नौकरी छोड़ी थी : पीड़िता ने शिकायत में बताया कि मैं नर्मदापुरम में एक कटपीस दुकान पर काम करती थी। यहां मेरी पहचान करण कीर से हुई। करण ने उसका नंबर ले लिया था। इसके बाद हम दोनों में दोस्ती हो गई। दुकान पर कम सैलरी मिलने के कारण मैंने 18 जून को वहां से नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद मैं घर पर ही थी। 26 जून को करण ने उसे फोन कर दूसरी नौकरी दिलवाले की बात कहकर सीहोर बुला लिया। पीड़िता ने बताया कि जब मैं मिलने पहुंची तो आरोपी ने कहा कि उसके कपड़े खराब हो गए हैं। कमरे पर चलकर बदलने के बाद वहां से चलेंगे। इसके बाद मैं करण के साथ उसके कमरे पर चली गई। जहां करण ने मुझे जबरदस्ती शराब पिलाकर मेरे साथ रेप किया।*

### मुंह को कपड़े से बांधकर चारों ने किया दुष्कर्म

कमरे में करण के तीन अन्य दोस्त धर्मेंद्र कीर, प्रदीप कीर और प्रियांशु सराठे ने भी उसके मुंह को कपड़े से बांधकर बारी-बारी से रेप किया। बाद में धर्मेंद्र उसे नर्मदापुरम के चार नंबर गेट के पास छोड़कर चला गया। इसके बाद मैं किसी तरह वहां से निकलकर घर पहुंची और मां को पूरी घटना बताई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नर्मदापुरम निवासी चारों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप, अपहरण सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

ऐशबाग आरओबी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सख्त एक्शन

# 90 डिग्री मामले में दो एसई समेत 7 इंजीनियर सस्पेंड रिटायर्ड एसई पर जांच, डिजाइन एजेंसी ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देशभर में मजाक बने 90 डिग्री आरओबी की डिजाइन को लेकर शनिवार देर रात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़ा एक्शन लिया है। जिसके तहत पीडब्ल्यूडी विभाग के दो सीई सहित आठ इंजीनियर्स को सस्पेंड किया गया है। एक रिटायर एसई के खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी। इस प्रोजेक्ट में आरओबी का गलत डिजाइन प्रस्तुत करने पर निर्माण एजेंसी एवं डिजाइन कंसल्टेंट, दोनों को ब्लैक लिस्ट किया है। आरओबी में सुधार के लिए कमेटी बनाई गई है। जिसके बाद ही आरओबी का लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि इस प्रोजेक्ट में आरओबी का त्रुटिपूर्ण डिजाइन प्रस्तुत करने पर निर्माण एजेंसी एवं डिजाईन कंसल्टेंट, दोनों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) में आवश्यक सुधार के लिए एक कमेटी बनाई गई है। सुधार के बाद ही इस आरओबी का लोकार्पण किया जाएगा।

नई कमेटी तय करेगी डिजाइन, फिर होगा आरओबी का लोकार्पण



### इन अफसरों पर गिरी गाज

प्रभारी मुख्य अभियंता संजय खांडे यह वर्तमान में रीवा में पदस्थ हैं। प्रभारी अधीक्षण यंत्री एमपी सिंह रिटायर हो चुके हैं। प्रभारी कार्यपालन यंत्री शबाना रज्जाक, सहायक यंत्री शानुल सक्सेना, उपयंत्री उमाशंकर मिश्रा, एसडीओ रवि शुक्ला, प्रभारी कार्यपालन यंत्री जावेद शकील, प्रभारी मुख्य अभियंता सेतु जीपी वर्मा को सस्पेंड किया है।

**एनएचएआई ने की थी जांच**

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने एनएचएआई से जांच करवाई थी। अपनी रिपोर्ट में एनएचएआई ने 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया था। इस रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को मुख्यमंत्री ने इंजीनियर्स को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। प्रोपराइटर पुनीत चड्ढा की कंपनी मेसर्स डायनमिक कंसल्टेंट को ब्लैक लिस्टेड किया गया है। अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर लोक निर्माण विभाग के आठ इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### मजाक बने ब्रिज पर चल रहा क्रिकेट, राहगीर ले रहे सेल्फी

देशभर में सोशल मीडिया पर मजाक बना भोपाल का ऐशबाग आरओबी 90 डिग्री पुल अब बच्चों का खेल मैदान बन गया है। यहां रोजाना सुबह से देर शाम तक इलाके के बच्चे मैच खेलते नजर आ रहे हैं। वहीं सुर्खियां पाने के बाद बड़ी संख्या में लोग भी इस पर खड़े होकर सेल्फी ले रहे हैं। पीडब्ल्यूडी और रेलवे के बीच तालमेल की कमी की वजह से ऐशबाग आरओबी देशभर में मजाक बन गया है। अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोग इसको जमकर ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में इस आरओबी का उद्घाटन होना था, लेकिन इससे पहले ही इसकी खामियां सामने आ गईं और यह चर्चा का विषय बन गया। अब यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग भी इसकी सेल्फी ले रहे हैं।



**सोशल मीडिया पर बने मीम्स**

*भोपाल में बना यह रेलवे ओवरब्रिज को लेकर लोग सोशल मीडिया पर मीम्स बना रहे हैं। इस ब्रिज पर 90 डिग्री के एंगल से मोड़ दिया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यहां वाहन कैसे टर्न लेंगे। वाहनों के या तो ब्रिज की दीवारों से या फिर आपस में टकराने का खतरा बना रहेगा।*

*ब्लू फ्लेम भारत और बुक एंड कुक एचपी गैस एजेंसी में मिली गड़बड़ी*

रिफलिंग सेंटरों पर सप्लाई के इनपुट के बाद तीन एजेंसियों पर छापा

# गैस सिलेंडर की सप्लाई, दो एजेंसी के 493 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में अवैध गैस रिफलिंग सेंटरों पर छापे के बाद मिले इनपुट के आधार पर शनिवार को छुट्टी वाले दिन खाद्य विभाग के अमले ने रंगमहल चौराहा स्थित बुक एंड कुक एचपी, ब्लू फ्लेम भार और आरके इंडेन गैस एजेंसी पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने बुक एंड कुक और ब्लू फ्लेम से 493 सिलेंडर जब्त किए हैं। जबकि आरके गैस भारत एजेंसी के गोदाम में स्टॉक की गड़बड़ी मिली है। इस एजेंसी के संचालक आरके गुप्ता की लंबे समय से शिकायतें मिली रही थीं, जिसके बाद जांच की गई है। शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस रिफलिंग कर कमर्शियल सिलेंडरों में गैस भरकर बेचा जा रहा है। इस काम में लगे लोग मोटी रकम कमा रहे हैं, इसके साथ गैस एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं के घर सिलेंडर पहुंचाने की जगह उन्हें न्यू मार्केट स्थित दशहरा मैदान में गैस सिलेंडर का वाहन खड़ा कर दे रहे हैं। जिसको लेकर टीम ने मौके से 493 घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए हैं।




### बुक एंड कुक का मिनी ट्रक जब्त

*कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वसुंधरा पेंड्रो ने बताया कि दशहरा मैदान पर बुक एंड कुक एचपी गैस एजेंसी का मिनी ट्रक मिला था, जहां कर्मचारी द्वारा उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जा रहे थे। असुरक्षित तरीके से सिलेंडर बांटने और होम डिलीवरी नहीं करने को लेकर मौके से ट्रक सहित 336 सिलेंडर जब्त किए हैं, जिसमें 15 कमर्शियल सिलेंडर शामिल हैं।*

### ब्लू फ्लेम के तीन वाहन, 157 सिलेंडर जब्त

*सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव की टीम ने दशहरा मैदान से दो मिनी ट्रक और एक लोडिंग ऑटो जब्त किया है। यहां से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की जगह खुले में ही सिलेंडर दिए जा रहे थे। जिससे तीनों वाहन सहित 157 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।*

### आरके एजेंसी के गोदाम में हेरफेर

*छापे के दौरान एक टीम रंगमहल टॉकीज के पास आरके इंडेन गैस एजेंसी प्के गोदाम पहुंची, जहां सिलेंडर के स्टॉक में हेरफेर मिला है। बताया जाता है कि इस एजेंसी के संचालक आरके गुप्ता द्वारा सिलेंडरों की कालाबाजारी करने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।*

सेवामुक्त करने आदेश जारी किए

# सार्थक एप पर छेड़छाड़ के चलते 6 अतिथि विद्वान सेवामुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग ने विदिशा जिले के गंजबासौदा स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आमंत्रित 6 अतिथि विद्वानों को, सार्थक एप पर छेड़खानी कर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया है। यह अतिथि विद्वान संस्था में न होकर, अन्यत्र स्थान से अमर्यादित रूप से सार्थक ऐप पर उपस्थिति लगाते हुए पाए गए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने अतिथि विद्वानों द्वारा शैक्षणिक परिवेश को दूषित करने को गंभीरतापूर्वक लेकर, विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने इन अतिथि विद्वानों के आमंत्रण को तत्काल निरस्त करने के निर्देश जारी किए हैं। फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले इन अतिथि विद्वानों में प्रकाश चंद मौर्य, हेमंत कुमार अहिरवार, हेमंत कुमार सक्सेना, सूर्यकांत शर्मा, डॉ. सरताज मंजू पर्रे एवं संजय कुमार राय का नाम शामिल है।

# अर्बन तड़का, एवरग्रीन रेस्टोरेंट पर परोसी जा रही थी शराब

*वाहन से तस्करी करने वाले से पकड़ी 54 लीटर देसी शराब*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी विभाग द्वारा मिसरोद के अर्बन तड़का रेस्टोरेंट और बैरागढ़ के एवरग्रीन रेस्टोरेंट पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध देसी शराब और वाहन जब्त किए हैं। इसके साथ शराब पीने के मामले में रेस्टॉरेंट, ढाबे और होटलों में मिले लोगों पर बीस केस दर्ज किए हैं।

आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि शनिवार को दो टीमों ने अलग-अलग जगहों पर छापा मारकर कार्रवाई की है। जिसके तहत शराब सहित वाहन जब्त किए गए हैं। एक टीम मिसरोद स्थित अर्बन तड़का रेस्टोरेंट और दूसरी बैरागढ़ स्थित एवरग्रीन रेस्टोरेंट पहुंची, जहां शराब के जाम छलकाए जा रहे थे, टीम ने दोनों जगहों पर बीस लोगों पर केस बनाए हैं।

### *टीम ने रेस्टोरेंट, होटल में शराब पीने के 20 मामले बनाए*



**बिना नंबर के वाहन से तस्करी**

पिपलिया धाकड़ गांव से आरोपी विशाल बाथम पिता हुकुम बाथम और विशाल सूर्यवंशी पिता गणेश सूर्यवंशी के कब्जे से 54 लीटर अवैध देसी शराब जब्त की है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर का डियो दो पहिया वाहन बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत अस्सी हजार रुपए आंकी गई है।

संचालकों की मनमानी नहीं हो रही दूर

# गोदाम से सिलेंडर लेने को मजबूर उपभोक्ता, नहीं मिल रही रिबेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी में देरी करने की वजह से प्रत्येक माह एक लाख से अधिक उपभोक्ता गैस एजेंसियों के गोदामों से सिलेंडर ले रहे हैं। जबकि गैस एजेंसी संचालक उन्हें 29.26 पैसे की रिबेट नहीं दे रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को गोदाम से सिलेंडर लेना महंगा पड़ रहा है।

बताया जाता है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग करने के तीन दिन तक सिलेंडर की डिलेवरी नहीं की जाती है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को गोदाम पर जाकर सिलेंडर लेना पड़ता है। राजधानी में करीब आठ लाख घरेलू गैस कनेक्शन हैं। गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी पर एक सिलेंडर पर 29.26 रुपए और पांच किलो सीएनजी पर 14.63 रुपए रिबेट मिलती है।

### 29.26 रुपए रिबेट पाना उपभोक्ताओं का अधिकार

गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार राजधानी में रोजाना 10 हजार घरेलू और एक हजार कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई होती है। रोजाना साठ से सत्तर फीसदी सिलेंडर की ही होम डिलेवरी हो पाती है। बाकी सिलेंडर खुले में गाड़ी से दिए जाते हैं या डायरेक्ट गोदाम से सिलेंडर लिए जा रहे हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलवरी नहीं हो रही और उपभोक्ता को गैस गोदाम से सिलेंडर लेने जाना पड़ रहा है तो वह रिबेट के 29.26 रुपए देना उनका अधिकार है।

# राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ निगम का चल रहा बुलडोजर, हट रहे कब्जे

एनजीटी के आदेश पर निगम का एक्शन,दो जगहों से तोड़े मकान-छप्पर

## *ग्रीन बेल्ट एरिया के दो दर्जन मकानों को तोड़ा, आज भी चलेगी कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्रीन बेल्ट एरिया में हुए कब्जे कर निर्माण करने वालों के खिलाफ शनिवार से कार्रवाई शुरू हो गई है। निगम अमले ने दो जगहों से करीब 25 निर्माणों को तोड़ दिया। दरअसल, एनजीटी ने शहर के अलग-अलग इलाकों के ग्रीन बेल्ट में हुए अतिक्रमणों को तोड़ने के आदेश दिए हैं। रविवार और सोमवार को भी निगम का बुलडोजर चलेगा, जिसके लिए कब्जों को चिन्हित कर लिया गया है। शहर के अगल-अलग इलाकों के ग्रीन बेल्ट एरिया में लगभग 692 से अधिक अतिक्रमण हैं। जिन्हें हटाने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल बोर्ड ने निर्देश दिए थे। शनिवार को निगम अमले ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर मैनिट के सामने और मनीषा मार्केट एरिया के कब्जों को हटाया।

**तीन दिन में तोड़े जाएंगे ग्रीन बेल्ट के 692 अतिक्रमण**



### *मैनिट के सामने से हटाईं झुग्गियां*

*निगम के अतिक्रमण प्रभारी शैलेन्द्र भदौरिया ने बताया कि मैनिट चौराहा से हर्षवर्धन नगर तक लगभग 23 अतिक्रमणों को हटाया गया है। यह सभी झुग्गी और शेड के रूप में थे। ज्यादातर झुग्गीवासियों ने ग्रीन बेल्ट के अंदर से सड़क तक अतिक्रमण कर रखा था। वहीं दूसरी कार्रवाई शाहपुरा इलाके के मनीषा मार्केट में एक पक्के निर्माण को जेसीबी की मदद से तोड़ा।*

भूमाफिया सरकारी जमीन पर कब्जे कर अवैध निर्माण से लेकर प्लॉटिंग कर रहे

## *दो करोड़ की सरकारी जमीन पर कब्जा, बाउंड्री, निर्माण तोड़े*

शहर में भूमाफिया सरकारी जमीन पर कब्जे कर अवैध निर्माण से लेकर प्लाटिंग कर रहे हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अमले ने शनिवार से कार्रवाई शुरू कर दी। इसी के तहत हुजूर तहसील में भानपुर केकड़िया, चांदपुर सहित अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए भूमाफिया के कब्जे से करीब दो करोड़ रुपए की सरकारी जमीन मुक्त कराई है। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल ने भानपुर केकड़िया स्थित दो एकड़ सरकारी जमीन से सोहेल अली द्वारा अवैध रूप से तार फेंसिंग की गई थी, जिसे मौके पर हटाया गया।



### *जमीन पर की गई अवैध तार फेंसिंग*

*इसी गांव में बाहर के लोगों द्वारा अवैध निर्माण, सेग्रीगेशन सेंटर पर अवैध अतिक्रमण और चांद मियां द्वारा गांव की सरकारी जमीन पर अवैध तार फेंसिंग की गई थी। जिसे हटाया गया है। वहीं ग्राम समसगढ़ में मस्जिद के नीचे स्थित सरकारी जमीन पर स्टोर रूम बनाया गया था, जिसे भी तोड़ने की कार्रवाई की गई है। चांदपुर में करीब तीन हेक्टेयर भूमि पर पसरे अतिक्रमण को हटाया गया है।*

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने मांगी रिपोर्ट**

# अब आईआईटी मद्रास में इंटर्न के यौन उत्पीड़न का मामला, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



■ संदिग्ध की पहचान महाराष्ट्र निवासी रोशन कुमार के रूप में हुई

आईआईटी मद्रास में एक 20 वर्षीय महिला प्रशिक्षु के साथ 25 जून की रात को कथित यौन उत्पीड़न हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया 22 वर्षीय युवक संस्थान के फूड कोर्ट में कार्यरत था। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए तमिलनाडु पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। अपराध का स्वतः संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने तमिलनाडु के डीजीपी को पत्र लिखकर बीएनएस, 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत निष्पक्ष और समयबद्ध जांच का आह्वान किया। कोट्टूरपुरम पुलिस के अनुसार डंडा पकड़े हुए व्यक्ति उसके पास गया और उसके बाल खींचने लगा। इंटर्न ने तुरंत शोर मचाया। कैंपस में मौजूद सुरक्षाकर्मी उसे बचाने के लिए दौड़े। बाद में पुलिस ने संदिग्ध की पहचान महाराष्ट्र के मूल निवासी रोशन कुमार के रूप में की, जो आईआईटी (एम) के एक फ़ूड कोर्ट में काम करता था। उसे 26 जून को गिरफ्तार कर लिया गया और रिमांड पर लिया गया। आगे की जांच जारी है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि लड़की ने शोर मचाया और अपराधी को संस्थान के सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया और स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। आईआईटी (एम) में यौन उत्पीड़न के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति है और हम सभी को एक सुरक्षित परिसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पद्मश्री सम्मानित कर्तिक महाराज ने नौकरी का झांसा देकर किया रेप!

## महिला ने दर्ज कराई एफआईआर जांच में जुटी पुलिस



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भारत सेवाश्रम संघ से जुड़े पद्मश्री सम्मानित कर्तिक महाराज पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि महाराज ने नौकरी का झांसा देकर पहले उसे ठगा और फिर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस मामले में मुर्शिदाबाद जिले के नबग्राम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। शिकायतकर्ता महिला ने अपनी पहचान गुप्त रखते हुए मीडिया से बात की और बताया कि वर्ष 2013 में कर्तिक महाराज उसे मुर्शिदाबाद स्थित एक आश्रम में कार्तिक महाराज ने उसे मानसिक दबाव डालकर और भय दिखाकर संबंध बनाने को मजबूर किया।

### कर्तिक महाराज का आरोपों से इंकार

आरोपी कर्तिक महाराज भारत सेवाश्रम संघ के बेलडांगा स्थित मठ से जुड़े हैं। उन्होंने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि वे एक संन्यासी हैं और संन्यास के मार्ग में इस तरह की अड़चनें आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि वह न्यायपालिका का सम्मान करते हैं और उनका कानूनी पक्ष उनके वकील कोर्ट में पेश करेंगे।

**धरती से 400 किमी. दूर ऊपर की तरफ लोअर अर्थ ऑर्बिट में है आईएसएस**

# आईएसएस पर 45 मिनट में हो जाता है दिन और रात

## आइए जानते हैं फिर नींद कैसे पूरी करते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इतिहास रचते हुए अंतरिक्ष का सफर करने वाले भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। वहां पर पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने उनकी स्वागत किया। शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय हैं, जो कि आईएसएस में पहुंचे हैं। उन्होंने अंतरिक्ष में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय का खिताब भी हासिल किया है। पहला खिताब राकेश शर्मा के नाम है। अंतरिक्ष की बात करें तो वहां पहुंचने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों का सारा शेड्यूल बदल जाता है और वे वहीं के हिसाब से काम करते हैं।

आईएसएस धरती से 400 किमी. दूर ऊपर की तरफ लोअर अर्थ ऑर्बिट में है। यह एक विशाल वैज्ञानिक लैब है, जहां पर अंतरिक्ष यात्री रिसर्च करते हैं। चलिए जानें कि अंतरिक्ष में एस्ट्रोनॉट्स अपना काम और नींद कैसे पूरी करते हैं।

### कैसे नींद पूरी करते हैं एस्ट्रोनॉट्स

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को अमेरिका, कनाडा, रूस, जापान और यूरोप ने मिलकर बनाया है। इसकी रफ्तार 28,000 किमी./घंटा है। यह हर 90 मिनट में धरती का एक चक्कर पूरा कर लेता है और यहां पर हर 45 मिनट में अंतरिक्ष यात्रियों को दिन-रात देखने को मिलते हैं। यहां से दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त दिखाई देता है। यह हिसाब धरती के 24 घंटे से बिल्कुल अलग है। यहां पर समय कार्डिनेटेड यूनिवर्स टाइम ( यूटीसी) के अनुसार चलता है। यहां अंतरिक्ष यात्री 24 घंटे के हिसाब से शेड्यूल को फॉलो करते हैं। बाहर भले ही दिन-रात बदलता रहता है, लेकिन स्पेस स्टेशन पर सुबह 6 बजे दिन शुरू हो जाता है और यही शेड्यूस काम और आराम को बैलेंस करता है।

**खाने-पीने और मनोरंजन का जुगाड़ :** खाने-पीने की बात करें तो एस्ट्रोनॉट्स का खाना फ्रीज-ड्राइड और वैक्यूम पैक्ड होता है। इसमें चावल, फ्रूट्स जैसी चीजें होती हैं। खाने को गर्म करने के लिए वहां पर छोटे ओवन होते हैं और पानी रिसाइकिल होता है। दिन में 16 बार सूर्योदय और सूर्यास्त सुनने में भले ही बहुत अच्छा लगता हो, लेकिन यह बहुत थका देने वाला होता है। इसके लिए एस्ट्रोनॉट्स किताबें पढ़ते, म्यूजिक सुनते और धरती की तस्वीरें लेते हैं।

इसके अलावा वे ग्राउंड कंट्रोल से फैमिली कॉल्स भी करते हैं। इससे मिशन के दौरान उनका तनाव कम होता है।

### किस अनुसार फिक्स करते हैं काम और सोने का समय

अंतरिक्ष यात्री दिन में 8-10 घंटे काम करते हैं, इस दौरान एक्सपेरिमेंट्स के अलावा मेंटेनेंस और एक्सरसाइज शामिल हैं। हर दिन का टास्क ग्राउंड कंट्रोल को भेज दिया जाता है। हर दिन दो घंटे की एक्सरसाइज अनिवार्य रूप से की जाती है, ताकि मसल्स कमजोर न पड़ें. बाकी का समय मीटिंग्स और चर्चा में बीत जाता है। एक्ट्रोनॉट्स अपनी नींद 8 घंटे में पूरी करते हैं। इसके लिए वे स्लीपिंग बैग्स का इस्तेमाल करते हैं, जो कि दीवारों पर टंगे होते हैं। वहां पर जीरो ग्रैविटी में बेड नहीं होते हैं। इसके अलावा खिड़कियों पर शेड्स लगा दिए जाते हैं, ताकि जब सूर्योदय हो तो उसकी रोशनी आंखों पर असर न डाले। नींद का समय यूटीसी के अनुसार ही फिक्स होता है।

## जैकेट का शेष....

### स्लिम होने के लिए...

अलावा वह स्किन का ट्रीटमेंट भी करवा रही थीं। हालांकि, डॉक्टर ने दावा किया की इन दोनों दवाइयों का हार्ट से कोई कनेक्शन नहीं है। पर ये दवाइयां सिस्टम पर तो असर करती हैं। पुलिस और फॉरेंसिक की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

### हरिभूमि-आईएनएच...

सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर अन्नू और कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया भी स्वास्थ्य सुविधाओं पर अपना मंतव्य रखेंगे। कॉन्क्लेव में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी इन सभी प्रतिष्ठित जनों से सार्थक संवाद करेंगे।

### राजधानी एक्सप्रेस...

के बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। ट्रैक पेट्रोलिंग सभी प्रभावित सेक्शन पर की जा रही है। इसमें जहां रानी कमलापति से भोपाल सेक्शन, निशातपुरा डी केबिन, सांची-विदिशा, मंडी बामोरा आउटर पर ट्रैक पेट्रोलिंग कराई जा रही है। इसके साथ ही मुखबिरों की मदद ली जा रही थी। इस दौरान सूचना मिली की शराब के नशे में बालाघाट निवासी आरोपी निशांत नागेन्द्र ने पथराव किया था। जिसको गिरफ्तार कर रेल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### रिटायरमेंट से एक....

10 हजार रुपए पहले दे चुका था। लोकायुक्त पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद टीम ने गल्ला मंडी में फरियादी सुनील जैन की दुकान पर अधिकारी संतोष जैन को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि रिश्वतखोर अधिकारी का एक दिन बाद रिटायरमेंट था।

## पेज एक का शेष....

### बुंदेलखंड के हर...

को ठीक प्रकार से मिले इसके समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार देश में सबसे ज्यादा 2600 रुपए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रही है। उन्होंने बुंदेलखंड की अछरु माता मंदिर के लोक निर्माण के लिए लगभग 5 करोड़ की राशि देने की मै घोषणा की। इसी प्रकार सिमरा से पृथ्वीपुर मार्ग के दोहरीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने लगभग 25 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की।

### फूड प्रोसेसिंग यूनिट....

प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम को केंद्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया।

### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र...

एचआर खन्ना ने कहा कि प्रस्तावना संविधान की व्याख्या के लिए एक मार्गदर्शक का कार्य करती है और यह दर्शाती है कि संविधान की सत्ता का स्त्रोत कौन है अर्थात भारत की जनता। हमें आत्मचिंतन करना चाहिए डॉ.आंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया। उन्होंने अवश्य ही इस पर गहराई से विचार किया होगा। हमारे संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था। लेकिन इस आत्मा को ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे।

### आंदोलन से एक दिन...

शाह को मौके पर जाने के लिए निर्देशित किया है। आदिवासी नेता रामदेव काकोड़िया ने इसे वन विभाग की मनमानी करार दिया। उन्होंने कहा कि बारिश में छोटे बच्चों को घर से निकालना अन्याय है। पीड़ितों के समर्थन में 27 जून को खातेगांव के डाक बंगला मैदान पर आंदोलन किया गया। जयस के संस्थापक और विधायक हीरालाल अलावा ने 29 जून को अलग से आंदोलन की घोषणा की है।

### मप्र के सभी ....

वाहनों ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगांव से डीजल भरवाया था। डीजल में पानी होने से वाहन बीच रास्ते में ही बंद हो गई। इस पर जिला रतलाम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पंप की तत्काल ही जांच की। जांच में पेट्रोल एवं डीजल के सैंपल लेकर बीपीसीएल लैब मांगलिया इंदौर भेजे गए। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पंप पर उपलब्ध पेट्रोल 5995 ली. एवं डीजल 10657 लीटर जप्त कर पम्प को सील किया गया है।

**आयल कंपनी को जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश:** अपर मुख्य सचिव (एसीएस) खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने इस घटना पर उसी दिन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने घटना के संबंध में तत्काल विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जबकि वर्षा के मौसम को देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पम्पों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में सख्त निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प की जांच की जाए, जिसमें प्रतिदिन सुबह किए जाने वाला निरीक्षण एवं समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षणों की जांच रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज की जाए। इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर का निर्माण करने के निर्देश भी दिए गए है।

### आईपीएस अधिकारी पराग...

कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वे 1 जुलाई 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे।

पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया हलकों में 'सुपर जासूस' के तौर पर जाने जाने वाले पराग जैन मानव खुफिया को तकनीकी खुफिया के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित करने के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह खासियत कई अहम ऑपरेशनों में अहम रही है।

### आज बनेगा नया ...

शनिवार को कई जिलों में तेज बारिश से हालात बिगड़ गए। चित्रकूट की गोदावरी गुफा पानी भरने से बंद हो गई। बड़वानी के बिजासन घाट पर धुंध छाई रही, जबकि सतना में कई इलाकों के घरों में पानी भर गया है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन के बाद बारिश में वृद्धि होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में अभी ऊपरी हवा का चक्रवात है जो रविवार को लो प्रेशर एरिश में बदलेगा।

इससे भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश में कुछ वृद्धि होगी। दो दिन बारिश की रफ्तार ऐसी ही रहेगी।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक V 7519678 में मेरा नाम भूवी नावानी अंकित है जबकि आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज़ो व वास्तव में मेरा नाम करुणा नावानी है। अतः मेरा नाम पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों में भी करुणा नावानी दर्ज किया जाए तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम करुणा नावानी के नाम से जाना पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मै फूलबती पत्नि रमेशचन्द निवासी 323 पतलोन रासलाखेडी सिराडी तहसील श्यामपुर जिला सीहोर म.प्र.। मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम फूलबती दर्ज है। मै अपना नाम गजट नोटिफिकेशन के माध्यम मेरे आधार कार्ड मे नाम कल्लोबाई करवाना चाहती हूं। पुराना नाम-(फूलबती), नया नाम-( कल्लोबाई) । शपथ पत्र क्रमांक CG 209608

**वैवाहिकी**

**वर चाहिए**

वर चाहिए
तैलिक साहू कन्या M.S. (E.N.T.) जन्म 1995/5'-3" गौर वर्ण, इन्दौर/ इटारसी (म.प्र.) निवासी हेतु डॉक्टर या उच्च/ समकक्ष योग्य वर चाहिये
बायोडाटा व्हाट्सएप पर भेजें
-सम्पर्क करें-
9425136008

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए-गुजराती 44वर्ष, 5'-11", स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000 मासिक, युवक हेतु वधु चाहिए उच्च जाति बंधन नहीं। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। सम्पर्क करें-98271 14645, 9131139179 (406)

वधू चाहिए
सरयूपारीय ब्राह्मण 31 वर्ष, 5'-11" भारद्वाज गोत्र, मध्य नाड़ी, अधिकारी इफको, बरेली (उ.प्र.) हेतु सुन्दर, सुशील, टेक्नीकली क्वालीफाईड सरयूपारीय/ कन्यकुब्ज ब्राह्मण वधु चाहिए। कृपया फोटो, बायोडाटा व्हाट्सएप पर भेजें।
सम्पर्क करें
9479271820
6265112290

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
*DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23

UG COURSE: B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE: M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com : Accounts & Management B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन** — आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** — कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।


**धनु** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

## शब्द पहेली - 5912



**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4


**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -5911 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5922

मध्यम



सूडोकु नवताल - 5921 का हल



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के खाने में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

# स्मॉलकैप कंपनियां फिर उड़ान भरने को तैयार, दे सकती है अच्छा मुनाफा

● लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाकर लगाएं पैसा ● पिछले माह निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 14.7% में तेजी ● अब स्मॉलकैप में निवेश का हो सकता है सही वक्त ● 74% स्मॉलकैप कंपनियों की ऑपरेशनल एफिशिएंसी बेहतर

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

बाजार के परिदृश्य को देखते हुए स्मॉलकैप कंपनियां एक बार फिर उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। ये कंपनियां लंबी अवधि में निवेशकों को अच्छा मुनाफा दे सकती हैं। जो लोगों को मालामाल कर देगीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले महीने भारतीय शेयर बाजार में स्मॉलकैप शेयरों ने जबरदस्त तेजी दिखाई, जबकि निफ्टी 50 केवल मामूली बढ़ा। मार्च तिमाही के नतीजों से पता चला कि 74% स्मॉलकैप कंपनियों की ऑपरेशनल एफिशिएंसी बेहतर हुई है। 'चाइना प्लस वन' स्ट्रेटजी से भी स्मॉलकैप कंपनियों को नई उड़ान मिल रही है, जो लंबी अवधि के निवेशकों के लिए सुनहरा मौका है। पिछला महीना भारत की अर्थव्यवस्था के लिए काफी अच्छा रहा। वैश्विक चुनौतियों और सीमा-पार तनावों के बावजूद मई महीने में भारतीय शेयर बाजारों ने तेज रिकवरी दिखाई। शेयर बाजारों में जहां एक ओर लार्जकैप इंडेक्स सीमित दायरे में घूमते रहे, वहीं असली हलचल स्मॉलकैप शेयरों में दिखी। ये छोटी कंपनियां उन निवेशकों के लिए सुनहरा मौका बन रही हैं, जो लंबी अवधि के लिए पोर्टफोलियो बनाना चाहते हैं।



## स्मॉलकैप कंपनियों की विशेषताएं

- **उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न :** स्मॉलकैप कंपनियों में निवेश करने से उच्च रिटर्न मिल सकता है, लेकिन जोखिम भी अधिक होता है क्योंकि इन कंपनियों का भविष्य अनिश्चित हो सकता है।
- **नए और छोटे व्यवसाय :** स्मॉलकैप कंपनियां अक्सर नए और छोटे व्यवसाय होते हैं जो अपने उत्पादों या सेवाओं को बाजार में स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।
- **विकास की गुंजाइश :** स्मॉलकैप कंपनियों में विकास की गुंजाइश अधिक होती है, जिससे निवेशकों को आकर्षित किया जा सकता है।
- **कम तरलता :** स्मॉलकैप कंपनियों के शेयरों में तरलता कम हो सकती है, जिससे निवेशकों को अपने शेयर बेचने में कठिनाई हो सकती है।



*स्मॉलकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका मार्केट कैपिटलाइजेशन कम होता है, आमतौर पर ये नए या छोटे व्यवसाय होते हैं, जिनमें विकास की गुंजाइश अधिक होती है, लेकिन जोखिम भी अधिक होता है। सेबी के अनुसार, स्मॉलकैप कंपनियां वे होती हैं जो मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में 251वें स्थान से नीचे आती हैं।*

### बढ़ रहा रिटर्न

मार्च तिमाही के नतीजों के बाद एक अहम ट्रेंड सामने आया- टॉप 250 स्मॉलकैप कंपनियों में से 74% का रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉइड दो अंकों में रहा। इसका मतलब यह है कि ये कंपनियां न केवल मुनाफा कमा रही हैं, बल्कि इनकी ऑपरेशनल एफिशिएंसी भी बेहतर हो रही है। इससे निवेशकों में स्मॉलकैप के प्रति भरोसा पैदा होगा और एक बार फिर निवेशक इन फंडों में निवेश कर अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकेंगे।

### स्मॉलकैप में निवेश का बढ़ता मौका

फिलहाल देखा जाए तो वैल्यूएशन की दृष्टि से बाजार में अभी एक अच्छा मौका है। बहुत सारे छोटे कंपनियों के शेयर अपने असली दाम से काफी सस्ते मिल रहे हैं। इसका मतलब है कि आप अच्छे बिजनेस वाले शेयर कम कीमत में खरीद सकते हैं। स्मॉलकैप शेयरों को ज्यादा जोखिम और ज्यादा मुनाफा वाली प्रोफाइल के लिए जाना जाता है, इसलिए इन्हें अक्सर कम रिस्क लेने वाले निवेशकों की पोर्टफोलियो में नजरअंदाज किया जाता रहा है, लेकिन अब इस सोच में बदलाव आ रहा है। जब बाजार में उतार-चढ़ाव कम हो रहा है, तो निवेशकों का रुख भी पॉजिटिव हो रहा है और वे ज्यादा जोखिम उठाने को तैयार हैं। यह बदलाव व्यापक सूचकांकों में भी दिखा है। जहां पिछले महीने निफ्टी 50 ने केवल 2.6% की मामूली बढ़त दर्ज की, वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 ने प्रभावशाली 14.7% की तेजी दिखाई है।

### लंबी अवधि में जबरदस्त मुनाफे के मौका

स्मॉलकैप यानी छोटी कंपनियों के शेयर, लंबे समय में बहुत अच्छा रिटर्न दे सकते हैं। पिछले 7 सालों में इन कंपनियों ने औसतन हर साल करीब 27.6% का मुनाफा दिया है, जो बड़ी कंपनियों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। इन कंपनियों का दायरा भी काफी बड़ा होता है। ये बैंकिंग, हेल्थकेयर, एफएमसीजी और पावर जैसे कई सेक्टरों में ये फैली होती हैं। इसका मतलब है, आपको निवेश के लिए अलग-अलग इंडस्ट्री में मौके मिलते हैं।

### 'चाइना प्लस वन' स्ट्रेटजी से स्मॉलकैप कंपनियों को नई उड़ान

ग्लोबल स्तर पर देखें तो भारत को 'चाइना प्लस वन' स्ट्रेटजी का बड़ा फायदा मिल रहा है। इस स्ट्रेटजी के तहत कई मल्टीनेशनल कंपनियां अपनी मैन्युफैक्चरिंग भारत की तरफ शिफ्ट कर रही हैं। इससे देश में इंडस्ट्रियल ग्रोथ तेज होगी और खासतौर पर स्मॉलकैप मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को स्केलेबिलिटी और विस्तार का बड़ा मौका मिलेगा। आज के बदलते बाजार में स्मॉलकैप शेयर निवेशकों को एक अलग तरह का एक्सपोजर देते हैं। जहां कम कीमत पर निवेश के साथ कमाई की बड़ी संभावना होती है जो लोग लंबी अवधि के लिए निवेश सोच रहे हैं और थोड़ा रिस्क लेने को तैयार हैं, उनके लिए यह वक्त स्मॉलकैप में निवेश बढ़ाने और पोर्टफोलियो को मजबूत करने का सही मौका है।

# ज्यादा रिटर्न के लिए लोग रिस्क लेने को तैयार, एमएफ में बढ़ रहा निवेश का क्रेज

ऑप्शन

बिजनेस डेस्क

**● अब कम हो रहा बैंक एफडी का क्रेज, निवेश के नए ऑप्शन ढूंढ़ रहे लोग**

**● अब लोग बैंक में पैसे जमा करने के बजाय म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश कर रहे**

**● यहां उन्हें ज्यादा फायदा लाभ मिल रहा, एसआईपी के जरिये निवेश ज्यादा पॉपुलर**

बढ़ती महंगाई के इस जमाने में लोग निवेश के नए-नए विकल्प खोज रहे हैं। निवेशकों में बैंक एफडी का क्रेज घटता जा रहा है। यही कारण है कि बैंक एफडी की लोकप्रियता काफी कम हो रही है। भारतीय लोग अब बैंक में पैसे जमा करने के बजाय दूसरी जगहों पर निवेश कर रहे हैं। आजकल लोगों के बीच में म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार जैसी जगह निवेश के लिए ज्यादा पॉपुलर हो रही हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन जगहों पर बैंक से ज्यादा फायदा मिल रहा है। यह जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चली है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, लोगों की बैंक टर्म डिपॉजिट्स (एफडी, आरडी) में हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2020 के अंत में 50.54% थी। वित्त वर्ष 2025 के अंत में यह घटकर 45.77% हो गई। इसका मतलब है कि लोग अब बैंकों में पहले जितना पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। वे निवेश के दूसरे विकल्पों पर ज्यादा भरोसा जता रहे हैं। चूंकि इन विकल्पों में उन्हें एफडी से ज्यादा लाभ मिल रहा है जो महंगाई को मात देने में सक्षम है। अब लोग लंबी अवधी के लिए एसआईपी के जरीये और शेयर बाजार में निवेश को ज्यादा महत्व दे रहे है। महंगाई के दौर को देखते हुए लोग अब ज्यादा रिस्क लेने को भी तैयार हैं, ताकि भविष्य के लिए कम समय में अच्छा पैसा एकत्र कर सकें। इसलिए भी निवेशकों में फिक्स डिपोजिट यानी बैंक एफडी का क्रेज घटता जा रहा है।

### ब्याज दरों में हुआ बदलाव

जानकारों का कहना है कि इस दौरान ब्याज दरों में बदलाव हुआ है। रिजर्व बैंक ने कोविड महामारी के दौरान मार्च 2020 से मई 2022 के बीच प्रमुख रेपो दर को 115 बेसिस पॉइंट्स (1.15 प्रतिशत अंक) तक कम कर दिया था। फिर बाद में इसे 225 बेसिस पॉइंट्स तक बढ़ा दिया। हाल ही में, रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को कम करना शुरू कर दिया है। उसने फरवरी में 25 बेसिस पॉइंट्स, अप्रैल में 25 बेसिस पॉइंट्स और इस महीने की शुरुआत में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की है। कुल मिलाकर, ब्याज दरें 1 प्रतिशत कम हो गई हैं। इससे भी लोगों में एफडी के प्रति रुझान कम हुआ है और लोगों ने एफडी की बजाय एसआईपी में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है।

### म्यूचुअल फंड में बढ़ी हिस्सेदारी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि बचत जमा में व्यक्तियों की हिस्सेदारी पिछले पांच सालों में लगभग 77% पर स्थिर रही है। इसका मतलब है कि लोग अभी भी बचत खाते में पैसा रख रहे हैं। वे म्यूचुअल फंड में भी खूब निवेश कर रहे हैं। अप्रैल तक 23 करोड़ म्यूचुअल फंड अकाउंट्स में से 91% खाते व्यक्तियों के हैं। मई 2021 में यह आंकड़ा 10 करोड़ से थोड़ा ही ज्यादा था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

### अलग-अलग कर रहे बचत

रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के एक रिसर्च पेपर के अनुसार, भारतीय परिवारों की वित्तीय बचत के पोर्टफोलियो में बदलाव देखा गया है। इसका मतलब है कि लोग अब अपनी बचत को अलग-अलग जगहों पर लगा रहे हैं। बैंकों में जमा की हिस्सेदारी समय के साथ कम हुई है, जबकि इंश्योरेंस और म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा है। वही लोग शेयर बाजार, गोल्ड और सिल्वर में भी निवेश को बढ़ावा देने लगे हैं।

### गिरावट का कारण यह भी

एक बड़े बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि जमा में गिरावट का कारण यह है कि लोगों की बचत कम हो रही है और वे शेयर बाजार जैसे अन्य निवेश विकल्पों में ज्यादा पैसा लगा रहे हैं। म्यूचुअल फंड के प्रबंधन के तहत संपत्ति 30 अप्रैल को बढ़कर 69.50 लाख करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2020 के अंत में यह 22.26 लाख करोड़ रुपये थी। इसका मतलब है कि म्यूचुअल फंड में लोगों का निवेश बहुत तेजी से बढ़ा है। एक अन्य बैंक के अर्थशास्त्री ने कहा कि यह बाजार की वजह से है, लेकिन जरूरी नहीं कि जनसांख्यिकी के कारण हो।

### रिस्क ले रहे लोग

दिसंबर 2024 में रिजर्व बैंक के एक पेपर में कहा गया था कि बचत करने वालों का तरीका बदल रहा है। साल 2022 में 17.8% भारतीय परिवारों ने जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश किया था। वहीं साल 2019 में यह आंकड़ा 15.7% था। जोखिम वाली संपत्तियां मतलब ऐसी जगहें जहां पैसा डूबने का खतरा होता है, जैसे कि शेयर बाजार।

# पांच साल के रिटर्न चार्ट पर स्मॉलकैप फंड सबसे आगे

*टॉप 25 में 13 स्कीम ने 33 से 38% सालाना मिला रिटर्न दिया, म्यूचुअल फंड में स्मॉलकैप कैटेगरी हाई रिटर्न का बेहतर विकल्प है, निवेश के लिए लक्ष्य कम से कम 5 से 7 साल का रखना होना जरूरी*

रिटर्न

बिजनेस डेस्क

यदि आप भी निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप कअेगरी आपके लिए निवेश का बढ़िया विकल्प साबित हो सकती है। इसके लिए आपको थोड़ा सयंम के साथ निवेश का लक्ष्य तय करना होगा। इस श्रेणी में अच्छा रिटर्न लेने के लिए आपको निवेश का लक्ष्य कम से कम 5 से 7 साल को लेकर चलना होगा। फाइनेंशियल एडवाइजर्स की यह सलाह रिटर्न चार्ट देखकर बिल्कुल सही साबित होती है। बीते 5 साल या 60 महीनों के दौरान रिटर्न के मामले में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले म्यूचुअल फंड स्कीम पर नजर डालें तो स्मॉलकैप फंड्स ने बाजी मार ली है। 5 साल के टॉप 25 स्कीम में 13 स्कीम स्मॉलकैप फंड कैटेगरी की हैं, जिनमें 33 से 38 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न मिल रहा है। 5 साल में 38 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न से कैलकुलेशन करें तो यह रिटर्न करीब 5 गुना होता है। यानी 38 फीसदी सीएजीआर रिटर्न वाली स्कीम ने 5 साल में निवेशकों का पैसा 5 गुना बढ़ा दिया। वहीं, 33 फीसदी एनुअलाइज्ड रिटर्न से कैलकुलेशन करें तो यह करीब 4 गुना रिटर्न होगा। इसका मतलब है कि 33 फीसदी सीएजीआर रिटर्न वाली स्कीम ने 5 साल में निवेशकों का पैसा 4 गुना बढ़ा दिया।

### निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड टॉपर

निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड 5 साल में 38 फीसदी सीएजीआर रिटर्न के साथ न सिर्फ स्मॉलकैप कैटेगरी का बल्कि ओवरआल भी टॉपर रहा है। इस फंड ने 5 साल में 1 लाख का निवेश 5 लाख रुपए बना दिया। इसके बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाली टॉप 5 में शामिल अन्य स्कीम बंधन स्मॉलकैप फंड ने 37.32% एनुअलाइज्ड रिटर्न, बैंक ऑफ इंडिया स्मॉलकैप फंड ने 36% एनुअलाइज्ड रिटर्न, इडेलवाइस स्मॉलकैप फंड ने 35.50% एनुअलाइज्ड रिटर्न और एचएसबीसी स्मॉलकैप फंड ने 35.35% रिटर्न दिया है।

### ये हैं 5 साल के टॉप 13 फंड

1. **निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड : 38%**
ये स्कीम 1 जनवरी 2013 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 25.50% सालाना रहा है. फंड का लेटेस्ट एयूएम 63,007 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.65% है।
2. **बंधन स्मॉलकैप फंड : 37.32%**
ये स्कीम 25 फरवरी 2020 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 35.23% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 11,744 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.39% है।
3. **बैंक ऑफ इंडिया स्मॉलकैप फंड : 36%**
ये स्कीम 19 दिसंबर 2018 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 28.40% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 1,819 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.53% है।
4. **इडेलवाइस स्मॉलकैप फंड : 35.50%**
ये स्कीम 7 फरवरी 2019 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 27.84% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 4,580 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.43% है।
5. **एचएसबीसी स्मॉलकैप फंड : 35.35%**
ये स्कीम 12 मई 2014 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 21.12% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 16,061 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.63% है।
6. **टाटा स्मॉलकैप फंड : 35%**
ये स्कीम 12 नवंबर 2018 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 25.31% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 10,529 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.34% है।
7. **इन्वेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड : 35%**
ये स्कीम 30 अक्टूबर 2018 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 25.74% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 6,823 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.44% है।
8. **केनरा रोबोको स्मॉलकैप फंड : 34.80%**
ये स्कीम 15 फरवरी 2019 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 25.64% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 12,368 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.47% है।
9. **एचडीएफसी स्मॉलकैप फंड : 34.33%**
ये स्कीम 1 जनवरी 2013 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 20% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 34,032 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.73% है।
10. **कोटक स्मॉलकैप फंड : 33.55%**
ये स्कीम 1 जनवरी 2013 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 20.26% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 17,329 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.55% है।
11. **आईसीआईसीआई प्रू स्मॉलकैप फंड : 33.17%**
ये स्कीम 1 जनवरी 2013 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 17.84% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 8,254 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.73% है।
12. **सुंदरम स्मॉलकैप फंड : 33%**
ये स्कीम 1 जनवरी 2013 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 18.72% सालाना रहा है। फंड का लेटेस्ट एयूएम 3,311 करोड़ रुपए है, जबकि एक्सपेंस रेश्यो 0.86% है।
13. **एलआईसी एमएफ स्मॉलकैप फंड : 32.65%**
ये स्कीम 21 जून 2017 को लॉन्च हुई थी और तब से इसका रिटर्न 16.13% सालाना रहा है।

**लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश करें, निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड 5 साल में 38 फीसदी सीएजीआर रिटर्न के साथ टॉपर**



# कम जोखिम में ज्यादा रिटर्न चाहते हैं तो अपनाएं म्यूचुअल फंड्स ट्रेप्स का फंडा

*ट्रेप्स के जरिये कर सकते हैं अच्छी कमाई, हर निवेशक रखे जानकारी*

- *यह टूल न तरलता को आसानी से मैनेज करने में मदद करता है*
- *यह रिटर्न भी बढ़ाता है और पोर्टफोलियो को भी मजबूत बनाता है*
- *एफएफ के लिए बेहतर रिटर्न, सुरक्षित निवेश और शानदार लिक्विडिटी*
- *ट्रेप्स में एक पार्टी ट्रेजरी बिल्स को दूसरी पार्टी को बेचती है*

जानकारी

बिजनेस डेस्क

क्या म्यूचुअल फंड्स को कम जोखिम में ज्यादा रिटर्न मिल सकता है? तो इसका जवाब है हां! ट्रेप्स (ट्रेजरी बिल्स रीपरचेज) नाम के स्मार्ट टूल से म्यूचुअल फंड्स अपनी लिक्विडिटी को मैनेज करते हुए रिटर्न बढ़ाते हैं और पोर्टफोलियो को मजबूत बनाते हैं। ये टूल उन्हें न सिर्फ अपनी तरलता को आसानी से मैनेज करने में मदद करता है, बल्कि रिटर्न भी बढ़ाता है और पोर्टफोलियो को भी मजबूत बनाता है। ट्रेप्स की मदद से म्यूचुअल फंड्स सरकार की सिक्योरिटीज़ का सहारा लेते हुए शॉर्ट-टर्म में फंड्स खरीदने और बेचने का काम कर सकते हैं। तो चलिए, जानते हैं कि ट्रेप्स कैसे काम करता है और ये क्यों म्यूचुअल फंड्स के लिए एक शानदार टूल है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि यह सरकारी सिक्योरिटीज पर बेस्ड शॉर्ट-टर्म इन्वेस्टमेंट का तरीका कैसे काम करता है और आपके निवेश को कैसे बेहतर बना सकता है।



ट्रेप्स यानी 'ट्रेजरी बिल्स रीपरचेज' एक शॉर्ट-टर्म इन्वेस्टमेंट का तरीका है, जो निवेशकों को इस्तेमाल ना होने वाले पैसों से रिटर्न कमाना में मदद करता है। इसे खासतौर पर बैंक, फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन और म्यूचुअल फंड्स इस्तेमाल करते हैं, ताकि वो अपनी कमाई को बढ़ा सकें। ट्रेप्स में एक पार्टी ट्रेजरी बिल्स को दूसरी पार्टी को बेचती है और फिर एक तय तारीख और कीमत पर इन्हें वापस खरीदने का समझौता करती है. ये लेन-देन सरकार की सिक्योरिटी से सुरक्षित होता है, इसलिए इसमें जोखिम कम होता है। मान लीजिए, किसी म्यूचुअल फंड के पास ज्यादा पैसा पड़ा है और वो उसे ऐसा निवेश करना चाहता है, जिसमें लिक्विडिटी बनी रहे। तब वो उस पैसे को ट्रेप्स के जरिए निवेश कर सकता है। इस तरीके से म्यूचुअल फंड को बिना पैसा जमा किए ही ब्याज मिल जाता है और उसकी लिक्विडिटी भी बनी रहती है।

tifr HBCSE

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च**

**गणित में भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर (IOOM) 2025-26**

भारतीय राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड (INMO) 2026 में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 7 सितंबर, 2025 को गणित में संबंधित भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर परीक्षा (IOQM) के लिए उपस्थित होना चाहिए। IOQM में अर्हता प्राप्त करना भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में 2026 के अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड (IMO) और 2027 के यूरोपीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड (EGMO) में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

अधिक जानकारी और नामांकन के लिए लिंक: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण सीधे संबंधित केंद्रों पर किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, 1 जुलाई 2025 से https://ioqmexam.in/ पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।
अंतिम तिथि : 26 जुलाई 2025 .

cbc48143/12/0003/2526

**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल रायसेन**

क्रमांक / स्टोर / रायसेन दिनांक /06/2025

**ऑनलाईन निविदा सूचना-पत्र**

**निविदा आमंत्रण**

सामान्य वनमण्डल रायसेन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न परिक्षेत्रों में वानिकि एंव गैर वानिकि कार्यो मे प्रयुक्त सामग्री लोहा सरिया क्रय हेतु ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक 12.07.2025 समय तक निविदा आमंत्रित की गई है जिसका निविदा क्रमांक 2025_MPFD_432840_1 हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा जारी करने की तिथि | 28.06.2025 |
| 2 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 12.07.2025 |
| 3 | निविदा के साथ जमा ई.एम.डी. की राशि- ऑनलाईन के https://mptenders.gov.in/ माध्यम से | 25000/- |
| 4 | सम्पर्क हेतु पता | कार्यालय सामान्य वन मण्डल रायसेन जिला रायसेन (म.प्र.) मो.-9424790650, 7582908307 |

1 निविदा मात्र ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। ऑनलाईन निविदा म.प्र. शासन के एम. पी. ई-प्रोक्योरमेंट की साईट https://www.mptenders.gov.in/ से प्रस्तुत किया जावेगा। ऑनलाईन की दिनांक समय उपरोक्तानुसार अंकित विवरण अनुसार प्रक्रिया के लिये लागू होगा।
2 निविदा का विस्तृत https://www.mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

जी - 14906/25 स्वच्छता ही सेवा

**वन मण्डलाधिकारी**
**सामान्य वन मण्डल, रायसेन**

**चीन के किंगदाओ (चिंगदाओ) शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन 25 और 26 जून को आयोजित किया गया। एससीओ सम्मेलन में चीनी नेतृत्व में तैयार संयुक्त वक्तव्य में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र नहीं होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उस पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। नतीजा यह हुआ कि एससीओ का संयुक्त घोषणा पत्र जारी नहीं हो सका। लेकिन इस सबमें जहां आतंकवाद को लेकर चीन का दोगलापन व पाक प्रेम फिर से उजागर हुआ, वहीं भारत का कड़ा रुख सामने आया। भारत ने चीन व पाकिस्तान समेत एससीओ सदस्य देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के खिलाफ नई दिल्ली की जीरो टॉलरेंस की नीति है और एससीओ अपने लक्ष्य से विमुख नहीं हो सकता है। एससीओ की प्रस्तावना में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई की बात है। सबसे हैरान करने वाली बात है कि वो रूस एससीओ के चीनी संयुक्त घोषणा पत्र में भारतीय हितों की अनदेखी पर चुप रहा, जिसने इस समूह में भारत को शामिल कराने के लिए वकालत की थी। अभी भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान भी अमेरिका व रूस के आचरण भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं रहे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या भारत की विदेश नीति ठहर गई है? आजकल के ताजा अंक में पेश है एक विश्लेषण...**

# विदेश नीति में 'स्टैंड' लेने का वक्त



**एससीओ सम्मेलन**
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा जब तैयार किए गए संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज की बाकायदा समीक्षा की गई तो उसको स्पष्टतया प्रतीत हुआ कि यह अत्यंत पक्षपातपूर्ण और असंतुलित तौर से तैयार किया गया है। भारत के मुताबिक इस दस्तावेज में विगत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में यात्रियों पर अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण को पूरी तरह से नजरअंदाज करके उसे एकदम दरकिनार कर दिया गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल के लीडर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस तैयार किए गए संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इनकार कर दिया। परिणामस्वरूप इस दफा एससीओ सम्मेलन कोई संयुक्त घोषणा पत्र (जॉइंट डिक्लेरेशन) भी जारी नहीं कर सका।**

चीन के किंगदाओ (चिंगदाओ) नगर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एक शिखर सम्मेलन 25 और 26 जून को आयोजित किया गया। एससीओ सम्मेलन में सदस्य देशों द्वारा एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया गया। संयुक्त वक्तव्य का मकसद निरूपित किया गया कि एससीओ देशों में संयुक्त सुरक्षा प्रबंधन, परस्पर आर्थिक सहयोग और वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक संयुक्त और कारगर रणनीति का ऐलान करना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा जब तैयार किए गए संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज की बाकायदा समीक्षा की गई तो उसको स्पष्टतया प्रतीत हुआ कि संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज को अत्यंत पक्षपातपूर्ण और असंतुलित तौर से तैयार किया गया है। भारत के मुताबिक इस दस्तावेज में 11 मार्च को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में जफर एक्सप्रेस के अपहरण कांड की वारदात का एक आतंकवादी वारदात के तौर पर बाकायदा उल्लेख किया गया है, लेकिन विगत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में यात्रियों पर अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण को पूरी तरह से नजरअंदाज करके उसे एकदम दरकिनार कर दिया गया है।

## संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर से इनकार

एससीओ सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के लीडर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस तैयार किए गए पक्षपातपूर्ण संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है और वैश्विक आतंकवाद को किसी भी एक मुल्क के नजरिए से कदाचित देखा और परखा नहीं जा सकता। भारतीय रक्षा मंत्री ने स्पष्ट तौर पर फरमाया कि आतंकवादी वारदातों को कदापि नहीं रोका जा सकता, जब तक कि सभी आतंकवादी वारदातों को निष्पक्षता के साथ देखा और समझा नहीं जाएगा। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि भारत का स्पष्ट नजरिया है कि पक्षपातपूर्ण रवैये और संकीर्णतापूर्ण राजनीतिक और रणनीतिक दृष्टिकोण द्वारा वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध कामयाबी के साथ कोई भी सामूहिक संघर्ष कदापि अंजाम नहीं दिया जा सकता। इसी कारण से भारत ने संयुक्त वक्तव्य दस्तावेज पर दस्तखत करने से साफ इनकार कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्री एससीओ सम्मेलन में जब तकरीर कर रहे थे, उस वक्त पाकिस्तान के रक्षा मंत्री जनाब ख्वाजा मोहम्मद आसिफ सम्मेलन में विद्यमान थे। अतः भारत द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर दस्तखत नहीं किए जाने के परिणामस्वरूप इस दफा एससीओ सम्मेलन कोई संयुक्त घोषणा पत्र (जॉइंट डिक्लेरेशन) भी जारी नहीं कर सका। क्योंकि एससीओ चार्टर के प्रावधान के तहत सभी सदस्य देशों की संपूर्ण सहमति से ही कोई संयुक्त वक्तव्य और संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि एससीओ की स्थापना सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के तत्पश्चात 26 अप्रैल सन 1996 में चीन के शंघाई नगर में आयोजित एक सम्मेलन में की गई थी। इसमें रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और तजाकिस्तान द्वारा शिरकत की गई थी। शंघाई सम्मेलन में संयुक्त तौर पर इन देशों द्वारा परस्पर सरहदी विवादों को निपटाया गया था। प्रारंभ में इस एससीओ ग्रुप को शंघाई फाइव के नाम से स्थापित किया गया था। भारत, ईरान, पाकिस्तान सन् 2005 से निरंतर एससीओ सम्मेलनों में पर्यवेक्षक देशों के तौर पर शिरकत करते रहे।




## रूस का भारत को एकतरफा समर्थन नहीं

2017 में भारत और पाकिस्तान को एससीओ का सदस्य बनाया गया। 2019 में जब भारत ने आर्टिकल 370 को निरस्त किया, रूस ने भारत का प्रबल समर्थन किया। सन् 2023 एससीओ में ईरान को सदस्य बनाया गया। वस्तुतः नीतिगत और कूटनीतिक तौर से एससीओ पर चीन और रूस का निर्णायक प्रभाव कायम रहा है। परम्परागत तौर से रूस सदैव भारत का प्रबल रणनीतिक और कूटनीति पक्षधर देश रहा। एससीओ में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के उद्देश्य से ही रूस की पहल पर भारत को एससीओ में शामिल किया गया था। दुर्भाग्य से पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और प्रायोजित पहलगाम हत्याकांड के प्रतिशोध में भारतीय सेना द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर के दौर में रूस द्वारा भारत को एकतरफा समर्थन प्रदान नहीं किया गया। वरन रूस ने भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष में मध्यस्थता करने की पेशकश की। फरवरी 2022 से प्रारंभ हुए यूक्रेन-रूस युद्ध के दौर में भारत द्वारा रूस का एक तरफा समर्थन नहीं किया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने के लिए भारत ने मध्यस्थता का प्रस्ताव पेश किया। रूस द्वारा भी भारत को कूटनीतिक प्रत्युत्तर देते हुए भारत का समर्थन करने के स्थान पर भारत-पाक युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता करने की पेशकश कर दी। एससीओ सम्मेलन में वस्तुतः चीन द्वारा संयुक्त वक्तव्य का दस्तावेज तैयार किया गया और रूस और अन्य सहयोगियों की सहमति ली गई। अतः चीन की पहल पर तैयार किए गए दस्तावेज में भारत पर अंजाम दिए गए नृशंस आतंकवादी आक्रमण का तो कदाचित उल्लेख नहीं किया गया, किंतु बलूचिस्तान में जफर एक्सप्रेस के अपहरण को आतंकवादी वारदात करार देकर, उसका बाकायदा उल्लेख किया गया। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूस पहले की तरह अब भारत का प्रबल पक्षधर प्रतीत नहीं हो रहा है।

## पाक को चीन और रूस का सहारा

ऐसा प्रतीत होता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में रूस किसी हद तक चीन के रणनीतिक और कूटनीतिक प्रभाव में आ चुका है। ऑपरेशन सिंदूर के दौर में चीन वस्तुतः भारत का धुर विरोधी और पाकिस्तान का प्रबल समर्थक बनकर उभरा है। तकरीबन साढ़े तीन वर्ष से रूस-यूक्रेन युद्ध निरंतर जारी है। चीन द्वारा रूस को आधुनिकतम सैन्य हथियारों की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। विश्व पटल पर एकदम अलग-थलग पड़े हुए पाकिस्तान को रूस और चीन दोनों का सहारा मिल रहा है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परम मित्र करार दिए जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी भारत और पाकिस्तान को एक ही तराजू में तोलने पर उतारू हो गए हैं। यकीनन अघोषित तौर पर कोल्ड वार के नए दौर की शुरुआत हो चुकी है। अब विश्व दो परस्पर विरोधी सैन्य खेमों में विभाजित हो चुका है। गुट निरपेक्ष भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक परीक्षा का यह कठिन दौर है। विश्व पटल पर अत्यधिक संतुलनवादी विदेश नीति अपनाते हुए भारतीय कहीं अकेला तो नहीं पड़ रहा है? शिखर सम्मेलन में नौ सदस्य देशों ने शिरकत की। अफगानिस्तान और बेलारूस और मंगोलिया शिखर सम्मेलन में पर्यवेक्षक देश के तौर पर उपस्थित रहे। एससीओ सम्मेलन द्वारा वैश्विक आतंकवाद के ज्वलंत प्रश्न पर पाखंडपूर्ण और दोगली कार्य नीति और रणनीति अख्तियार करने के विरोध में भारत का समर्थन करने और साथ देने के लिए एक भी सदस्य मुल्क आगे नहीं आया। कैसी विचित्र विडंबना है कि पाकिस्तान सरीखा मुल्क जोकि दशकों से वैश्विक आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ बना रहा है, जिसकी सरजमीं पर जिहादी दहशतगर्दों के सरगना ओसामा बिन लादेन की परवरिश हुई और अलकायदा ने परवान चढ़कर सारी दुनिया में तबाही मचाई है। पहलगाम में नृशंस हत्याकांड अंजाम देने वाले रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा अपना गहरा ताल्लुक लश्कर तैयबा के साथ स्वीकारा है। लश्कर ए तैयबा को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया जा चुका है और जिसको सदैव पाकिस्तान ने पाला पोसा और उसकी तरबीयत की गई है। अब वह पाकिस्तान एससीओ की नजर में आतंकवाद का शिकार एक मुल्क बन गया है। भारत जो कि अनेक दशक से जिहादी आतंकवाद के नृशंस निशाने पर बना रहा है, उस भारत के गहरे ज़ख्मों को जानने और समझने के लिए एससीओ के सदस्य देश तैयार नहीं हैं।

## गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज करने की कोशिश

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा चीन जाकर एससीओ सम्मेलन में शिरकत करने की एक उपलब्धि अवश्य हो गई है। इस अवसर पर भारत और चीन के मध्य कूटनीति की एक नई इबारत खुलती दिखाई दे रही है। राजनाथ सिंह और उनके समकक्ष चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के मध्य हुई बैठक में सीमा विवाद का समाधान, शांति बहाली और भारत-चीन संबंधों को फिर से सामान्य करने को लेकर चार अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा के पुन प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तो वहीं पाकिस्तान द्वारा समर्थित जिहादी आतंकवाद पर भारत ने चीन को दो-टूक पैगाम भी दे दिया। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैद्धांतिक रणनीति करार दिया और यह वक्तव्य ऐसे वक्त में आया जबकि एससीओ द्वारा संयुक्त दस्तावेज में वैश्विक आतंकवाद से जुड़े गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज करने की कोशिश की गई। उल्लेखनीय है कि इन दिनों भारत और चीन की सरहद पर देपसांग और डेमचौक इलाकों में डिसएंगेजमेंट डील को आखिरी रूप प्रदान किया जा रहा है। चीन और भारत के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात से पहले ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात हो चुकी थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि भारत अपनी सरहद पर शांति और सुरक्षा स्थापित करना चाहता है किंतु अपने बुनियादी सिद्धांतों के खिलाफ जाकर कदापि कोई समझौता नहीं करेगा। अब आगे देखना होगा कि विस्तारवादी फितरत का देश चीन चार पाइंट फार्मूले पर कितना अमल अंजाम देता है। वैश्विक पटल पर आज के बेहद मुश्किल दौर में भारत को अपनी विदेश नीति एवं कूटनीति पर क्या फिर से विचार नहीं करना चाहिए? वैश्विक सैन्य संघर्ष पर भारत की तटस्थ खामोशी भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए क्या घातक सिद्ध नहीं हो रही है? हमास बनाम इजरायल जंग में भारत का इजरायल के पक्ष में बयान आतंकवाद के खिलाफ भारतीय नीति का प्रतिफल था। गाजा पर हमास का शासन अवैध है, हमास एक आतंकी गुट है, इसलिए हमास के कृत्य का समर्थन संभव नहीं है। इसलिए जब भी संयुक्त राष्ट्र के पटल पर गाजा में युद्ध विराम करने के प्रस्ताव पेश किए गए, भारत ने मतदान का बॉयकॉट किया। अमेरिका की कयादत में नाटो सैन्य संगठन द्वारा वस्तुतः यूक्रेन को एक मोहरा बनाकर एक सैन्य युद्ध रूस पर थोप दिया गया। भारत द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध पर नाटो ताकत का विरोध ना करके केवल शांति का पैगाम और केवल फरमाया कि आज का दौर यूद्ध का नहीं है वरन विकास का दौर है। परिणाम क्या रहा कि विश्व पटल पर सबसे भरोसेमंद दोस्त रूस को भारत ने तकरीबन चीन के हाथों गंवा दिया है।

# आतंकवाद पर चीन को भारत का सख्त संदेश



**कूटनीति**
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन के जरिए भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के खिलाफ जमकर हमला बोला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के संयुक्त बयान के ड्राफ्ट पर हस्ताक्षर करने से इनकार करके कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने संयुक्त बयान के ड्राफ्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मसौदा भारत की आतंकवाद-विरोधी नीति और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण को कमजोर करता है। उन्होंने सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही जमकर लताड़ लगाते हुए कहा कि जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना होगा। उन्होंने भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि पहलगाम पर हुए आतंकी हमले के जवाब में ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरूरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है।

## चीन-पाकिस्तान की मिलीभगत

मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मेजबान देश चीन और आतंकी देश पाकिस्तान दोनों को दो टूक सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा, तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत ने एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरूरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इनकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उल्लंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

## आतंकवाद पर दोहरा आचरण

चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा, तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर



इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा। भारत की सदस्यता से पहले संगठन के सदस्य राष्ट्रों का कुल क्षेत्रफल 30 मिलियन 189 हजार वर्ग किमी और जनसंख्या तकरीबन 1.5 बिलियन था। अब भारत के जुड़ जाने से संगठन का क्षेत्रफल व जनसंख्या व्यापक हो गया है। आज की तारीख में यह संगठन विश्व की तकरीबन आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन बन चुका है। चूंकि इस संगठन ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलावा यूरोपिय संघ, आसियान, कॉमनवेल्थ और इस्लामिक सहयोग संगठन से भी संबंध स्थापित किए हैं। इस नाते भारत की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है, लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। संघाई सहयोग संगठन के इतिहास में जाएं तो अप्रैल, 1996 में शंघाई में हुई एक बैठक में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान आपस में एक-दूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों से निपटने के लिए सहयोग करने को राजी हुए। तब इस संगठन को शंघाई फाइव कहा गया। जून 2001 में चीन, रूस और चार मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेताओं ने शंघाई संगठन सहयोग शुरू किया और धार्मिक चरमपंथ से निपटने के अलावा व्यापार व निवेश को बढ़ाने के लिए समझौता किया। शंघाई फाइव के साथ उज्बेकिस्तान के आने के बाद इस समूह को शंघाई सहयोग संगठन कहा गया। यह संगठन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका कार्यालय बीजिंग में है और क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना ताशकंद में है। राज्य प्रमुखों की परिषद इस संगठन का सर्वोच्च निकाय है जिसकी प्रतिवर्ष बैठक होती है। इसके अलावा शासन प्रमुखों की परिषद (एचजीसी) की वार्षिक बैठक होती है। शंघाई सहयोग संगठन में 2008 से डायलॉग पार्टनर यानी वार्ताकार सहयोग की व्यवस्था की गयी है। 2009 के शिखर सम्मेलन में सबसे पहले श्रीलंका और बेलारुस को डायलॉग पार्टनर का दर्जा दिया गया।

## बेहतर संबंधों की प्रतिबद्धता

अफगानिस्तान, शंघाई सहयोग संगठन-अफगानिस्तान कांटेक्ट ग्रुप का हिस्सा है और इस ग्रुप की स्थापना 2005 में की गयी थी। इस संगठन की शिखर बैठकों में संयुक्त राष्ट्र, सीआईएस, यूरेशियन इकोनॉमिक कम्युनिटी एवं सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन यानी सीएसटीओ के प्रतिनिधि भी भाग लेते हैं। 2005 में कजाकिस्तान के आस्ताना में भारत के प्रतिनिधियों ने पहली बार शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भाग लिया और सितंबर 2014 में एससीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया। भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

# चीनी कुटिलता का जवाब जरूरी था



**एससीओ**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में पारित संयुक्त वक्तव्य में आतंक संबंधी भारत की चिंताओं को स्थान न मिलने और पहलगाम आतंकी घटना का उल्लेख न होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किये। एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन के जो भी अंतिम एवं निर्णायक कार्यबिंदु निर्धारित किये गये थे, उनमें आतंक से पीड़ित भारत की व्यापक चिंताओं, वर्षों पुरानी समस्याओं और इस कारण शासन के सम्मुख उभरने वाली कठिनाइयों व चुनौतियों के बारे में कुछ भी वर्णित नहीं था।

स्वाभाविक था कि पहलगाम नरसंहार के ठीक दो माह बाद ही आयोजित इस सम्मेलन के अंतिम निष्कर्षजन्य प्रारूप में पहलगाम की घटना और इस आलोक में पाकिस्तानी आतंक को इंगित करने की दिशादृष्टि ही अदृश्य थी। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत ने किंचित उचित निर्णय लिया है जो एससीओ सम्मेलन की बैठक की निर्णायक नीतियों पर सहमति दर्शाने हेतु हस्ताक्षर नहीं किये। वास्तव में एससीओ का गठन 2001 में हुआ था। तब चीन की दक्षिण एशियाई और दक्षिणी यूरोपीय व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए चीन के नेतृत्व में ही संघाई सहयोग संगठन की नींव रखी गई थी। भारत और पाकिस्तान तो इस संगठन के साथ ठीक 16 वर्ष बाद 2017 में जुड़े थे और 2023 में ईरान ने भी इसकी सदस्यता ग्रहण की थी।

## भारत की राह अभी सुगम नहीं

ऐसे में स्वाभाविक है कि आतंकवाद के संबंध में परस्पर संघर्षरत भारत व पाकिस्तान की हितों के अनुसार एससीओ की कार्यकारी नीतियां निर्धारित होने की राह अभी सुगम नहीं है। संगठन के साथ जुड़ने के वरिष्ठता क्रम में भारत व पाकिस्तान दोनों ही देश संगठन के शेष देशों से 16 वर्ष पीछे हैं। ऐसे में भारत के अनुरूप आतंकवाद संबंधी भारतीय चिंताओं को इस संस्था के सामूहिक नीतिगत उद्देश्यों में प्राथमिकता मिलना कठिन प्रतीत होता है। पाकिस्तान के लिए यह स्थिति सौभाग्य से अनुकूल है। एससीओ की स्थापना के 16 वर्ष तक जब भारत इसका सदस्य नहीं था, तब प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में आतंकवाद इस संगठन की कार्यनीतियों, रणनीतियों और अन्य नीतियों के विषयों में सम्मिलित था ही नहीं। ऐसे में अब पहलगाम के आक्रोशजन्य वातावरण में एससीओ की, चीन के नेतृत्व में संचालित, चिर-परिचित व्यावसायिक नीतियों का अतिक्रमण कर आतंकवाद जैसा विषय प्राथमिकता के आधार पर भावी कार्यसूचियों में स्थान प्राप्त कर लेगा, ऐसा संभव तो नहीं लगता।

## भारत को नहीं दी गई वरीयता

सम्मेलन में यह देखने को भी मिला है कि राजनाथ सिंह के आक्रोश व रुष्टता को चीन के नेतृत्व में किसी भी देश ने विशेष वरीयता नहीं दी और अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य पर सहमतिपूर्ण हस्ताक्षर न किए जाने के संबंध में कोई विशेष चिंता प्रकट नहीं की। उनके व्यवहार




से ऐसा प्रतीत हुआ जैसे उन्हें इससे कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि एससीओ की देर से सदस्यता प्राप्त करने वाला भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है और विश्व की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन तथा दक्षिणी यूरोप के प्रमुख देश रूस, इन दोनों के लिए शंघाई सहयोग संगठन में भारत की प्राथमिकताओं की उपेक्षा करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करना किंचित सुगम नहीं होगा।

चूंकि भारत ने आर्थिक आधार पर विश्व के चौथे सबसे बड़े देश होने का गौरव प्राप्त कर लिया है तथा रक्षा-सुरक्षा की दृष्टि से भी पहलगाम के प्रतिशोध में पाकिस्तान के विरुद्ध आरंभ किये ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत ने अपनी नवोन्नत युद्धक तकनीकों, प्रौद्योगिकियों, पराक्रम को भी विश्वस्तरीय होने के रूप में सिद्ध किया है, अतएव एससीओ के किसी भी देश के लिए भारत की प्राथमिकताओं की उपेक्षा कर आगे बढ़ना संभव नहीं होगा। एकल रूप में, चीन और पाकिस्तान को छोड़कर, एससीओ के शेष सदस्य देश भारत की आतंकवाद संबंधी चिंताओं और सामूहिक रूप में इसके उन्मूलन की प्राथमिकताओं पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहमति प्रदान करते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में जब भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंक के उन्मूलन के लिए ऑपरेशन सिंदूर जैसा युद्धक अभियान चलाकर पाकिस्तान के साथ अमेरिका और चीन की भी सामरिक हेकड़ी को लगाम लगाने में सफलता पाई है, तब एससीओ में चीन को अपनी पुरानी प्राथमिकताओं, हितों और रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। साथ ही पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के शेष सदस्य देशों को भी संगठन की कार्यनीतियों, रणनीतियों और कार्यक्रमों पर भारत की दिशादृष्टि के साथ सर्वथा एक नवदृष्टिकोण तैयार करना होगा, जिसके प्रभाव में भविष्य में एससीओ के सांगठनिक उद्देश्यों को भारत के मार्गदर्शन में एक उदार व समावेशी बोध के साथ प्राप्त किया जा सके। विश्व का कोई भी देश हो जब तक वह अन्य देश की किसी समस्या अथवा समस्याओं से स्वयं पीड़ित नहीं होता, तब तक वह पीड़ित देश की भांति समस्या के निदान हेतु विचारोत्तेजक व कार्यनीतिक दृष्टिबोध से संपन्न नहीं होता। आतंकवाद के संबंध में भारत ऐसा ही पीड़ित देश रहा है और एससीओ के शेष सदस्य देशों की चिंताएं कभी भी सामूहिक रूप में भारत के लिए समाधानमूलक नहीं बन सकी हैं।

शंघाई सहयोग संगठन संगठन का एक सदस्य देश पाकिस्तान, भारत के विरुद्ध आतंक का सिद्धदोषी प्रायोजक रहा है। इसी प्रकार दूसरा सदस्य देश ईरान भी मध्य पूर्व के क्षेत्र में अनेक आतंकी गुटों व समूहों को तैयार करवाकर क्षेत्रीय व राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न कराने का दोषी रहा है। रूस और चीन जैसे सदस्य देशों ने पाकिस्तान और ईरान और इनके आतंकी समूहों को अस्त्र-शस्त्र बेचने की अपनी व्यापारिक नीति को हमेशा से संरक्षित किया है।

## भारत का निर्णय स्वागत योग्य

भारत, जो एससीओ के सदस्य देशों में से एकमात्र ऐसा देश है जिसने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान द्वारा फैलाये गये आतंक में सर्वाधिक जनधन की हानि उठाई है। इसीलिए, यदि भारत एससीओ का एक महत्वपूर्ण सदस्य है तो इसकी सामूहिक कार्ययोजनाओं में भारत की चिंताओं और आपत्तियों को वरीयता के क्रम में चिन्हित करते हुए उनके समयानुकूल समाधान की दिशा में सांगठनिक प्रयास होने अत्यंत आवश्यक हैं। इस हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आक्रोश, आपत्ति और संगठन के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर न करने का निर्णय स्वागत योग्य है। यह भारत की विदेश नीति के सशक्त व सुदृढ़ पक्ष का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। इस पर संकल्प के साथ डटे रहकर ही भारत अपने आर्थिक और सामरिक गौरव की रक्षा कर सकता है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. नागर ने की जनता की खुशहाली की कामना

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने नवीन प्रतिष्ठान के पूजन के अवसर पर सपत्नीक शिव अभिषेक किया। डॉ. नागर ने धर्मपत्नी के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

### आज मंडीदीप में बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**मंडीदीप।** रविवार को सब स्टेशन मेंटेनेंस के लिए फीडर पर बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके कारण रविवार सुबह 11 बजे से 5 बजे तक महावीर नगर फेस-1 फेस-2, दीपनगर, प्रथम ढाबा, रेलवे स्टेशन रोड एवं आसपास का क्षेत्र, राहुल नगर बस्ती एवं आसपास का क्षेत्र, मंडी एवं स्टेशन के आसपास का क्षेत्र, पटेल नगर एवं आसपास का क्षेत्र सहित मंडीदीप के कई क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी।

### औबेदुल्लागंज में नौ के आंकड़े की चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद औबेदुल्लागंज में आजकल नौ रत्नों की चर्चा जोरों पर है। सुनील सेरिया पार्षद, सुजीत यादव पार्षद, राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा, बाबू सन्नी अग्रवाल, प्रमोद पांडे लोक निर्माण बाबू चंद्रभान जैन, अकाउंटेंट खान एवं रजनीश दुबे, मीणा चर्चा में हैं। वरिष्ठ राजेंद्र गुड्डू साहू और आमिर ममनून पार्षद प्रतिनिधि भी चौकसे के समर्थन में है, लेकिन नौ रत्नों से दूर है। नौ ठेकेदारों की भी चर्चा जोरों पर है। नौ भाजपा नेता पार्षद खुले विरोधी है। यह नौ नेता कहते हैं कि 3 साल में जिन-जिन कार्यों के लिए टीएस की, टेक्निकल लोकायुक्त से जांच हो, तो नौ बड़े कामों की पोल खुल जाएगी। बरहाल नौ के आंकड़े की चर्चा जोरों पर है।

### छेड़छाड़ के दोषियों को एक साल की सजा

**विसं. भोपाल।** मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने जा रही महिला के साथ मेडिकल स्टोर के बाहर बैठे हुए आरोपियों अजय, महेश, राजेश चौहान ने छेड़छाड़ किए जाने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री आरती आर्य ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक आरोपी को एक हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है। प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी दीप्ति पटेल ने अभियोजन की ओर से पैरवी की।

**शुभांक**


| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 337 | 37 | 250 |
| रात: | 224 | 88 | 350 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 169 | 62 | 679 |
| रात: | 255 | 24 | 400 |

# प्रॉपर्टी डीलर पर अड़ी डालकर हड़पे पौने सात लाख

## रुपए वसूलने के बाद फिर की 25 लाख की मांग्र, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोकागार्डन इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर को डरा-धमकाकर उसके परिचित ने ही पौने सात लाख रुपए ले लिए। इसके बाद 25 लाख रुपए की मांग कर दी। नहीं देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर प्रॉपर्टी डीलर ने मामले की शिकायत अशोकागार्डन पुलिस से की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।



पुलिस के मुताबिक मोहम्मद मतीन पिता मोहम्मद सईद मयुर विहार कॉलोनी में रहते हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। विगत 17 जून को उन्होंने पुलिस को मोहम्मद फैज खान के खिलाफ आवेदन दिया था। आवेदन में उल्लेख था कि फैज जो उनके साथ पहले प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर चुका है। डरा-धमका कर पौने सात लाख रुपए हड़प चुका है। अब 25 लाख रुपए मांग रहा है। नहीं देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी ह। पुलिस ने मामले की जांच की जिसमें आरोपी के एकाउंट में ट्रांजेक्शन के सबूत मिले। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया।

### रास्ता भटक गया था बच्चा, पुलिस ने ढूंढ निकाला

हनुमानगंज इलाके से गायब हुए 10 वर्षीय बालक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने इस मामले में अपहरण का मामला दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया। नाबालिग बालक की तलाश के लिए टीम गठित कर घटना स्थल के आसपास बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर नाबालिग की फोटो दिखाई। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। इसके बाद पता चला कि बच्चा रास्ता भटक गया था। पुलिस ने क्षेत्र से ही बच्चे को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं, समर्धा गर्ल्स हॉस्टल में काम करने वाली युवती लापता हो गई है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी मिसरोद थाने में दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शीला धाकड़ निवासी रायसेन समर्धा गर्ल्स हॉस्टल में कम्यूटर ऑपरेटर का काम करती थी। पिछले दिनों उसने वहां से काम छोड़ दिया। घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस में की। अभी युवती का कुछ पता नहीं चला है। इसी तरह सीहोर से भोपाल के कॉलेज छात्रा बिलखिरिया इलाके से गायब हुई है। परिजनों ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# जवान की जेब काटने की कोशिश दबोचा तो बदमाश ने किया हमला

## लो-फ्लोर बस में नादरा बस स्टैंड से लालघाटी जाने के दौरान वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज इलाके में आर्मी के जवान ने सफर के दौरान एक बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान उसने जवान को किसी नुकीली चीज से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। जवान की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक रवि कुमार पिता खेमचंद आर्मी में सिपाही हैं। वो शुक्रवार को नादरा बस स्टैंड आए थे। वह वापस लालघाटी जाने के लिए लो-फ्लोर बस में सवार हुए।

### पर्स निकालने का प्रयास कर रहा था आरोपी

बस में भीड़ होने के कारण वो खड़े थे। इस दौरान उनको अहसास हुआ कि पीछे खड़ा व्यक्ति उनसे बार-बार टकरा रहा है और पर्स निकालने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने पीछे मुड़कर उसे दबोच लिया, लेकिन बाद बदमाश ने अपने आप को छुड़ाने के लिए नुकीली वस्तु से हमला किया और फरार हो गया। घटना के बाद आर्मी का जवान हनुमानगंज थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी तक हमलावर का पता नहीं कर सकी है।


## अरेरा हिल्स क्षेत्र का मामला: दो माह पहले युवक से की थी लव मैरिज

# नवविवाहिता ने लिपस्टिक से दीवार पर लिखा... मेरी मौत के ये सब जिम्मेदार

**घटना से आधा घंटा पहले गुटखा खाने को लेकर पति से हुआ था विवाद**

### नवविवाहिता फांसी के फंदे पर झूली

**आत्महत्या का मामला संदेहास्पद, पुलिस कर रही जांच**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अरेरा हिल्स इलाके में नवविवाहिता ने शनिवार सुबह 5 बजे सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने से पहले उसने लिपस्टिक से दीवार पर सुसाइड नोट लिखा। दीवार पर उसने अपनी सास सहित तीन लोगों के नाम लिखे हैं। साथ ही यह भी लिखा है कि मेरी मौत के ये सब जिम्मेदार हैं। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामला संदेहास्पद है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक प्रियंका बमन पति कीविन क्रूस (25) ओम नगर बस्ती में रहती थी। विगत 21 अप्रैल 2025 को उसने लव मैरिज की थी। पति एमपी नगर में प्रिंटिंग प्रेस का काम करता था। शनिवार सुबह 5 बजे पति से उसकी गुटखा खाने को लेकर बहस हुई थी और वह आधे घंटे के लिए बाहर चला गया। लौटकर आया तो गेट अंदर से लॉक था। गेट तोड़कर देखा तो पत्नी फंदे पर झूली थी। उसने तत्काल पड़ोसियों को आवाज दी और उसे फंदे से उतारा। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि घर की दीवार पर लिपस्टिक से सुसाइड नोट लिखा था। इसमें उसने सास सहित तीन लोगों के नाम लिखकर मौत का जिम्मेदार बताया है।

### पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद होगा मामले का खुलासा

मामले की जांच कर रहे एएसआई अकरम खान का कहना है कि दीवार पर उसने सुसाइड नोट लिखा है, लेकिन वो स्पष्ट समझ में नहीं आ रहा। हालांकि जिन लोगों के नाम लिखे, उनको जांच में शामिल किया जाएगा। घटनास्थल से लिपिस्टक को जब्त किया गया है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की है। अभी तक मामला संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की विवेचना की जाएगी।

### भाई ने लगाए गंभीर आरोप

मृतका के भाई का आरोप है कि बहन की शादी से सास और नानी सास खुश नहीं थी। दोनों आए दिन उसे प्रताड़ित करती थी। प्रियंका ने कई बार हम लोगों से इस बात का जिक्र किया था। साथ ही कहा था कि उन लोगों को ऐसा लगता है कि उनके बेटे ने अरेंज मैरिज की होती तो ज्यादा दहेज मिलता। वहीं भाई ने यह भी आरोप लगाया कि ऐसा संदेह है कि बहन को मारकर फंदे पर लटकाया गया है, क्योंकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि वह किन परिस्थितियों में फंदे पर झूली।

### अशोका गार्डन में फैक्ट्री कर्मचारी ने किया सुसाइड

अशोकागार्डन इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अशोका गार्डन पुलिस के अनुसार अंकुश पटेल पिता हेतराम पटेल (21) निवासी गायत्री नगर एक फैक्ट्री में जॉब करता था। उसके पिता हेतराम पटेल भी फैक्ट्री में काम करते हैं। मृतक की मां ने बेटे के शव को शुक्रवार की रात फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों और परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजनों ने शव को फंदे से उताकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस को परिजनों की जानकारी के आधार पर पता चला है कि वह शराब पीने का आदी था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

**आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही पुलिस**

### सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

गांधी नगर इलाके में तीन दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक दिलीप सिंह पिता जगदीश उम्र 42 वर्ष शांति नगर में रहते थे। विगत 25 जून की रात को एयरपोर्ट रोड स्थित ब्रिज के पास एक बाइक सवार को गंभीर रूप से घायल पड़े हुए राहगीरों ने देखा। इसके बाद एंबुलेस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान तीसरे दिन उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जांच अधिकारी नीरज चोपड़ा का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मृतक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है या स्वयं ही गिरकर सड़क हादसे का शिकार हुए। पीएम रिपोर्ट और मामले की जांच में स्पष्ट होगा। घटना की जांच की जा रही है।

## मेट्रो: प्रबंध संचालक ने दिए दिशा-निर्देश

# मेट्रो स्टेशन की खाली जगहों का किया जाएगा उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो रेल लाइन और स्टेशन क्षेत्र में खाली जगह का सही और बेहतर उपयोग किया जाए। इसको लेकर विचार कर योजना तैयार किया जाए। यह निर्देश मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने शनिवार को दिए।

वह मेट्रो प्रयोरिटी कॉरिडोर के तहत (सुभाष नगर से रानी कमलापति मेट्रो स्टेशन) पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, सलाहकार व ठेकेदार के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी ली। इस अवसर पर प्रोजेक्ट निदेशक अजय गुप्ता, सिस्टम निदेशक अरुण कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### अशोका गार्डन में रेपिडो चालक पर चाकू से हमला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**भोपाल।** अशोका गार्डन इलाके में शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद एक रैपिडो चालक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक चेतन ठाकुर ऐशबाग इलाके के बाग दिलकुशा में रहता है। शुक्रवार की रात वह दोस्त गगनदीप और दीपेश के साथ मिलकर पार्टी कर रहा था। इस दौरान किसी बात को लेकर उसकी गगनदीप से नोक-झोंक हुई। गगनदीप ने चाकू निकाला और उसकी बाएं हाथ पर हमला कर दिया। घायल अवस्था में पीड़ित अशोका गार्डन थाने पहुंचा और पुलिस को घटनाक्रम बताया। पुलिस ने मामले में तत्काल फिर करते हुए आरोपी गगनदीप को गिरफ्तार कर लिया है।

# किराने की दुकानें 500 से अधिक लेकिन मेंबर 50, मेंबरशिप बढ़ाएंगे

## किराना एसोसिएशन का स्वागत समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

बैरागढ़ की प्रमुख व्यावसायिक संस्था किराना एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत समारोह में सदस्यों ने कहा कि यहां पर किराना दुकानें तो 500 से अधिक हैं, लेकिन मेंबर मात्र 50 है। इसके बाद पदाधिकारियों ने मेंबरशिप बढ़ाने का निर्णय लिया है।

शनिवार को झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट ने एसोसिएशन के नवनियुक्त किराना एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष रायचंदानी का स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद राजेश हिंगोरानी भी मौजूद रहे।



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में झूलेलाल ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी, कमल प्रेमचंदानी, बसंत चेलानी, राजस्थान से आए डॉ. लोहिया, राज मानवानी, इंदर आडवाणी, माधु चंदवानी, घनश्याम लालवानी, हरीश ज्ञानचंदानी, सुरेश दरयानी, नरेंद्र लालवानी, रमेश हिमथानी, किराना एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ईश्वरलाल नागवानी, सतीश जैन, देव डेटानी, महासचिव मनीष गिदवानी, सचिव नरेश शेवानी, ऑडिटर कन्हैयालाल बचानी, मीडिया प्रभारी सीपी डेटानी, कोषाध्यक्ष भरत मोहनानी, अशोक नानवानी समेत व्यवसायी मौजूद रहे।

## कांग्रेस की बैठक

# खटीक को ब्लॉक अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पास



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस के सभी वरिष्ठों ने बैठक कर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक को ब्लॉक अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पास कर कांग्रेस को मजबूत बनाने का आह्वान किया। नेता विनोद इरपाचे, संजय सिंह चौहान, महेश जैन, साधु गौर, कमल नरेश मालवीय, हरजीत सिंह मंगू, रज्जन नागर, विक्रांत राय, राजू मेहरा, दुर्गेश यादव, पंकज नागरानी, राजकुमार राजपूत, रेवा शंकर राय, आशीष गौर, उत्तम यादव, अमित मोनी नागर, अनिल प्रजापति, जसवंत कीर, मनोज नागर, मनोज खटीक, सुदर्शन लोवंशी, राजा राजपूत, कमलेश लोधी, राजाराम यादव ने कहा कि राजेश खटीक ने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए तैयार होने से कांग्रेस में उत्साह है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेज कर यह मांग की है।

**साधु वासवानी स्कूल में शिक्षक उन्मुखीकरण पर हुई कार्यशाला**

# विद्यार्थी आईपेड, एलेक्सा का उपयोग करते हैं, उनको शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी सभागार में शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला में शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य है शिक्षा के क्षेत्र में नई तकनीकी शिक्षा का चलन, जिसके साथ चलना अत्यंत आवश्यक है।

आज कम्प्यूटर, स्मार्ट क्लास और मोबाइल का चलन है। नई शिक्षा नीति के आयाम को समझना हमारा प्रथम कर्तव्य है। शिक्षक अपने दायित्व, चुनौतियों को महसूस करें एवं विद्यार्थियों को नेक इंसान बनाकर समाज के सामने प्रस्तुत करें।



### शिक्षिकों को तकनीक से रुबरु होना होगा

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्रोफेसर सुनीता चौबे ने बताया कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। जिस जनरेशन में विद्यार्थी आईपेड, एलेक्सा का प्रयोग करते है, उनको अल्फा जनरेशन विद्यार्थी कहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा देना बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसके लिए हमें भी आज की तकनीकी से रुबरु होना पड़ेगा और उनके अनुसार स्मार्ट टेक्नालाजी से पढ़ाना होगा। कार्यशाला में प्राचार्या सुतापा जायसवाल, पीआरओ दीपा आहूजा, रुपाली मेशराम, भावना कलवानी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## विधायक पटवा ने किया भूमिपूजन, ग्रामीणों को आसानी से मिल सकेगा इलाज

# सलकनी गांव में 65 लाख से बनेगा उप-स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शनिवार को ग्राम सलकनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विधायक सुरेंद्र पटवा ने 65 रुपए लाख की लागत से बनने वाले उप-स्वास्थ्य केंद्र का कन्या पूजन कर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में पटवा ने कहा कि यह उप-स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगा। हम प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शिता से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना का विस्तार हो रहा है।

### विधायक ने किया पौधरोपण




### भूमिपूजन कार्यक्रम में इन्होंने की शिरकत

इस अवसर पर पटवा ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर दशरथ गुर्जर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव जनपद सदस्य सुलेखा चौहान तामोट राधा कुशवाहा बीलखेड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर पूर्व सरपंच अमर सिंह लोवंशी गजेंद्र नागर आदि मौजूद रहे।



### धाकड़ समाज में मोहन पटेल बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजूभाई पटेल को बनाया गया प्रदेश उपाध्यक्ष





धाकड़ नागर समाज में मोहन पटेल पारखेड़ी और राजू भाई पटेल उच्च पदाधिकारी बनाए गए हैं। स्थानीय धाकड़ समाज के अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहन पटेल पारखेड़ी को धाकड़ समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, वहीं व्यापार महासंघ के नेता राजू भाई पटेल को धाकड़ समाज का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। चाचा-भतीजे को व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, विक्रमधारी नीरज चावला संरक्षक अशोक मित्तल, रतन मेघानी, रमेश वासवानी, विवेक मित्तल, दिनेश सेन, विजय जैन, अमित राय, बल्लू अरोरा, गिरीश चावला, डॉ. नंदू नागर, नरेंद्र सिंह नागर, प्रेम तालाब, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, रजनीश पटेल इकलामा तेज सिंह नागर, इटाया कुंवर सिंह नागर, दीपेंद्र नागर, विनोद नागर, शुभम नागर, उमेश नागर ने बधाई दी।

# इंस्पायर अवॉर्ड में छात्रा ने पेश किया व्हील चेयर का मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

इंस्पायर अवॉर्ड योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर नवाचार आधारित मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अनामिका साकेत ने शिक्षिका भावना बनखेड़े के मार्गदर्शन में स्मार्ट व्हील चेयर का मॉडल प्रस्तुत किया। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा एवं दिल्ली के विज्ञान अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थी की टेबल पर जाकर उनके बनाए मॉडल की जानकारी ली।

# झरनों की सरसराहट के साथ नजर आई बरसाने की होली और देव दिवाली की आतिशबाजी

## नेशनल कैमरा डे आज राजधानी के युवा फोटोग्राफर्स के ऐसे फोटो, जो पाठकों को लगे बेहद आकर्षक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिल्म या डिजिटल मेमोरी का उपयोग करके फोटोग्राफिक छवि कैप्चर करने वाले कैमरा आज के जमाने की अहम जरूरत बन गया है। जिसका प्रयोग सोशल मीडिया की वजह से ओर भी खास हो गया है। आज नेशनल कैमरा डे के अवसर पर हरिभूमि ने तलाशे कुछ ऐसे खास फोटो जिन्हें राजधानी के फोटोग्राफर ने बड़े ही अनोखे अंदाज से अपने कमरे में कैप्चर किया। इन फोटोस में जहां एक और मौसम की मासूमियत नजर आती है तो वहीं दूसरी ओर फोटोज में नजर आई बरसाने की होली और देव दिवाली की आतिशबाजी।



### जसप्रीत सिंह ने भारत के प्रमुख त्योहारों को किया कैमरे में कैद





**हरिभूमि के वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट** जसप्रीत सिंह ने हाल ही में बरसाना की लठमार होली और देव दिवाली उत्तर भारत के प्रमुख त्योहारों के फोटो को अपने कैमरे में कैद किया। जहां बरसाने की लठमार होरी में नंदगांव के पुरुष (हुरियारे) बरसाना की महिलाओं (हुरियारिन) पर रंग डालते हुई फोटो ने बरबस ही अपना ध्यान आकर्षित किया। वहीं, वाराणसी (काशी) में कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाने वाली देव दिवाली में गंगा नदी के किनारे, घाटों पर दीप जलाकर देव दिवाली मनाई जाती है और गंगा के घाट पर जगमग दीयों की रौशनी से सजे जसप्रीत सिंह के यह फोटो पाठकों के बीच खासे पसंद किए गए।

### मनिंदर सिंह ने मानसून की मासूमियत को किया कैमरे में कैद





राजधानी के फोटोग्राफर मनिंदर सिंह ने मानसून की मासूमियत को अपने कमरे में कैप्चर किया। उन्होंने बिलकिसगंज के पास खारी गांव के सुहावने मौसम पर आधारित फोटो को कैप्चर किया और इस फोटो को दर्शकों व पाठकों की काफी सराहना मिली। मनिंदर ने कहा कि मुझे ऐसी फोटो करने का बेहद शौक है और मैं सुहावने मौसम को हमेशा करता हूं कैमरे में कैद।

### राजधानी के सड़क किनारे लगे छातों के फोटो को किया कैप्चर





**हरिभूमि** के सीनियर फोटो जर्नलिस्ट स्व. रविंद्र सिंह के सुपुत्र **फोटोग्राफर गुरु अमृतपाल सिंह** ने बारिश के सुहावने मौसम को अपने कैमरे में कैद किया। जिसमें जहां एक ओर बारिश का आनंद लेते लोग नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर बारिश के लिए राजधानी के सड़कों के किनारे लगे स्टॉल भी आकर्षक लगे।

---

मीरा बाई के पदों पर आधारित म्यूजिकल ड्रामा 'दूसरो न कोई' की प्रस्तुति रंग श्री लिटिल बैले में

# तीन पात्रों ने दर्शाया मीरा बाई के बालपन से लेकर जोगन बनने तक का सफर...

देश के अलग-अलग हिस्सों से आए करीब 20 कलाकारों ने 25 दिन में तैयार किया म्यूजिकल ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सखी री मैं तो गिरधर के रंग राती...., पचरंग मेरा चोला रंगा दे, मैं झुरमुट खेलन जाती। झुरमुट में मेरा सांई मिलेगा, खोल अडम्बर गाती॥ मेरे पिय मो माहिं बसत है, कहूं न आती जाती॥ पीहर बसूं न बसूं सासघर, सतगुरु सब्द संगाती। ना घर मेरा ना घर तेरा, मीरा हरि रंग राती॥ सखी री मैं तो गिरधर के रंग राती.... मीराबाई के इन पदों में कृष्णभक्ति की अप्रतिम भावना व्यक्त होती है, आत्मा-परमात्मा के मिलन को बहुत सहज ढंग से व्यक्त करती इस प्रस्तुति में निर्गुण, निराकार ब्रह्म के रूप को भी दर्शाने का सार्थक प्रयास किया।

सूफियाना अंदाज में सजी मीरा बाई के बारह पदों पर आधारित यह म्यूजिकल प्रस्तुति 'दूसरो न कोई' देखने को मिली शनिवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में। स्व. बंसी कौल की स्मृति में रंग विदूषक संस्था द्वारा आयोजित इस म्यूजिकल प्रस्तुति के लिए देश के अलग-अलग कोनों से आए करीब 20 कलाकरों ने मंच पर प्रस्तुति दी। जम्मू कश्मीर, हैदराबाद, दिल्ली, उड़ीसा सहित अनेकों राज्यों से आए प्रतिभागियों ने 25 दिन की वर्कशाप में अभिनय की बारीकियां सीखीं और अंत में शनिवार को यह म्यूजिकल परफार्मेंस दी।1 घंटे 15 मिनट के इस म्यूजिकल ड्रामा का लेखन किया अंजना पुरी ने और डिजाइन व निर्देशन रहा कन्हैया लाल कैथवास का।





### मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो ना कोई.....

नाटक की शुरुआत मीरा बाई के बचपन से होती है जिसमें प्रयुक्त मीरा बाई का पद मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो ना कोई.....में प्रभु श्री कृष्ण की भक्ति में मगन मीरा बाई के बाल रूप ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा, वहीं अगली कड़ी में मीरा बाई के पद बसो मेरे नैनन में नंदलाल, मोहनी मूरत, सांवरी सूरत, नैना बने बिसाल....ने कृष्ण की प्रेम दिवानी मीरा के भक्तिमय भावना को अभिव्यक्त किया। बाल्य काल की चंचल नटखट मीरा जब युवा अवस्था में प्रवेश करती हैं तो कृष्ण की भक्ति में ओर लीन होती जाती हैं, मीरा मगन भई हरि के गुण गाए रे... से मीरा ने कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति को सार्थक किया और अगले दृश्यों में कृष्ण प्रेम में जोगन बनी मीरा ने बरबस ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। करीब तीन पात्रों ने मीरा के अलग-अलग रुपों को मंच पर साकार किया और दर्शकों ने इसका स्वागत करातल ध्वनि से किया।





## मीरा बाई की भक्ति भावना व्यक्त करता पहला म्यूजिकल ड्रामा

नाटक की लेखिका अंजना पुरी ने कहा कि एक प्रकार से इस म्यूजिकल ड्रामा की तैयारी बंसी कौल के समय से 2018 से ही हम कर रहे थे लेकिन 2021 में उनके जाने के बाद हमने पुनः इस पर कार्य किया और यह अपने आप में पहला मीरा बाई के पदों को दर्शाता नाटक है जिसका मंचन हो रहा है।

**2018 से चल रही थी इसकी तैयारी**



---

## मेरे एग्जाम चल रहे थे और दूसरे दिन से पेजेंट की ग्रूमिंग स्टार्ट होनी थी...

मिस्टर, मिस और मिसेज मध्यप्रदेश सीजन-3 की रनर अप शिवानी लाऊत्रे ने अपने अनुभव किए साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हरिभूमि चर्चा

मेरे एग्जाम चल रहे थे और दूसरे दिन से पेजेंट की ग्रूमिंग स्टार्ट होनी थी। मैं काफी स्ट्रेस में थी, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। इसके लिए मैंने सबसे पहले वॉक की प्रैक्टिस की। अपनी डाइट और स्पीकिंग आदि पर पूरा ध्यान दिया। जो भी गाइडेंस मिला उसे फॉलो किया। जॉब का कोई टाइम निश्चित नहीं था। कभी दिन या रात की भी शिफ्ट थी। इस बीच मैंने स्वयं को प्रॉपर मेंटेन रखने के साथ ही अपने सपनों को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया। मेरा यही कहना है कि आप हार न मानें और सही से प्लानिंग करें, तो आप सफल हो सकते हैं। यह कहना है शिवानी लाऊत्रे का, नर्सिंग ऑफिसर शिवानी का जो गांधी मेडिकल कॉलेज से एमएससी कर रही हैं। हाल ही में मिस्टर, मिस और मिसेज मध्यप्रदेश सीजन-3 पेजेंट में रनरअप रहीं। शिवानी ने हरिभूमि से बातचीत में अपने जीवन के अंशों पर प्रकाश डाला।

### जॉब के साथ अपने सपनों को उड़ान देने की कोशिश जरूर करूंगी

उन्होंने कहा कि हर लड़की का एक सपना होता है। मेरा भी एक सपना था। मैंने अपने सपने को साकार करने के लिए मेहनत की। मेरा बचपन से एक ही सपना था कि मैं ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भाग लूं और इस बार मेरा यह सपना पूरा हुआ, जिसे जीतने के लिए मैंने अपनी जी जान लगा दी। उन्होंने कहा कि मैंने इस पेजेंट से बहुत कुछ सीखा है और अब अपनी जॉब के साथ मैं अपने सपनों को उड़ान देने की कोशिश जरूर करूंगी।

---

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में प्रथम सारस फेस्टिवल

## बच्चों ने सीखा सारस के चित्र के साथ मिट्टी से मॉडल बनाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल बड्र्स, क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय एवं व्ही एन एस नेचर सेवियर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को मप्र के प्रथम सारस फेस्टिवल का आयोजन क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन कॉलेज के छात्र-छात्राओं हेतु चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्ले मॉडलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा नमभूमि में सारस विषय पर चित्र बनाये एवं मिट्टी से सारस का मॉडल बनाना भी सीखा।

इस कार्यक्रम में देशभर के 23 फोटोग्राफर्स की 30 फोटो को प्रदर्शित करने के लिये चुना गया था, जिसमें सारस के जीवनकाल के विभिन्न आयामों की झलक दिखाई दे रही है। कार्यक्रम के प्रथम दिन इस फोटो प्रदर्शनी का शुभारम्भ शुभरंजन सेन (प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी) एवं शिल्पी दिवाकर ने किया।

## कायस्थम के गीतों की एक शाम 'रिमझिम गिरे सावन' अगस्त में

भोपाल। कायस्थम अपने सदस्यों चित्रांश गायकों के लिए कराओके सिंगिंग का रंगारंग कार्यक्रम अगस्त माह में आयोजित करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यतः सावन, बारिश पर आधारित गीत होंगे, अन्य लोकप्रिय गीत भी गाए जा सकेंगे। चित्रांश गायक इसमें अधिकतम दो गीत प्रस्तुत कर सकेंगे।

- 10 जुलाई तक दे सकेंगे सहमति

युगल गीत के लिए सह गायक-गायिका का चुनाव प्रतिभागी स्वयं भी कर सकेंगे। कार्यक्रम के लिए दिनांक एवं स्थान की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी। गायकों को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए स्वयं के गाए किसी एक गीत की रिकॉर्डिंग डॉ. पीयूष भटनागर , संयोजक 9826417025, डॉ. रश्मि सक्सेना 9425438755 सचिव एवं सह - संयोजक के नंबर पर वाट्सएप करना होगी। कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सहमति दर्शाने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ते हुए रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल ने शारदा ऑडिटोरियम में एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर वर्ष 2025 के उत्तीर्ण विदेशी छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं, जो भारत आकर ज्ञान की यात्रा में सहभागी बने। इस गरिमामयी समारोह का शुभारंभ एक प्रेरणादायक शैक्षणिक यात्रा से हुआ, जिसका नेतृत्व विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने किया। कार्यक्रम में जिम्बाब्वे, घाना, नाइजीरिया, कैमरून सहित अन्य अफ्रीकी देशों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से बीबीए, बीसीए, बीएससी, बीकॉम, एमएससी और एमकॉम जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफलता प्राप्त की। इस मौके पर अतिथियों द्वारा सोविनियर का विमोचन किया गया।

रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ भव्य अंतरराष्ट्रीय दीक्षांत समारोह

## जिम्बाब्वे, घाना, नाइजीरिया, कैमरून सहित अन्य अफ्रीकी देशों के छात्र-छात्राओं ने भी ली 'डिग्री'



### डिग्री केवल एक उपाधि नहीं, बल्कि जीवनभर की जिम्मेदारी है

समारोह के मुख्य अतिथि रायसेन के पुलिस अधीक्षक पंकज पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, डिग्री केवल एक उपाधि नहीं, बल्कि जीवनभर की जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी न केवल स्वयं की प्रगति की है, बल्कि समाज और वैश्विक मानवता के प्रति भी है। उन्होंने विदेशी विद्यार्थियों के साहस और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने नई संस्कृति और वातावरण में शिक्षा ग्रहण करने का साहसी निर्णय लेकर प्रेरणा का कार्य किया है।

### आज का युग ज्ञान, संसाधन और डेटा के वैश्विक आदान-प्रदान का है

विश्वविद्यालय के चांसलर संतोष चौबे ने कहा आज का युग ज्ञान, संसाधन और डाटा के वैश्विक आदान-प्रदान का है। हर राष्ट्र के पास कुछ ऐसा है जिसे वह साझा कर सकता है। यही सहयोग वैश्विक विकास की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से विविधता का सम्मान करने, बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक दृष्टिकोण अपनाने तथा अनुभव से निरंतर सीखने का आग्रह किया।

### वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित रहा कार्यक्रम

स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल एक शैक्षणिक पड़ाव का समापन है, बल्कि एक नई वैश्विक यात्रा की शुरूआत भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम न केवल अकादमिक सफलता का उत्सव था, बल्कि भारत की वसुधैव कुटुंबकम की भावना, शैक्षणिक समावेशिता और वैश्विक एकता की जीवंत अभिव्यक्ति भी बना।

जैन मुनि आचार्य विद्यानंद की 100वीं जयंती पर बोले पीएम

# श्रद्धांजलि अर्पित कर बताया भारतीय परंपरा का आधुनिक प्रकाश स्तंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली में ॉ कार्यक्रम में जैन मुनि आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पीएम ने उन्हें भारतीय परंपरा का आधुनिक प्रकाश स्तंभ बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी सोच के साथ सरकार देश के सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का विकास कर रही है। पीएम मोदी ने आचार्य की विचारधारा और कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्राकृत भाषा भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है, लेकिन समय



के साथ इसकी उपेक्षा हुई। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्राकृत भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया और भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों को डिजिटाइज करने का काम भी शुरू किया है। हमने आचार्य विद्यानंद जैसे संतों के प्रयासों को अब पूरे देश का प्रयास बना दिया है।

## दिल्ली में कार्यक्रम में कहा- संतों के प्रयासों को अब पूरे देश का प्रयास बना दिया

प्राकृत भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया

केंद्र सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का विकास कर रहा




**जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब वह सेवामय हो**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यानंद जी का मानना था कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब वह सेवामय हो जाए। यही विचार जैन दर्शन की मूल आत्मा है, और यही भारत की चेतना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत सेवा प्रधान और मानवता प्रधान देश है। दुनिया जब हिंसा से हिंसा को मिटाने में लगी थी, तब भारत ने अहिंसा की शक्ति का मार्ग दिखाया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और यह इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि हमारे विचार, दर्शन और चिंतन अमर हैं। हमारे ऋषि-मुनि, संत और आचार्य ही इस दर्शन के स्रोत हैं।

### प्रधानमंत्री को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि प्रदान की
### विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए

इस अवसर पर आयोजकों ने प्रधानमंत्री को 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि प्रदान की। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन यह हमारे संस्कार हैं कि संतों द्वारा दी गई हर चीज को प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं इसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं और मां भारती को अर्पित करता हूं। यह दिन और भी खास है। 28 जून 1987 को ही आचार्य को आचार्य पद की उपाधि मिली थी।

### नौ संकल्पों को दोहराया और पालन करने की अपील की

पीएम ने 9संकल्पों को दोहराया और लोगों से उनका पालन करने की अपील की। संकल्प हैं- पानी बचाना, मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता, 'वोकल फॉर लोकल', देश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, सेहतमंद जीवनशैली।

### यह अभूतपूर्व वातावरण का प्रेरक बना

पीएमने कहा कि आचार्य जी उनकी जन्म शताब्दी का ये पूज्य पर्व... उनकी अमर प्रेरणाओं से ओत-प्रोत यह कार्यक्रम एक अभूतपूर्व प्रेरक वातावरण का निर्माण हम सबको प्रेरित कर रहा है।

### उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे

उन्होंने कहा कि आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तब ये तारीख हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाती है। इस अवसर पर आचार्य के चरणों में नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं।

**जो हमें छेड़ेगा..कहते ही लगे 'भारत माता की जय' के नारे :** पीएम ने एक जैन संत के प्रवचन का भी जिक्र किया। वे 'ऑपरेशन सिंदूर' को आशीर्वाद दे रहे थे। पीएम ने कहा जो हमें छेड़ेगा..., लोगों ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

---

## खबर संक्षेप

### बिश्नोई गैंग ने कारोबारी से 30 करोड़ रंगदारी मांगी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के लिए काम



करने वाले रोहित गोदारा और उसकी गैंग ने कारोबारी से मांगी 30 करोड़ की रंगदारी मांगी है। कारोबारी अशोक चांडक भाजपा से भी जुड़े हैं। चांडक ने एफआईआर दर्ज करवाई है। गोदारा, हैरी बॉक्सर और अन्य के खिलाफ उन्होंने केस दर्ज करवाया है।

### गुजरात कांग्रेस उपाध्यक्ष का बेटा गिरफ्तार

**भरूच।** गुजरात कांग्रेस के उपाध्यक्ष हीरा जोतवा को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने कथित मनरेगा घोटाले के मामले में कांग्रेस नेता हीरा जोतवा और उनके बेटे दिग्विजय जोतवा समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।सभी आरोपियों पर मनरेगा में सरकारी धन की हेराफेरी का आरोप है। सरकारी धन की हेराफेरी का बड़ा आरोप है।

### पूर्व सांसद के पीए को तलवारों से काटा

**लुधियाना।** यहां शिरोमणि अकाली दल के पूर्व सांसद जगदेव सिंह तलवंडी के पीए कुलदीप सिंह



मुंडियां को देर रात कार सवारों ने तलवारों से काट डाला। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। कुलदीप सिंह शुक्रवार की देर अपनी कार में फार्म हाउस से निकले थे। रास्ते में कार सवार आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और मरदे दम तक मारते रहे।

### रोहतक के एक परिवार के 4 लोगों की मौत

**रोहतक।** यहां के खेड़ी साध निवासी एक परिवार के चार लोगों की मेंहदीपुर बालाजी से लौटते



समय हादसे में मौत हो गई। आईएमटी थाना पुलिस ने बताया कि खेड़ी साध गांव निवासी प्रमिला (46) अपने बेटे दिपांशु (21) बेटी साक्षी (17) और पड़ोसी राजबाला (60) के साथ एक कार में सवार होकर राजस्थान के मेंहदीपुर बाला दर्शन करने के लिए गए थे।

### लॉ के छात्रों को बड़ी राहत, कार्रवाई पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के एक कानून छात्र को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की गई एहतियाती



हिरासत से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस हिरासत को पूरी तरह से गलत और असंगत बताया। बता दें कि, ये मामला मध्य प्रदेश के बैतूल जिले का है, जहां अनु उर्फ अनिकेत, जो कि एक कानून का छात्र है। को 11 जुलाई 2024 को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था।

---

कोलकाता में छात्रा से दुष्कर्म मामले में नहीं थम रहा बवाल

# लॉ कॉलेज का गार्ड भी गिरफ्तार, अब तक 4 पर शिकंजा, प्रदर्शन करते सुकांत हिरासत में

### भाजपा ने ममता सरकार पर बोला हमला, इस्तीफा भी मांगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस ने बताया है कि लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बेनर्जी को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा गार्ड को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। वह गोलमोल जवाब दे रहा था। कॉलेज में उसकी मौजूदगी कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि गार्ड अपनी ड्यूटी में नाकाम रहा। वह जवाब नहीं दे पाया कि उसने क्यों उचित कार्रवाई नहीं की और तीनों आरोपियों को अपराध करने से क्यों नहीं रोका? वह क्यों और किसके कहने पर अपने कमरे से बाहर निकला? वह इसका जवाब भी नहीं दे रहा है।

**आरजीकर मामले के बाद फिर बंगाल शर्मसार**

### तीनों आरोपी पहले से ही गिरफ्तार



इससे पहले कोलकाता के विधि कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी व तृणमूल कांग्रेस के छात्र नेता मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रोमित मुखोपाध्याय को गिरफ्तार किया है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार पर भी कार्रवाई की

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी छात्रा के गैंगरेप और हत्या के मामले ने सबको हिलाकर रख दिया था। इस मामले में कस्बा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घटना के बाद से भाजपा इसे लेकर सरकार पर हमलावरहै। भाजपा ने कोलकाता में गैंगरेप केस की जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मजूमदार को हिरासत में ले लिया है।

**प्रदर्शन को दबाने की कोशिश**



भाजपा ने मांगा सीएम ममता का इस्तीफा

### घटना को बताया राज्य प्रायोजित राज्य में निर्दयता बढ़ी

भाजपा ने पबंगाल सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राज्य की टीएमसी सरकार पर हमला बोला। भाजपा प्रवक्ता



संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि जिस राज्य की सीएम एक महिला हैं, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए, लेकिन वहां इतनी असंवेदनशीलता और निर्दयता क्यों है? पीड़िता ने जो बयान दिया है, उससे साफ पता चलता है कि सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है।

### टीएमसी के शीर्ष नेताओं के साथ दिखा मुख्य आरोपी

भाजपा ने कहा कि हम सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर ममता से स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं बल्कि हम उनसे माफी मांगने और सीएम पद से इस्तीफा देने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि पीड़िता को हॉकी से पीटा गया। जिस तरह से डरावनी फिल्मों में शैतान महिलाओं के साथ सलूक करते हैं, वैसा ही सलूक टीएमसी के गुंडों ने पीड़िता के साथ किया। वे उसे अस्पताल लेकर नहीं गए। टीएमसी का नेता मनोजीत मिश्रा इसमें मुख्य आरोपी है। उसे अभिषेक बनर्जी, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के साथ भी देखा गया है।

### यह क्रूर घटना राजनीति से प्रेरित

संबित पात्रा ने कहा कि यह क्रूर घटना राजनीति से प्रेरित है। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं क्योंकि यह पूरा मामला कॉलेज संघ से जुड़ा है। मुख्य आरोपी खुद टीएमसी की छात्र शाखा का सचिव रहा है और वह टीएमसी का सदस्य है।

### राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

भाजपा नेता और नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए और सेना और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाए। टीएमसी दुष्कर्मियों, भ्रष्टाचारियों और देश विरोधियों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार में महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं।

भाजपा ने बनाई 4 सदस्यों की जांच कमेटी

### कॉलेज का दौरा कर सौंपेगी रिपोर्ट



नई दिल्ली। गैंगरेप मामले में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने 4सदस्यों वाली जांच कमेटी बना दी है। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह और मीनाक्षी लेखी,सांसद बिप्लव देव और मनन मिश्रा को शामिल किया किया गया है। यह कमेटी कॉलेज का दौरा करेगी और रिपोर्ट नड्डा को सौंपेगी।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

### तत्काल कार्रवाई की जाए, पुलिस सहयोग करे



नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दक्षिण कोलकाता में हुए सामूहिक बलात्कार मामले में तत्काल कार्रवाई करने और आयोग के सदस्य और पीड़िता एवं उसके परिवार के बीच बैठक के लिए राज्य पुलिस से सहयोग मांगा है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने इस घटना को गंभीर बताया।

---

नागपुर में बोले सीजेआई गवई

# एक संविधान के लिए धारा 370 हटाने का फैसला स्वीकार किया



एजेंसी ▶▶ नागपुर

देश के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहेब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहेब ने कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश को एकजुट रखेगा।

### सुनवाई के दौरान डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आ गए

डॉ. आंबेडकर भी पूरे देश के लिए एक संविधान चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि आर्टिकल 370 पर सुनवाई के दौरान उन्हें डॉ. आंबेडकर के शब्द याद आ गए थे। सीजेआई गवई नागपुर में संविधान प्रस्तावना पार्क के उद्घाटन के मौके पर संबोधित कर रहे थे।

### संविधान में तीनों अंगों की सीमाएं तय

इससे पहले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है। उन्होंने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

### न्यायिक दुस्साहस, आतंकवाद न हो

सीजेआई ने कहा कि अगर न्यायपालिका हर मामले में कार्यपालिका और विधायिका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करती है, तो मैं हमेशा कहता हूं हालांकि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक दुस्साहस और न्यायिक आतंकवाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब कोई कानून संसद या राज्य विधानसभा के अधिकार से परे बनाया जाता है और यह सांविधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, तो न्यायपालिका के लिए हस्तक्षेप करना अनिवार्य है।

---

मणिपुर में नई सरकार की कवायद तेज

# विधायकों के साथ चल रहीं बैठकें, जल्द बनेगी नई सरकार

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में



एक बार फिर से लोकप्रिय सरकार बनाने की कोशिशें चल रही हैं। इस समय मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। भाजपा के राज्य कार्यालय में एक कार्यक्रम से इतर सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य में जल्द ही एक नई सरकार बनेगी।

### बीरेन बोले-हमारा फोकस संकट पर

बीरेन ने कहा हम जल्द सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जमीनी स्थिति को देखने के बाद मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार जल्द बनेगी। भाजपा और उसके सहयोगी भी एक लोकप्रिय सरकार चाहते हैं। हम लोकप्रिय सरकार की वापसी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने (भाजपा) किसी की आलोचना नहीं की है। हम केवल मौजूदा संकट पर फोकस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों से बातचीत जारी है।

---

केरल के स्कूलों में जुंबा डांस पर विवाद

# इस कार्यक्रम पर मुस्लिम संगठनों ने जताई आपत्ति

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के स्कूलों में छात्रों का तनाव कम करने शुरू किए गए जुंबा डांस कार्यक्रम



को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की पहल पर यह फिटनेस प्रोग्राम लागू किया गया था, ताकि स्कूली छात्रों में बढ़ते तनाव को कम किया जा सके और नशे की लत जैसी समस्याओं से उन्हें दूर रखा जा सके। लेकिन इस कदम पर राज्य के कुछ मुस्लिम संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है।

### एक साथ डांस में नैतिकता होगी प्रभावित

मुख्यमंत्री ने हाल ही में सुझाव दिया था कि कक्षा 8 से जुंबा सत्र स्कूलों में लागू किए जाएं। इसके बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को जुंबा की ट्रेनिंग देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। लेकिन कुछ मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह कदम छात्रों की नैतिकता को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर तब जब लड़के और लड़कियां एक साथ यह डांस करते हैं।

---

# रथ यात्रा में पत्नी संग पहुंचे अडाणी

### शुरू की 'प्रसाद सेवा', अपने हाथों से बनाया



पुरी। बिजनेस मैन गौतम अडानी ने पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा में हिस्सा लिया। अडानी परिवार के साथ2 दिन तक पुरी में रहेंगे।ी समूह ने पुरी धाम में 'प्रसाद सेवा' शुरू की है। ये प्रसाद 26 जून से 8 जुलाई तक रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की 'सेवा' के लिए है। अडानी ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपनी पत्नी प्रीति के साथ मंदिर परिसर में प्रसाद भी अपने हाथों से बनाया।

---

हिमाचल में भारी बारिश ने प्रदेशभर में मचाई तबाही

# 31 की मौत, कई लापता और 53 सड़कें बंद

### 29.16 करोड़ का नुकसान सप्ताह भर में ◆ 66 लोग अब तक घायल

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में मानसून की भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में 20 जून को मानसून आने के बाद से 27 जून तक 31 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोग लापता हैं, जबकि 66 लोग घायल हुए हैं। इसमें सांप के काटने, डूबने, सड़क हादसों के अलावा पानी में बहे लोगों के आंकड़े भी शामिल हैं। भारी बारिश से प्रदेश को सप्ताह में ही 29.16 करोड़ का नुकसान हो चुका है। सबसे ज्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को 2 करोड़ 743.40 लाख का हुआ है। 6 घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं जबकि 8 क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### 135 बिजली ट्रांसफार्मर और 147 पेयजल योजनाएं ठप



प्रदेश भर में 53 सड़कें यातायात के लिए बंद हो चुकी हैं। 135 बिजली ट्रांसफार्मर और 147 पेयजल योजनाएं ठप होने से हजारों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। राज्य में सबसे अधिक नुकसान कुल्लू जिले में दर्ज किया गया है, जहां 23 सड़कें बंद हैं। निरमंड और आनी उपमंडलों में जलापूर्ति और बिजली व्यवस्था ठप गई है। जिले में 74 ट्रांसफार्मर और 118 पेयजल योजनाएं काम नहीं कर रही हैं।

**ऑरेंज अलर्ट घोषित**

मौसम विभाग ने आगामी 3 जुलाई तक भारी वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है। विशेष रूप से 29 जून को भारी बारिश की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

**उत्तराखंड में बारिश का कहर**



### नदी-नाले उफने, पानी घरों में घुसा ऋषिकेश का रास्ता बना खतरनाक

**ऋषिकेश।** यहां वर्षा के जलते नदी नाले उफान पर आ गए। विभिन्न स्थानों पर जलभराव है। ऋषिकेश मार्ग में भी जगह-जगह जल भराव एवं भारी मलबा आ गया। इसके अलावा एयरपोर्ट के अंदर से आया पानी लोगों के घरों मे घुस गया। घर में रखा सामान भीग गया और उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। मोलधार अठुरवाला में बनी पुलिया के नीचे कूड़ा व बरसाती मलबा भर जाने से बरसाती पानी ओवरफ्लो हो गया और घरों व दुकानों के आसपास भर गया। सुसवा नदी उफान पर दिखी।

---

डब्ल्यूएचओ ने भारत सरकार को सराहा

# देश को बड़ी 'कामयाबी' मिली 'जीरो-डोज' वाले बच्चों में कमी

**नई दिल्ली।** जीवनभर आपको कई प्रकार की गंभीर और संक्रामक बीमारियों के खतरे से बचाने में बचपन के टीकाकरण की अहम भूमिका है। इस दिशा में भारत सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। केंद्रीय



स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि सरकार के सक्रिय, समावेशी दृष्टिकोण के चलते 'जीरो डोज चिल्ड्रेन' की दर में कमी आई है। देश की कुल आबादी में 'जीरो डोज' वाले बच्चों का प्रतिशत 2023 में 0.11 प्रतिशत से घटकर 2024 में 0.06 प्रतिशत हो गया है, जो बाल स्वास्थ्य की दिशा में बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 'जीरो डोज' वाले बच्चों का मतलब उन बच्चों से है जिनतक नियमित टीकाकरण सेवाओं की या तो पहुंच नहीं है या फिर जिनका कभी भी टीकाकरण ही नहीं हुआ है।

दोनों देशों के मध्य रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा में मजबूत कदम उठे

### भारत-फ्रांस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

### भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक विश्वास और तकनीकी समझ बढ़ी

# भारतीय सेना ने दिखाई जबरदस्त रणनीतिक कुशलता और तालमेल

*ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ*

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास शक्ति-8 दोनों देशों की सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग और परिचालन स्तर की तालमेल को और मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास फ्रांस के दक्षिणी हिस्से में स्थित कैंप लारजैक, ला कावालरी में आयोजित किया जा रहा है।

इस अभ्यास में भारत की तरफ से जम्मू-कश्मीर राइफल्स बटालियन के करीब 90 सैनिक भाग ले रहे हैं, जबकि फ्रांसीसी सेना की ओर से 13वीं डेमी-ब्रिगेड डे लेजियन एत्रांजेरे (विदेशी सेना ब्रिगेड) हिस्सा ले रही है।



**अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया**

*ये सैन्य युद्ध अभ्यास शहरी और अर्ध-विकसित इलाकों में किया गया। इस दौरान दोनों सेनाओं ने शहरी युद्ध, बाधा पार करने, संयुक्त गश्त और सैनिकों की तैनाती जैसे कई मिशन-विशेष अभ्यास किए। ये सभी अभ्यास वास्तविक युद्ध स्थितियों के अनुरूप किए गए, जिससे सैनिकों की रणनीतिक लचीलापन और फुर्ती में सुधार हुआ।*

**96 घंटे का तीव्र फील्ड अभ्यास**

इस अभ्यास का विशेष आकर्षण रहा चार दिन यानी 96 घंटे तक चलने वाला हाई-इंटेंसिटी फील्ड ऑपरेशन। इसमें दोनों देशों की सेनाओं ने एक साथ मिलकर बहु-आयामी युद्ध परिदृश्य को अंजाम दिया। इस दौरान सैनिकों की सहनशक्ति, फैसले लेने की क्षमता और नेतृत्व कौशल की परीक्षा ली गई।



### भारतीय राजदूत ने बढ़ाया हौसला

भारत के फ्रांस और मोनाको में राजदूत संजीव सिंगला ने शिविर का दौरा कर भारतीय सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने सैनिकों की पेशेवर क्षमता की सराहना की और भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग में उनके योगदान को अहम बताया। उनके दौरे ने सैनिकों का मनोबल और बढ़ाया।

**इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और ड्रोन-रोधी प्रशिक्षण**

*इस कड़ी में विशेषज्ञ टीमों ने रेडियो सिग्नल पकड़ने, उन्हें जाम करने, स्पेक्ट्रम नियंत्रण और ड्रोन निष्क्रिय करने जैसे आधुनिक तकनीकों का अभ्यास किया। इससे दोनों सेनाओं की आधुनिक युद्धक्षेत्र में काम करने की क्षमता को मजबूती मिली।*



### सामरिक साझेदारी को मिली नई ऊंचाई

शक्ति-8 अभ्यास से यह साबित हो गया है कि भारत और फ्रांस की सेनाएं एक-दूसरे से बेहतर तरीके से समन्वय कर सकती हैं। इस अभ्यास ने रणनीतिक विश्वास, तकनीकी समझ और संयुक्त अभियान क्षमता को नई ऊंचाई दी है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

---

## खबर संक्षेप

### सैम ऑल्टमैन बोले- कबाड़ हैं सभी लैपटॉप-कंप्यूटर

**वॉशिंगटन।** ओपनएआई के सीईओ सैम आल्टमैन के हिसाब से मौजूदा कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर



एआई के पहले के दौर के हिसाब से डिजाइन किए गए थे। अब उनका दौर जा चुका है यानी कि अब ये कबाड़ हो चुके हैं। हालांकि अब दुनिया ऐसे डिवाइसेज की तरफ बढ़ रही है जो अधिक जागरुक, अधिक व्यक्तिगत और पर्यावरण को लेकर अधिक संवेदनशील सिस्टम हैं जिनका काम सिर्फ कंप्यूट करना नहीं बल्कि यूजर्स के आस-पास के माहौल, जरूरतों और व्यवहार को समझकर प्रतिक्रिया देना है।

### फ्रांस में सिगरेट पीने पर पाबंदी, 13 हजार का जुर्माना

**पेरिस।** फ्रांस ने 29 जून से पब्लिक प्लेस पर सिगरेट पीने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। सरकार के नए



नियम के अनुसार, लाइब्रेरी, स्विमिंग पूल और स्कूलों के बाहर भी धूम्रपान नहीं करना होगा। यह नियम पहले 1 जुलाई से लागू होने वाला था, लेकिन अब इसे 29 जून से लागू कर दिया गया है। यह कदम बच्चों को सिगरेट के धुएं से बचाने के लिए उठाया गया है। अगर कोई इस नियम को तोड़ेगा, तो उसे 135 यूरो (लगभग 13,517 रुपए) का जुर्माना देना पड़ सकता है।

---

### गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण

# वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2029 का पहली बार 'भारत' में आयोजन



- भारत की खेल अवसंरचना की मिली वैश्विक मान्यता
- भारत ने इन खेलों के 8 बार भाग लेकर 1400 पदक जीते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत पहली बार 2029 में प्रतिष्ठित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स (विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों) की मेजबानी करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत को मिली इन खेलों की मेजबानी को प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात करार दिया है। गुजरात के अहमदाबाद को इन खेलों का आयोजन होगा। वर्ष 1985 से विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल हर दो वर्ष में एक बार आयोजित किए जाते हैं।

अपने 'एक्स' पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विकसित विशाल खेल अवसंरचना की वैश्विक मान्यता है। अहमदाबाद को इस आयोजन का स्थल चुना जाना इसे अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि भारत को 2029 के संस्करण की मेजबानी मिलना न केवल देश की खेल क्षमताओं का प्रमाण है, बल्कि यह पुलिस और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के समर्पण और कौशल को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत को 2029 के संस्करण की मेजबानी मिलना न केवल देश की खेल क्षमताओं का प्रमाण है, बल्कि यह पुलिस और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के समर्पण और कौशल को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा*

#### ऑल इंडिया पुलिस गेम्स से होगा चयन

*वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के लिए भारतीय टीम का चयन सालाना ऑल इंडिया पुलिस गेम्स के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। देश में पुलिस खेलों का संचालन ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड करता है, जिसके अंतर्गत 53 सदस्य संगठन हैं, जिनमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, राज्य पुलिस बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। यह बोर्ड हर वर्ष 40 राष्ट्रीय स्तर के पुलिस खेल आयोजन करता है, और इनमें से हर खेल के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है।*

#### 1985 में हुई थी शुरुआत

वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स एक द्विवर्षीय (हर दो साल में) आयोजन है जिसकी शुरुआत 1985 में हुई थी। अब तक इसके 20 संस्करण हो चुके हैं, जिनमें से अमेरिका में 8 बार, कनाडा में 5 बार, यूरोप में 4 बार, ब्रिटेन में 2 बार और चीन में 1 बार यह आयोजन हुआ है। ये खेल पुलिस, अग्निशमन, आपात, आपदा सेवाओं और घटना के वक्त सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए हैं।

#### भारत की भागीदारी और उपलब्धियां

*भारतीय पुलिस की टीम ने पहली बार 2007 में एडिलेड में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में भाग लिया था। तब से लेकर अब तक भारत ने इन खेलों के 8 संस्करणों में भाग लेकर कुल 1400 से अधिक पदक जीते हैं। सबसे हालिया 20वें संस्करण का आयोजन 26 जुलाई से 6 अगस्त 2023 के बीच कनाडा के विनिपेग में हुआ था, जिसमें भारतीय पुलिस के 133 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 343 पदक जीते जिनमें 224 स्वर्ण, 82 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यह भारतीय दल के लिए अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन था। इन खेलों में पुलिस, अग्निशमन और आपदा सेवाओं के कर्मी 50 से अधिक खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।*

#### वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाएं

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवाओं से 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वर्ष 2047 में भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होंगे। शाह ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी नेता गोविंद गुरु के योगदान को भी याद किया और कहा कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान क्षेत्र के लोगों की अंतरात्मा को जगाया। शाह, शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में गुजरात के पंचमहल जिले में गोधरा के पास विंजोल में श्री गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के लिए 125 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। शाह ने गोविंद गुरु को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ उस संघर्ष में करीब 1,512 आदिवासी भाई-बहन शहीद हुए और गुजरात में मानगढ़ भारत की आजादी की लड़ाई के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया।*

---

### पाक सेना पर आत्मघाती हमला

# 16 सैनिकों की मौत, 6 बच्चों सहित 25 लोग घायल

- *विस्फोटक से लदे वाहन को सैन्य काफिले में टक्कर मारी*
- *खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले की घटना*



ब्लास्ट के बाद सुरक्षाबल जांच करते हुए

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में शनिवार को एक आत्मघाती हमला हुआ। इसकी चपेट में आने से 16 सैनिकों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं, जिनमें सैन्यकर्मी और नागरिक दोनों शामिल हैं। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से लदे वाहन को बम-रोधी इकाई के एक सैन्य वाहन काफिले में टक्कर मार दी। इससे 16 सैनिकों की जान चली गई और 6 सैन्यकर्मी व 19 नागरिक घायल हो गए।

#### हाल का सबसे बड़ा हमला

खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान दोनों में सरकार से लड़ने वाले सशस्त्र समूहों द्वारा वर्ष की शुरुआत से अब तक लगभग 290 लोग, जिनमें ज्यादातर सुरक्षा अधिकारी हैं, मारे गए हैं। घटना के समय सैन्य आवाजाही के कारण इलाके में कर्फ्यू लगाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों ने विस्फोट के बाद राहत अभियान शुरू किया है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।


#### उसुद अल-हरब ने ली जिम्मेदारी

इस हमले की जिम्मेदारी हाफिज गुल बहादुर सशस्त्र समूह से जुड़े आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब ने ली है, जो पाकिस्तान तालिबान का एक गुट है। 2021 में काबुल में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे अपने क्षेत्रों में हिंसा में तेज वृद्धि देखी है।

---

### रूस ने पश्चिमी देशों पर लगाया आरोप

## पुतिन ने कहा- अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे, हथियार के रूप में आतंकवाद का कर रहे इस्तेमाल



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर पश्चिमी देशों पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम देश रूस में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं। पुतिन ने शुक्रवार को बेलारूस की राजधानी मिंस्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बयान दिया।

उन्होंने कहा कि किसी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की गतिविधियों की कोई परवाह नहीं है, जब तक वह रूस के खिलाफ काम कर रहा है। मॉस्को में विस्फोट हुए और अब भी हो रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

#### रूस की आड़ में नाटो ने बढ़ाया रक्षा खर्च

पुतिन ने कहा कि नाटो वर्तमान में रूस की 'आक्रामकता' का हवाला देकर अपने सदस्यों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5 प्रतिशत तक रक्षा खर्च में वृद्धि और यूरोप में सैन्य तैनाती को उचित ठहरा रहा है। उन्होंने कहा कि जब नाटो के सदस्य इस तरह के बयान देते हैं तो वे सब कुछ उल्टा कर देते हैं। कोई भी इस बारे में एक शब्द तक नहीं बोल रहा है कि हम रूसी, विशेष सैन्य अभियान तक कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष की जड़ें दशकों पहले तक जाती हैं जब मॉस्को से नाटो विस्तार के बारे में झूठ बोला गया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद, निरंतर इसे विस्तारित किया गया।

#### एकतरफा खेल नहीं खेलेगा मॉस्को

पुतिन ने कहा कि कोई भी इस पर ध्यान नहीं देना चाहता। जब तक यह रूस के खिलाफ है, सब ठीक है। ऐसा उस वक्त हुआ, जब पश्चिमी देशों ने हमारे देश में अलगाववाद को बढ़ावा दिया और रूस के खिलाफ लड़ाई के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल किया। पुतिन ने कहा कि मॉस्को अब पश्चिम के साथ 'एकतरफा' खेल नहीं खेलेगा। पश्चिमी देशों ने नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) विस्तार और यूक्रेन संघर्ष को हल करने से संबंधित अपने वादों को पूरा न करके बार-बार रूस को धोखा दिया है।

---

### जम्मू में होंगी अहम बैठकें

## पहलगाम का दौरा करेगी संसदीय समिति, हालात की करेगी समीक्षा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में हुए दर्दनाक



आतंकी हमले के बाद अब एक संसदीय समिति वहां दौरा करने जा रही है। यह इस हमले के बाद पहला आधिकारिक दौरा होगा, जिसका उद्देश्य जमीनी हालात की समीक्षा करना और प्रशासनिक व सुरक्षा उपायों का जायजा लेना है। यह दौरा कोयला, खान और इस्पात



से संबंधित संसदीय स्थायी समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कर रहे हैं। समिति का यह विस्तृत दौरा मुंबई, कूर्ग और श्रीनगर जैसे शहरों को कवर करेगा। संसदीय समिति कश्मीर दौरे की शुरुआत जम्मू से करेगी।

---

### फिलीपींस में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**मनीला।** फिलीपींस में शनिवार सुबह 4:37 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 थी। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ में जमीन से 105 किलोमीटर की गहराई पर था। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इससे पहले 24 जून को भी फिलीपींस में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया था।



---

### इजराइल और हमास के बीच होगा युद्धविराम

## ट्रंप बोले- एक हफ्ते के भीतर सीजफायर संभव, बात की है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन डीसी


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म करवाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस स्थित प्रेसिडेंट के ऑफिस ओवल ऑफिस में शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमें लगता है कि अगले हफ्ते के भीतर सीजफायर हो जाएगा। मैंने सीजफायर कराने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। मुझे लगता है कि यह बहुत करीब है। ट्रंप ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए।

#### आईडीएफ की चेतावनी मध्य गाजा खाली करें

इजराइली रक्षा बल ने शुक्रवार रात को मध्य गाजा के नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की। आईडीएफ प्रवक्ता अविचाई आद्रेई ने कहा कि हम उन सभी ठिकानों को निशाना बनाएंगे, जहां से रॉकेट छोड़े जा रहे हैं या जिनका उपयोग आतंकवादी कर रहे हैं। नागरिक इन क्षेत्रों को तत्काल खाली करें। नागरिक तुरंत दक्षिण की ओर अल-मवासी क्षेत्र की तरफ चले जाएं और वापस न लौटें।

#### कनाडा से नाराज ट्रंप बोले- जल्द नया टैरिफ लगाऊंगा

*ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कनाडा के साथ व्यापार वार्ता तुरंत खत्म कर दी है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि वे जल्द ही कनाडा पर नए टैरिफ लगाने की*



*घोषणा करेंगे। दरअसल, कनाडा ने अमेरिका पर डिजिटल सर्विसेज टैक्स (डीएसटी) लगा दिया है। इससे नाराज होकर यह फैसला किया। ट्रंप ने कहा कि अगले 7 दिनों में कनाडा को बता दिया जाएगा कि उसे अमेरिका के साथ व्यापार करने के लिए कितना टैरिफ देना होगा। डीएसटी वह टैक्स होता है। जो ऑनलाइन सर्विस देने वाली कंपनियों से वसूला जाता है जो कनाडा में ऑनलाइन यूजर्स से पैसा कमा रही हैं, उसे आय पर 3% टैक्स देना होगा।*

---

### हिंद महासागर में नहीं चलेगी अब चीन की दादागीरी, देश ने बढ़ाया दबदबा

# श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड में भारत ने ली नियंत्रण हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की प्रमुख रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने श्रीलंका के सबसे बड़े शिपयार्ड, कोलंबो डॉकयार्ड पीएलसी (सीडीपीएलसी) में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। यह सौदा 52.96 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 452 करोड़ रुपए) का है। यह भारत की किसी सरकारी रक्षा शिपयार्ड कंपनी द्वारा किया गया पहला अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण होगा और इसके जरिए भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक रणनीतिक उपस्थिति मिलेगी। यह भारत के सबसे बड़े शिपयार्ड द्वारा पहला अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण है। यह कंपनी पनडुब्बियों, युद्धपोतों और अन्य जहाजों का निर्माण करता है। यह कदम भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक 'रणनीतिक पैर जमाने' में भी मदद करेगा। इस क्षेत्र में चीन अपनी बैठ बढ़ा रहा है। ऐसे में भारत के लिए यह डील बहुत ही महत्वपूर्ण है।

#### खास बातें

- एमडीएल ने 452 करोड़ रुपए में सीडीपीएलसी में 51 प्रतिशत की नियंत्रण हिस्सेदारी ली
- कोलंबो डॉकयार्ड भारत की एमडीएल की सहायक कंपनी बनी



#### 50 से अधिक वर्षों का अनुभव

सीडीपीएलसी के पास जहाज निर्माण, मरम्मत और भारी इंजीनियरिंग का 50 से अधिक वर्षों का अनुभव है। यह कंपनी जापान, नॉर्वे, फ्रांस, यूएई, भारत और कई अफ्रीकी देशों के लिए जटिल ऑफशोर सपोर्ट वेसल, केबल-लेइंग जहाज, टैंकर और गश्ती नौकाएं बना चुकी है।

#### सौदा 4 से 6 माह में पूरा होगा

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी रक्षा शिपयार्ड कंपनी है। इसने कोलंबो डॉकयार्ड में कम से कम 51% हिस्सेदारी हासिल करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अधिग्रहण प्राथमिक पूंजी निवेश और द्वितीयक शेयर खरीद के संयोजन के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें जापान की ओनोमिची डॉकयार्ड कंपनी लिमिटेड से शेयरों की खरीद शामिल है, जो वर्तमान में सीडीपीएलसी की बहुसंख्यक हिस्सेदार है। यह सौदा नियामक अनुमोदन और अन्य सामान्य शर्तों के अधीन है, और इसके चार से छह महीने में पूरा होने की उम्मीद है। सौदे के पूरा होने पर, कोलंबो डॉकयार्ड भारत की एमडीएल की सहायक कंपनी बन जाएगी।

#### क्षेत्रीय समुद्री शक्ति वैश्विक शक्ति में बदलेगी

एमडीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कैप्टन जगमोहन ने बताया कि सीडीपीएलसी में नियंत्रण हिस्सेदारी का प्रस्तावित अधिग्रहण हमारे शिपयार्ड को एक क्षेत्रीय समुद्री शक्ति और आगे चलकर एक वैश्विक शिपबिल्डिंग कंपनी में बदलने की दिशा में एक 'गेटवे' है। कोलंबो पोर्ट पर सीडीपीएलसी की रणनीतिक स्थिति, इसकी सिद्ध क्षमताएं और क्षेत्रीय उपस्थिति, एमडीएल को दक्षिण एशिया में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगी।

खबर संक्षेप



## दीक्षा और वाणी जर्मन मास्टर्स में शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और वाणी कपूर यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। दीक्षा दूसरे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष पांच से संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी जबकि वाणी तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर इस पायदान पर पहुंची। टूर्नामेंट में भाग ले रही नौ भारतीयों में से वाणी और दीक्षा के अलावा सिर्फ अवनि प्रशांत ही कट में प्रवेश करने में सफल रही। अवनि एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक (74-76), स्नेहा सिंह (78-75), अमनदीप ड्राल (78-75), हिताशी बख्शी (79-81) और विधात्री उर्स (93-87) कट से चूक गईं जबकि नेहा त्रिपाठी पहले दौर के बाद रिटायर हो गईं थी।

## बांग्लादेश व पाकिस्तान की टी-20 सीरीज में 20 जुलाई से होगी भिड़ंत



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम को अगले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है, जिसके लिए कार्यक्रम की घोषणा की गई है। 20 जुलाई से टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। तीन मैचों की सीरीज के सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में ही खेले जाएंगे। बता दें कि यह दोनों देशों के बीच इस साल दूसरी टी-20 सीरीज है। 16 जुलाई को बांग्लादेश पहुंचेगी पाकिस्तानी टीम पीसीबी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान की पुरुष टीम अगले महीने 3 मैचों की द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में भाग लेने के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आज इसकी पुष्टि की। सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम 16 जुलाई को ढाका में पहुंचेगी, जिससे उन्हें रविवार 20 जुलाई को पहले टी-20 के साथ सीरीज की शुरुआत से पहले तैयारी के लिए कुछ दिन मिलेंगे।

## राही, मेहुली और नीरज राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में शीर्ष पर



**देहरादून।** ओलंपियन राही सरनोबत, मिश्रित टीम राइफल एशियाई चैंपियन मेहुली घोष और नौसेना के नीरज कुमार शनिवार को यहां राष्ट्रीय चयन निशानेबाजी ट्रायल तीन और चार के अपने फाइनल में शीर्ष पर रहे। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी4 फाइनल में 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने फाइनल में 40 हिट लगाए और महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल से छह अंक आगे रहीं जिन्होंने 34 अंक बनाए। हरियाणा की विभूति भाटिया ने 27 अंक बनाकर पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया। एयर राइफल में महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में मेहुली ने 253.6 अंक बनाकर टी4 फाइनल जीता। रेलवे की मेघना एम सज्जनार 253.1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सोनम उत्तम मास्कर 231.4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। नौसेना के नीरज रहे शीर्ष पर नौसेना के निशानेबाज नीरज ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) टी3 फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 463.9 अंक हासिल किए और स्टार खिलाड़ियों से सजे लाइन अप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# इन मैदानों पर भारतीय टीम को मिली सिर्फ हार, टेस्ट जीतना अब तक नामुमकिन


एजेंसी ▶▶ लीड्स

भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में हार मिली थी। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम दूसरे टेस्ट में 2 जुलाई से एजबेस्टन के मैदान पर अपनी चुनौती पेश करेगी। दिलचस्प रूप से भारत ने एजबेस्टन के मैदान पर अब तक कोई टेस्ट नहीं जीता है। इस बीच उन मैदानों के बारे में जानते हैं, जिनमें भारत ने कोई टेस्ट नहीं जीता (कम से कम 6 टेस्ट खेलने के बावजूद) है।

### ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर



भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 में टीम को हार मिली है। इस बीच 5 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 432 रन है। भारतीय टीम के यहां पर सबसे कम स्कोर 58 रन है। इस मैदान पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला था, जिसे मेजबान टीम ने जीता था।



### केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन

भारतीय टीम को ब्रिजटाउन का केंसिंग्टन ओवल मैदान बिलकुल भी रास नहीं आता है। इस मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम ने 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 7 में शिकस्त झेली है। इस बीच उनके 2 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च टीम स्कोर 347 रन है। भारतीय टीम के यहां पर सबसे कम स्कोर 81 रन है। इस मैदान पर भारत ने अपना आखिरी टेस्ट 2011 में खेला, जो ड्रॉ रहा था।



### एजबेस्टन, बर्मिंघम

भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट (1967-2022) खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे कम स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 में आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे थे।

### इन मैदानों पर भी नहीं जीत सकी भारतीय टीम

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भारत ने 7 टेस्ट खेले थे, जिसमें से 2 में टीम हारी और 7 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए थे। कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत की जीत का खाता नहीं खुल सका था। इस मैदान पर भारत ने 6 मैच खेले, जिसमें 3 में शिकस्त झेली और इतने ही मैच ड्रॉ रहे। गुयाना के बौर्डा स्टेडियम में भारत ने 6 टेस्ट खेले और सभी ड्रॉ रहे थे।

19.60 की औसत से की गेंदबाजी, 46 मैचों में चटकाए 210 विकेट

# टेस्ट क्रिकेट की गेंदबाजी औसत में बुमराह भारत के नंबर 1 खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज की असली ताकत उसके औसत से पहचानी जाती है। भारत ने इस खेल को कई नामी गेंदबाज दिए हैं, लेकिन जब बात सबसे कम औसत की होती है, तो सिर्फ आंकड़े बोलते हैं। अभी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। आइए इस बीच 200 से ज्यादा विकेट लेने वाले उन भारतीय गेंदबाजों पर नजर डालते हैं, जिनकी औसत सबसे शानदार है।

### जसप्रीत बुमराह

**(19.60 की औसत)**

पहले स्थान पर भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। साल 2018 में टेस्ट डेब्यू करने वाले इस गेंदबाज की औसत 19.60 की है। वे भारत के एकमात्र गेंदबाज हैं, जिन्होंने 200 से अधिक विकेट लिए हैं और जिनकी गेंदबाजी औसत 20 से कम है। बुमराह ने 46 मैचों की 88 पारियों में अब तक 210 विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने 14 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/27 का रहा है।



### मोहम्मद शमी (27.71 की औसत)

भारतीय टीम के एक और स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 64 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उनकी औसत 27.71 की रही है। उन्होंने 122 पारियों में 229 विकेट चटकाए हैं। शमी ने 6 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/56 का रहा है। अभी यह खिलाड़ी चोटिल होने के कारण टेस्ट टीम से बाहर चल रहा है।

### रविचंद्रन अश्विन

**(24 की औसत)**



टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके भारत के पूर्व अनुभवी स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के लिए 106 टेस्ट मैच खेले और इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत सिर्फ 24 की रही। अश्विन ने अपने करियर में 37 बार 5 विकेट हॉल लिए। उन्होंने 200 पारियों में कुल 537 विकेट प्राप्त किए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/59 का रहा। अश्विन ने पहला टेस्ट साल 2011 में और अंतिम टेस्ट 2024 में खेला था।

### रविंद्र जडेजा

**(24.59 की औसत)**

भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रविंद्र जडेजा इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अब तक 81 टेस्ट मैचों में भाग लिया है और उनकी गेंदबाजी औसत 24.59 की रही है। जडेजा ने 152 पारियों में कुल 324 विकेट प्राप्त किए हैं। उन्होंने 15 बार एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/42 का रहा है। इस खिलाड़ी ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2012 में खेला था।

क्रिकेट

# हेजलवुड के पांच विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन दिन में हराया



एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन

आस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज को 141 रन पर आउट करके पहला टेस्ट तीसरे दिन के भीतर ही 159 रन से जीत लिया। वेस्टइंडीज को कठिन पिच पर जीत के लिये 301 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन पूरी टीम 33.4 ओवर में आउट हो गई।

हेजलवुड ने 12 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट अगले बृहस्पतिवार से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में खेला जायेगा।वेस्टइंडीज ने आठ विकेट 86 रन पर ही गंवा दिये थे लेकिन हरफनमौला जस्टिन ग्रीवेस और दसवें नंबर के बल्लेबाज शामार जोसेफ ने नौवें विकेट के लिये 55 रन की साझेदारी की। ग्रीव्स 38 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि जोसेफ ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 44 रन की पारी खेली जिसमें चार छक्के शामिल थे।

### तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने दिखाया दम

आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 92 रन से आगे खेलना शुरू किया था। ट्रेविस हेड (61), ब्यू वेबस्टर (63) और एलेक्स कैरी (65) ने अर्धशतक लगाकर टीम को 310 रन तक पहुंचाया और उसे 300 रन की बढ़त मिली। इससे पहले आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 180 रन के जवाब में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाये थे।

### जूनियर हॉकी विश्व कप ड्रॉ में भारत, पाकिस्तान पूल बी में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** मेजबान भारत को शनिवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के पूल बी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है जिसका आयोजन इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में किया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ समारोह यहां एफआईएच मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस चरण में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।

# दूसरे टेस्ट में श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ कोलंबो में खेले गए टेस्ट सीरीज के दूसरा मैच को पारी और 78 रन से जीत लिया। चौथे दिन सिर्फ 28 मिनट में बचे हुए चार विकेट गिराकर श्रीलंका ने मैच पर कब्जा कर लिया और दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की।

इस जीत के साथ श्रीलंका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अहम अंक भी बटोर लिए। श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश का स्कोर 38.4 ओवर में 6 विकेट पर 115 रन था। चौथे दिन मेहमान टीम की नजर पारी से हार टालने पर थी लेकिन श्रीलंकाई स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने बांग्लादेश के किसी बैटर को टिकने नहीं दिया। चौथे दिन सिर्फ 34 गेंद में ही बांग्लादेश की दूसरी पारी सिमट गई। चौथे दिन पहले सेशन में ही 5.4 ओवर में ही श्रीलंका ने मैच और सीरीज दोनों जीत ली।



### मैच के हीरो रहे निसंका

मैच के हीरो रहे पाथुम निसंका, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज दोनों पुरस्कार मिले। उन्होंने इस टेस्ट में 158 रन की पारी खेली जबकि पहले टेस्ट में उन्होंने 187 रन बनाए थे।

### जयसूर्या ने चटकाए 5 विकेट

स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने चौथे दिन कमाल की गेंदबाजी की और 5 विकेट चटकाए। उन्होंने कुल 5/56 के आंकड़े के साथ मैच खत्म किया, जो टेस्ट क्रिकेट में उनका 12वां फाइव विकेट हॉल है। कोलंबो टेस्ट के चौथे दिन की तीसरी ही गेंद पर जयसूर्या ने लिटन दास को विकेट के पीछे कैच कराया। अगली ही ओवर में उन्होंने नईम हसन को बेवकूफ बनाकर कुसल मेंडिस से स्टंपिंग करा दी। विकेटकीपर कुसल मेंडिस पिछले दिन वह चोट के चलते मैदान पर नहीं थे।

## बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज की कप्तानी संभालेंगे चरिथ असलंका

**कोलंबो।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी 2 जुलाई से शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा की है। चरिथ असलंका की कप्तानी में श्रीलंका क्रिकेट टीम इस घरेलू सीरीज में अपनी चुनौती पेश करेगी। मिलन रथनायके का टीम में चयन किया गया है। लेकिन उनका खेल पाना फिटनेस पर निर्भर करेगा। वनडे सीरीज की शुरुआत 2 जुलाई को होने वाले मैच से होगी। इसके बाद दूसरा मैच 5 जुलाई को और तीसरा मैच 8 जुलाई को खेला जाएगा। श्रीलंकाई टीम में कुसल मेंडिस, अविष्का फर्नांडो और वनिंदु हसरंगा जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को चुना गया है। इस समय बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल कर रहे पथुम निसांका भी वनडे टीम में चुने गए हैं।

# विवाद के बावजूद कोको गॉफ सबालेंका का टिकटॉक डांस



**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन 2025 फाइनल में कांटे की टक्कर के बाद अब कोको गॉफ और आर्यना सबालेंका का एक नया और फ्रेंडली अवतार देखने को मिला। वर्ल्ड नंबर 1 और 2 की ये जोड़ी विंबलडन 2025 से पहले कोर्ट के बाहर एक साथ डांस करती नजर आई। दोनों ने साथ में एक मजेदार टिकटॉक वीडियो शूट किया, जिसे खुद सबालेंका ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। बता दें कि फ्रेंच ओपन 2025 फाइनल में हारने के बाद सबालेंका ने गॉफ के खिलाफ एक विवादास्पद बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोको गॉफ सिर्फ मेरी गलतियों की वजह से जीती।

जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला 14 से

# त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टी20 टीम घोषित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली त्रिकोणीय टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया है। मिचेल सैंटनर की कप्तानी वाली टीम में एडम मिल्ने और मैट हेनरी की वापसी हुई है। श्रीलंका के खिलाफ पिछली सीरीज में हिस्सा लेने वाले अनकैप्ड बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।

हालांकि, केन विलियमसन के लिए कोई जगह नहीं है। विलियमसन ने खुद को इस दौरे के लिए अनुपलब्ध बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वह वर्तमान में मिडिलसेक्स के साथ एक डील के तहत जुड़े हुए हैं, जिसमें इंग्लैंड में लंदन स्पिरिट के लिए खेलना भी शामिल है।



**ये प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं उपलब्ध**

टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में कई अहम खिलाड़ी नहीं हैं। तेज गेंदबाज बेन सीयर्स चोट के कारण बाहर हैं, जबकि लॉकी फर्ग्युसन और वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया है। काइल जैमीसन भी इस दौरे के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

**ऐसी है न्यूजीलैंड की टीम**

**न्यूजीलैंड की टीमः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउल्केस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, विल ओरुर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सेफर्ट और ईश सोढ़ी।

### टीम को लेकर बोले कोच रॉब वाल्टर

आगामी दौरे के साथ टीम के नए कोच रॉब वाल्टर के कार्यकाल की भी शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने अपने पहले दौरे के लिए उत्सुकता व्यक्त की। वाल्टर ने टीम पर भरोसा जताते हुए कहा, मुझे लगता है कि इस दौरे के लिए हमारे पास वास्तव में एक मजबूत टीम है और मैं टीम को एक साथ लाने और काम पर लगने के लिए उत्सुक हूं। हमारे पास टीम में कुछ अच्छे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं।

### 14 जुलाई से शुरू होगी त्रिकोणीय सीरीज

इस त्रिकोणीय सीरीज के सभी मैच हरारे में खेले जाएंगे। सीरीज का फाइनल 26 जुलाई को खेला जाएगा। 14 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका। 16 जुलाई, दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड। 18 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड। 20 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका। 22 जुलाई, न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका। 24 जुलाई, जिम्बाब्वे बनाम न्यूजीलैंड। 26 जुलाई, टीबीसी बनाम टीबीसी, फाइनल, हरारे स्पोर्ट्स क्लब।

# तन्वी, आयुष शेट्टी अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶ लोवा (अमेरिका)

भारत की प्रतिभाशाली खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सोलह वर्ष की तन्वी ने 33 मिनट के भीतर मलेशिया की ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी कारूपाथेवन लेतशाना को 21-13, 21-16 से हराया। आयुष ने जूनियर विश्व चैम्पियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया।

### पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकारूनन और रूबान कुमार आर को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चियांग चियेन और वेइ यू सुआन वि ने 21-9, 21-19 से मात दी। तन्वी का सामना अब यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा जबकि आयुष की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन से होगी।



# ‘आप जैसा कोई’ का पहला गाना ‘मिला तुझे’ जारी...

**मुंबई।** ‘केसरीः चैप्टर 2’ में वाहवाही लूटने के बाद अब आर माधवन जल्द ही फिल्म ‘आप जैसा कोई’ में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान विवेक सोनी ने संभाली है। इस फिल्म में माधवन के साथ फातिमा सना शेख नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने ‘आप जैसा कोई’ का पहला गाना ‘मिला तुझे’ जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने प्रतीक्षा श्रीवास्तव के साथ मिलकर गाया है। ‘मिला तुझे’ गाने में फातिमा और माधवन एक-दूजे के साथ इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया है।

## लाइफ Style



# रश्मिका
## नई फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बीते दिन रश्मिका ने अपनी नई फिल्म का ऐलान किया था, वहीं अब उन्होंने अपनी फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठा दिया है। रश्मिका की नई फिल्म का नाम ‘मैसा’ है। ‘मैसा’ से रश्मिका की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका रौद्र रूप दिख रहा है। खून से लथपथ रश्मिका हाथ में एक भाला लिए नजर आ रही हैं। ‘मैसा’ एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में देख पाएंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। फिल्म में रश्मिका बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान रवींद्र पुल्ले ने संभाली है।

रश्मिका ने लिखा, ‘मैं हमेशा आपको कुछ नया देने की कोशिश करती हूं... कुछ अलग... कुछ रोमांचक और यह उनमें से एक है। एक ऐसा किरदार, जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया... एक ऐसी दुनिया, जिसमें मैंने कभी कदम नहीं रखा और मेरा एक ऐसा रूप, जिससे मैं भी अब तक नहीं मिली थी। मैं घबराई हुई हूं। मैं सच में इंतजार नहीं कर सकती कि आप देखें कि हम क्या बनाने जा रहे हैं। यह तो बस शुरुआत है।’

रश्मिका मंदाना इन दिनों फिल्म ‘कुबेर’ में नजर आ रही हैं, जिसमें उनके काम को काफी सराहा जा जा रही है, वहीं बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म औसत कमाई कर रही है। आने वाले समय में रश्मिका कई बेहतरीन फिल्मों में अपनी अदाकारी का दमखम दिखाती नजर आएंगी।


## हॉलीवुड मसाला



# हेट्स ऑफ... 2 जुलाई को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा काफी समय से फिल्म ‘हेड्स ऑफ स्टेट’ को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी इस फिल्म के निर्देशन की कमान इल्या नाइशुलर ने संभाली है। प्रियंका के साथ इस फिल्म में जॉन सीना और इदरीस एल्बा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब आखिरकार ‘हेड्स ऑफ स्टेट’ की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। ‘हेड्स ऑफ स्टेट’ का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होने वाला है। इस फिल्म को आप 2 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो देख सकते हैं।

# नताशा-जेफ की शादी में शामिल होने वाली इकलौती भारतीय...



वीनस। अमेज़न के संस्थापक जेफ बेजोस और पत्रकार लॉरेन सांचेज़ इटली के वेनिस में शादी के बंधन में बंध चुके हैं। इस शादी में करीब 200 मेहमान शामिल हुए थे। शादी के लिए तीन दिनों के प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। इस शादी में वैसे तो दुनिया भर की तमाम नामचीन हस्तियां शामिल हुईं थीं मगर भारत से सिर्फ नताशा पूनावाला को ही आमंत्रित किया गया था। नताशा ‘सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया’ के सीईओ आदार पूनावाला की पत्नी हैं। बता दें कि नताशा एक जानी-मानी भारतीय बिजनेसवुमन, समाजसेविका और फैशन आइकन हैं। उनका जन्म 26 नवंबर, 1981 को पुणे में हुआ था। उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अपनी पढ़ाई पूरी की है। नताशा अक्सर अपने ग्लैमरस अंदाज और अंतरराष्ट्रीय फैशन कार्यक्रमों (मेट गाला और कान्स फिल्म फेस्टिवल ) में उपस्थिति के लिए चर्चा में रहती हैं। भारत की सबसे स्टाइलिश महिलाओं में उन्हें गिना जाता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार शादी में हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस समारोह में शामिल नहीं हुए, लेकिन उनकी बेटी इवांका ट्रम्प और उनके पति जेरेड कुशनर, जोश कुशनर और उनकी पत्नी, मॉडल कार्ली क्लॉस के साथ समारोह में शामिल हुए। इनके अलावा ओपरा विन्फ्रे, बैरी डीलर, ऑरलैंडो ब्लूम, लियोनार्डो डिकैप्रियो और संगीत कलाकार उशर और ज्वेल सभी उपस्थित थे। इसके अलावा, पूर्व एनएफएल क्वार्टरबैक टॉम ब्रैडी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन जैसे तकनीकी दिग्गजों को भी आमंत्रित किया गया था।

# राजा शिवाजी में दिखाएंगी अपना दमखम

**मुंबई।** अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रितेश देशमुख पिछले काफी समय से फिल्म ‘राजा शिवाजी’ को लेकर चर्चा में हैं। वह न सिर्फ इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं,बल्कि इसके निर्देशन की कमान भी संभाल रहे हैं।




फिल्म यूं तो मूल रूप से मराठी में बन रही है, लेकिन यह हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में भी रिलीज होगी। अब अभिनेत्री विद्या बालन इससे जुड़ गई हैं। फिल्म 1 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पिकंविला के मुताबिक, राजा शिवाजी की कास्ट और बड़ी हो गई है, क्योंकि रितेश और उनकी टीम ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विद्या बालन को फिल्म में शामिल कर दिया है। विद्या एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं, जो भारतीय इतिहास के सबसे दमदार अध्यायों में से एक की कहानी कहती है।



# द फैमिली मैन-3 का हुआ ऐलान...

**मुंबई।** काफी समय से वेब सीरीज ‘द फैमिली मैन’ के तीसरे सीजन का इंतजार किया जा रहा है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों की उत्सकुत तब और बढ़ गई, जब पिछले दिनों अभिनेता मनोज बाजपेयी की पहली झलक सामने आई। अब आखिरकार तीसरे सीजन ‘द फैमिली मैन 3’ का आधिकारिक रूप से ऐलान हो गया है। इसका पहला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नए सीजन में जयदीप अहलावत और अभिनेत्री निमरत कौर की एंट्री हुई है। निर्माताओं ने जो वीडियो साझा किया है, उसमें मनोज के साथ-साथ जयदीप और निमरत की झलक भी दिखाई गई है। जयदीप नए सीजन में विलेन बने हैं, जो मनोज से दो-दो हाथ करते दिखेंगे। हालांकि, सिर्फ जयदीप ही नहीं, बल्कि मनोज का सामना निमरत से भी होने वाला है। मतलब श्रीकांत तिवारी के 2 दुश्मन होंगे। प्रियामणि और शारिब हाशमी भी इसका हिस्सा होंगे।

## टीवी मसाला



# ‘तारक मेहता’ बना नंबर 1 शो क्यों पीछे रह गया अनुपमा...

**मुंबई।** टेलीविजन शोज की दुनिया में ये हफ्ता ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ के नाम रहा। ये शो पिछले दो हफ्तों से टॉप 4 में बना हुआ था। इस वीक ‘तारक मेहता’ ने ‘अनुपमा’ शो को पछाड़ नंबर वन की पोजिशन पर कब्जा जमाया। पिछले चार साल से ‘अनुपमा’ टीवी का नंबर वन शो बना हुआ था लेकिन अब शो की बादशाहत छिन गई है। दर्शकों ने ‘तारक मेहता’ को इतना प्यार दिया कि वो टेलीविजन का नंबर वन शो बन गया।आखिर रुपाली गांगुली के शो में ऐसी क्या कमी रह गई, जो दर्शकों ने ‘अनुपमा’ को दूसरे नंबर पर खिसका दिया। आइए जानते हैं कि शो की टीआरपी गिरने की वजह क्या हो सकती है।

***किन वजहों से ‘अनुपमा’ बना नंबर 2 शो :*** ‘अनुपमा’ शो 2020 में शुरू हुआ था, तब से लेकर अब तक ये सीरियल नंबर वन बना हुआ था। इतने सालों में शो में कई ट्विस्ट और टर्न आए, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया लेकिन अब दर्शक शो के घिसे-पिटे ट्रैक से बोर हो चुके हैं। एक तरफ जहां लोगों की जिंदगी आगे बढ़ रही है। वहीं अनुपमा का रोना-धोना बंद नहीं हो रहा है।

***नए कलाकारों में नहीं दिखा पुरानों जैसा दम :*** अनुपमा की जिंदगी का स्ट्रगल जारी है। अनुपमा के बच्चों को अब तक उस पर भरोसा नहीं है। जब भी अनुपमा कुछ अच्छा करने चलती है, उसका एक नई मुसीबत से सामना हो जाता है। जिसकी वजह वो चाहकर भी अपने आंसू नहीं रोक पाती। अनुज कपाड़िया संग भी अनुपमा का रिश्ता उतार-चढ़ाव भरा रहा। एक बार फिर अनुपमा का अनुज के लिए प्यार दिखा। अनुपमा को बचाने के लिए शो में नए किरदारों की भी एंट्री हुई, लेकिन किसी में भी पुराने कलाकारों जैसा चर्मा नहीं दिखा।

### पारिवारिक शो में केवल क्लेश दिखा रहे

अनुपमा सालों से अपनी जिंदगी में इतनी उलझी हुई कि खुशियां चाहकर भी उसके करीब नहीं आ पाती। कहने को अनुपमा पारिवारिक शो है, लेकिन परिवार के प्यार के नाम पर शो में सिर्फ और सिर्फ कलेश दिखाया जा रहा है। कहानी घूम फिरकर अनुपमा के संघर्ष और उसके आंसुओं पर टिकी हुई है, जिससे दर्शक अब पूरी तरह पक चुके हैं। शुक्र है कि शो नंबर 2 पर है, लेकिन अगर ‘अनुपमा’ में इस तरह रोना-धोना चालू रहा, तो ये शो टीआरपी लिस्ट से भी बाहर जा सकता है।

### ‘तारक मेहता’ ने कैसे मारी बाजी?

कुछ दिनों से ‘तारक मेहता’ शो में हॉरर सीक्वेंस चल रहा है। शो में भूतनी वाले ट्रैक को काफी पसंद किया जा रहा है। भूतनी का रोल एक्ट्रेस स्वाति शर्मा प्ले कर रही हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद कर रहे हैं। शो के मेकर्स ने इसे सोशल मीडिया पर भी खूब प्रमोट किया। जो दर्शक ‘तारक मेहता’ से दूर जा रहे थे, वो नए ट्रैक की वजह से शो में वापस लौट आए। टेलीविजन शोज के फैन्स ने ‘अनुपमा’ के आंसुओं की जगह ‘तारक मेहता’ की भूतनी को देखना पसंद किया।

**Bright Future.Com Skills Pvt. Ltd.**

Add.:- 17 Raja S C Mallick Road, Baghajatin, Kolkata, West Bengal-700086

**RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS (On Contractual Basis)**

Allotted District:- Tikamgarh, Sagar, Jabalpur, Dhar, Alirajpur, Guna, Raisen, Mandla, Panna, Seoni, Damoh,

| Trade | Qualification |
|---|---|
| Apparel | Post-graduation in Textile and Clothing or a Relevant area from a recognized Institute /University, with at least 1 year of work/teaching experience in Textile and clothing. |

Note:In case a candidate with the above qualification is not available then qualification may be relaxed to- 1. Graduate in Apparel made-ups/Fashion technology (at least 50% marks with one year experience) 2. Diploma in Apparel made ups/Fashion technology (at least 50% marks with one year of experience) 3. Graduate in any discipline (at least 50% marks) with ITI one year certificate in sewing machine operator (with one year experience)

Minimum Competency: 1. Effective communication skills (oral and written) 2. Basic computing skills.

Pre-Requisite: Age Limit-18-37 years (As on 01.01.2025)

Apply on- https://forms.gle/zPpq3UBW6AYk7VQaA

Mail id - bfcss.mp@gmail.com Last Date to apply: 08.07.2025

**Gross Honorarium 20,000/- Per month**

Note:- All the candidates are informed that under Vocational Education, candidates do not get trapped under in any unfair activity or fraud for selection. Don't fall prey to anyone asking for money to get a job. This is completely illegal and unacceptable. The process will be conducted with transparency and fairness. Please avoid any fraud or misinformation and have faith in yourself. If you get information about any such person or activity, inform immediately. Your success depends only on your hard work and ability.

For Queries VTP Contact No - 7697971795, 9609601807







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930